आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 357 | उज्जैन, शुक्रवार 09 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 6 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### टीएमसी आईटी सेल इंचार्ज के घर-ऑफिस पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म के ऑफिस और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की। प्रतीक ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। पश्चिम बंगाल में कोलकाता समेत 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई। कोलकाता में प्रतीक छापेमारी के दौरान घर पर ही मौजूद रहे। यह कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11.30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी।

### वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश का निधन

**पटना।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश का 49 साल की उम्र में निधन हो गया। अग्निवेश अमेरिका में स्कीइंग के दौरान घायल हो गए थे। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए न्यूयॉर्क के माउंट सिनाई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 7 जनवरी को अस्पताल में ही उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया। पिता अनिल अग्रवाल ने रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। अनिल अग्रवाल ने लिखा हमें लगा था कि बुरा वक्त बीत चुका है। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। अचानक आए कार्डियक अरेस्ट ने हमारे बेटे को हमसे छीन लिया। उन्होंने अपने बेटे को याद करते हुए लिखा कि यह उनके जीवन का सबसे कठिन और अंधकारमय दिन है।

### बठिंडा कोर्ट से कंगना रनोट को झटका



**किसान अंदोलन मानहानि केस: 15 जनवरी को पेश न होने पर जारी होगा गिरफ्तारी वारंट**

**बठिंडा।** फिल्म अभिनेत्री और सांसद कंगना रनोट की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बठिंडा की एक अदालत ने मानहानि मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कंगना को 15 जनवरी को हर हाल में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। कांगना की ओर से कोर्ट से व्यक्तिगत रूप से पेश न होने के छूट मांगी गई थी।

**अदालत का कड़ा रुख:** बुजुर्ग महिला महिंदर कौर के वकील रघुबीर सिंह बहनीवाल ने जानकारी दी कि अदालत ने कंगना के वकील द्वारा दायर 'पेशी से छूट' की अर्जी को सिरे से खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट आदेश जारी किया है कि यदि कंगना रनौत आगामी 15 जनवरी को कोर्ट में उपस्थित नहीं होती हैं, तो उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाएगा और उनका बेल ऑर्डर (जमानत) भी रद्द कर दिया जाएगा। यह विवाद दिल्ली की सीमाओं पर हुए किसान आंदोलन के समय शुरू हुआ था। बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया की रहने वाली बुजुर्ग महिला महिंदर कौर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि कंगना ने सोशल मीडिया पर महिंदर कौर की फोटो साझा करते हुए टिप्पणी की थी कि ऐसी महिलाएं धरने पर 100-100 रुपए लेकर आती हैं। कंगना ने इस मामले को रद्द करवाने के लिए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका को अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद अब उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश होना ही होगा।

### तेलंगाना में पेड़ से टकराई एसयूवी 4 छात्रों की मौत, एक गंभीर घायल

**रंगारेड्डी।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मिर्जागुडा इलाके में तेज रफ्तार एसयूवी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि कार में सवार चार छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। यह दुर्घटना रंगारेड्डी जिले के मोकिला पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई। हादसे के बाद सामने आए वीडियो में दुर्घटना की भयावहता साफ नजर आ रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और वाहन का ढांचा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। माना जा रहा है कि इसी वजह से कार में सवार चार छात्रों की जान नहीं बच सकी।

### फाइनेंसर ने पत्नी और 2 मासूम बेटियों को गोली मारकर खुद को उड़ाया

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शहर के हरमन नगर इलाके में एक हंसते-खेलते परिवार का बेहद दर्दनाक अंत हो गया। यहां रहने वाले फाइनेंसर और सैलून मालिक माही सोढ़ी (अमनदीप सिंह) ने अपनी पत्नी और दो मासूम बेटियों की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वारदात का खुलासा तब हुआ, जब सुबह घर में काम करने वाली सफाई कर्मचारी पहुंची। उसने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया और आवाजें दीं, लेकिन अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। घबराकर उसने ऊपर की मंजिल पर रहने वाले किराएदार को सूचित किया।

## दिग्विजय ने सोशल मीडिया पर लिखा- इंदौर में हुई मौतों की जांच हाईकोर्ट जज से कराएं

# प्रभारी मुख्यमंत्री से कोई सवाल क्यों नहीं पूछ रहा : पूर्व सीएम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से 20 लोगों की मौत के मामले ने अब सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के फेसबुक पोस्ट और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के पत्र ने सरकार और प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है। कांग्रेस ने इसे सिर्फ प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संस्थागत अपराध करार दिया है।

दिग्विजय सिंह ने भावुक लेकिन सख्त शब्दों में लिखा कि इंदौर उनका बचपन का शहर है, राज्य की आर्थिक राजधानी है और देश का सबसे स्वच्छ शहर भी। ऐसे शहर में गंदा पानी पीने से 20 मौतें होना शहर के माथे पर कलंक है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब तक मौतों का आंकड़ा 2 से 4 रहा, तब तक सिस्टम सोता रहा। जैसे ही मौतें बढ़ीं, जिम्मेदारी की टोपी एक-दूसरे को पहनाई जाने लगी। मंत्री अफसरों पर, अफसर मेयर पर और मेयर व्यवस्था पर दोष डालते रहे।

### सीएम हर दूसरे दिन इंदौर आते है, लेकिन चुप क्यों?



दिग्विजय सिंह ने सीधा सवाल किया कि मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश (प्रभारी मुख्यमंत्री) हर दूसरे दिन इंदौर आते हैं, लेकिन सिर्फ मुआवजा देकर चुप क्यों हो गए? उन्होंने कहा कुछ ट्रांसफर और मुआवजे से न तो जान लौटती है और न ही शहर का कलंक धुलता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की है कि पूरे मामले की न्यायिक जांच हो। हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराई जाए। पब्लिक हियरिंग हो। दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दी जाए। दिग्विजय का कहना है कि गलतियों पर पर्दा डालना नहीं, जिम्मेदारी तय करना ही इंसाफ है।

### पटवारी का पत्र- सिस्टम फेल, जवाबदेही तय हो

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले में इंदौर की जनता के नाम पत्र लिखकर इसे प्रशासनिक लापरवाही नहीं, शासन की विफलता बताया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए दुनिया में पहचान रखने वाला इंदौर आज जहरीले पानी से मौतों के कारण शर्मिंदगी का कारण बन गया है।

### पवन खेड़ा बोले: इंदौर में मौतें हो रहीं, सीएम गाना गा रहे

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



कांग्रेस मीडिया एंड कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के प्रमुख पवन खेड़ा ने इंदौर में दूषित पेयजल से हुई 18 मौतों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खेड़ा ने कहा कि मध्य प्रदेश वह राज्य है, जहां लंबे समय से भाजपा का शासन है और उसी दौर में इंदौर को स्वच्छ भारत अभियान में लगभग आठ बार पहला स्थान मिला। आज उसी नंबर-वन शहर में लोग गंदा पानी पीकर मर रहे हैं। यह सरकार के नारों और दावों की पूरी पोल खोल देता है। पवन खेड़ा ने कहा कि क्लीन सिटी इंदौर, स्मार्ट सिटी इंदौर और हर घर जल योजना तीनों के दावों का सच इंदौर में सामने आ गया है। हर घर पाइप्ड वॉटर योजना के तहत पाइपलाइन बदलने के ठेके का अप्रूवल जुलाई 2022 में मिल चुका था। सिर्फ कंपनी फाइनल होनी थी, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अधिकारी और सरकार कमीशन तय होने का इंतजार कर रहे थे, इसलिए लोगों की जान दांव पर लगा दी गई? खेड़ा ने कहा कि यह सिर्फ इंदौर की कहानी नहीं है। गुजरात के गांधीनगर जहां से अमित शाह आते हैं, वहां टाइफाइड फैल रहा है, लेकिन इस पर टीवी डिबेट नहीं होती। दिल्ली की मिसाल देते हुए उन्होंने कहा कि पहले पानी पीला था, अब काला हो गया है। पूरे देश में हवा में जहर, पानी में जहर, दवाइयों, कफ सिरप और खाने-पीने की चीजों में मिलावट है। अगर कुछ कसर बची है, तो वह भाजपा नेताओं की जुबान में जहर से पूरी हो जाती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, यही है भाजपा का अमृत काल।

### नेता प्रतिपक्ष बोले- इंदौर के आठ बार स्वच्छता अवॉर्ड पर संदेह

इंदौर की घटना को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बड़ा खुलासा किया है। सिंघार ने बुधवार को देश के सबसे साफ शहर इंदौर का वाटर ऑडिट किया था। इस दौरान पानी की हकीकत पर बनी शॉर्ट फिल्म का आज प्रदर्शन किया गया। सिंघार ने कहा कि इंदौर की घटना की जिम्मेदार जवाबदारी लेने को तैयार नहीं हैं। सरकार की नाकामियों ने मां नर्मदा को भी दूषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश में हिंदू-मुस्लिम का माहौल बनाकर मुद्दे से भटकाते हैं। इंदौर को 8 बार स्वच्छता के लिए अवॉर्ड मिला इसमें भी गड़बड़ है। कागजों की गड़बड़ी की गई है, मैं जिम्मेदारी से कह सकता हूं इसमें फर्जीवाड़ा हुआ है। प्रशासन की निष्पक्षता ने दम तोड़ दिया, कांग्रेस के नेताओं को पीड़ितों से मिलने से रोका गया। सरकार मौतों के आंकड़े छुपाना चाहती है, क्या मुआवजा राशि छुपाना चाहते हैं?

#### पटवारी ने पत्र में मांग की

- पूरे जल सप्लाई सिस्टम का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए।
- दोषी अफसरों और जिम्मेदार एजेंसियों पर आपराधिक कार्रवाई की जाए।
- पीड़ित परिवारों को सिर्फ मुआवजा नहीं, न्याय की गारंटी दी जाए।

# भारत पर 500% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

## रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है।




### अमेरिका 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से बाहर निकलेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है। द गार्डियन के मुताबिक इसमें 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस और स्टेट डिपार्टमेंट के अनुसार ये संगठन अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। इनमें पैसों की बर्बादी होती है। इसके अलावा ये गैरजरूरी या खराब तरीके से चलाए जा रहे हैं। इस कदम को ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जो वैश्विक संस्थाओं से दूरी बनाने पर जोर देती है। अमेरिका भारत की पहल से बने संगठन इंटरनेशनल सोलर अलायंस को भी छोड़ रहा है। इसे 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन फ्रेंच राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने पेरिस जलवायु सम्मेलन में शुरू किया था।

### क्या है सेंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025

इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिंग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है। इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं। मतलब साफ है जो देश भी रूस के साथ घुमावदार रास्ते से कारोबार करेगा, वह भी अमेरिकी कार्रवाई की जद में आ सकता है।

## चांदी 12 हजार गिरकर 2.36 लाख किलो पर आई

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

सोने-चांदी के दाम में 8 जनवरी को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का दाम 1,232 रुपए गिरकर 1,35,443 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,36,675 रुपए पर था।

वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 1,22,25 रुपए कम होकर 2,35,775 रुपए पर आ गई है। इससे पहले कल ये 2,48,000 रुपए पर थी, जो इसका ऑल टाइम हाई भी है। सोने-चांदी में प्रॉफिट बुक कर रहे निवेशक केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी के रेट कल ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे ऐसे में कई निवेशक प्रॉफिट बुक कर रहे हैं। इससे आज चांदी के दाम में बढ़ी गिरावट है।

## बेंगलुरु-विजयवाड़ा एक्सप्रेसवे पर 24 घंटे में 29 किमी सड़क बनी

### 10,675 मीट्रिक टन डामर बिछाया गया एनएचएआई ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए



**एजेंसी ▸▸ विजयवाड़ा**

एनएचएआई ने आंध्र प्रदेश में बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा इकोनॉमिक कॉरिडोर पर दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। राजपथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने 24 घंटे में 28.95 (14.5 किमी डबललेन) किलोमीटर सड़क बिछाई। इसी के साथ 10,675 मीट्रिक टन बिटुमिनस कंक्रीट (डामर) डाला।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सोशल मीडिया एक्स पर इसको लेकर पोस्ट किया। सीएम ने इसे भारत और आंध्र के लिए गर्व का पल बताया। यह प्रोजेक्ट भारतमाला फेज-2 के तहत शुरू हुआ था। इसमें ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड दोनों तरह की सड़कें बन रही हैं। इससे इस रूट पर सफर करने वालों को भीड़भाड़ वाले शहरों और पुराने हाईवे पर नहीं जाना पड़ेगा।

## जनगणना 2027-पहला फेज 1 अप्रैल से सितंबर के बीच होगा, घरों की लिस्टिंग और डेटा जुटाएंगे

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। इसकी शुरूआत घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इकट्ठा करने से होगी। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे।

एमएचए ने बुधवार को नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि 1 अप्रैल से देशभर में सभी मकानों और परिवारों की लिस्ट बनाई जाएगी। साथ ही परिवारों की अन्य जानकारी भी इकट्ठी की जाएगी, ताकि जनसंख्या गिनने की मजबूत तैयारी हो सके। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था, जो अब 2027 में पूरी होगी। सरकार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये एप एंड्रोयड और आईओएस दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी।

# महिदपुर में दो पागल कुत्तों ने 56 व्यक्तियों को काटा

## अस्पताल में सभी का इलाज, नपा ने आवारा कुत्ते पकड़ने का अभियान चलाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर**





बुधवार को दोपहर से शाम 8 बजे तक नगरी के टेन्शन चैराहा, तेहसील कार्यालय के बाहर, पुरानी कोर्ट, कन्या शाला के पास, किर्तन्या बाखल में 2 पागल कुत्तों ने 56 व्यक्तियों को काटा जिनमें बुजुर्ग, महिला व बच्चे शरीक थे। पागल कुत्तों के काटने की खबर से नगर में दहशत फैल गई। कुत्तों से काटे मरीजों को अस्पताल में इलाज किया गया। रात्रि तक शा. चिकित्सालय में 56 पीड़ितों का इलाज हुआ। घटना के बाद न.पा. की टीम स्वास्थ्य निरीक्षक उमेश दावरे के नेतृत्व में सक्रिय हुई और पागल कुत्तों को पकड़ लिया और उन दोनों की मौत हो गई। गुरुवार को भी न.पा. टीम ने कुत्तों को पकड़ने का कार्य किया। न.पा. के मुख्य न.पा. अधिकारी राजा यादव ने बताया कि पागल कुत्तों के मारे जाने व कुत्ता पकड़ने के अभियान से नागरिकों में भय कम हुआ है। आवारा कुत्तें पकड़ने का अभियान सतत जारी है। शा. चिकित्सालय के अधिकारी डॉ. एम.एस.रामपुरे ने बताा कि पीड़ित मरीजों को रैबीज इन्जेक्शन लगाये गये हैं। 56 पीड़ितों के उपचार के बाद जिला प्रशासन के सहयोग से कुत्ते काटने के लगने वाले इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में चिकित्सालय में उपलब्ध हैं।

## मध्य प्रदेश के रीवा जिला अदालत में बम होने की खबर फैलने से हड़कंप मच गया

# वकीलों और कर्मचारियों में अफरातफरी, पुलिस ने परिसर खाली कराया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रीवा**

मध्य प्रदेश के रीवा जिला अदालत में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां भवन परिसर में बम होने की खबर फैल गई। कोर्ट परिसर में बम होने की सूचना फैलते ही अंदर मौजूद लोग घबरा गए। हालात ये रहे कि, परिसर में मौजूद वकीलों, कर्मचारियों, पैशी पर आए आरोपियों के साथ-साथ न्यायाधीश तक भवन के बाहर निकले। फिलहाल, इस घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी गई।

जिला न्यायालय के नए भवन परिसर में बम की खबर फैलते ही वकीलों के साथ न्यायाधीश और परिसर के कर्मचारी तक दौड़कर भवन से बाहर निकल आए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। रीवा कोर्ट के आधिकारिक मेल आईडी पर आए धमकी भरे मेल पर तमिलनाडु के प्रकरण में कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही, दोपहर 02.35 बजे के पहले परिसर खाली कराने के लिए कहा गया है। धमकी में कहा गया है कि, अगर निर्धारित समय तक वकील और जज बाहर नहीं निकले तो वो अपने आप फट जाएंगे। धमकी में आत्मघाती बम होने की सूचना दी गई है।



### सुनवाई पर लगी रोक

सुबह जैसे ही न्यायालय का कामकाज शुरू हुआ, उसी समय पता चला कि कोई ई-मेल आया, जिसमें कोर्ट परिसर में बम होने की खबर दी गई। सबसे पहले इसकी सूचना कोर्ट के न्यायाधीशों को दी गई। इसके बाद एहतियात के तौर पर कोर्ट में सुनवाई की प्रक्रिया रोक दी गई और सभी अधिवक्ताओं और पक्षकारों को भी इस संबंध में सूचित किया गया। देखते ही देखते पूरा परिसर खाली हो गया। सभी न्यायाधीश, कर्मचारी, वकील एवं पक्षकार बाहर निकल आए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पुलिस और बम रोधक अमला पहुंचा।

### खाली कराया पूरा परिसर

हालांकि, इस तरह की सूचनाएं सामान्य तौर पर फेक होती हैं लेकिन किसी भी खतरे को लेकर लापरवाही के बजाए सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस ने परिसर से सभी को सुरक्षित बाहर निकालकर मामले की जांच शुरू की है।

### अधिकारी, भारी बल के साथ मौके पर पहुंचे

बता दें कि, रीवा का नया कोर्ट परिसर काफी बड़ा है, इस कारण उसकी पूरी जांच करने में भी समय लगेगा। इस वजह से शहर के कई थानों का पुलिस बल बुलाया गया है। मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंच गए हैं। फिलहाल, पुलिस और बम रोधक अमला परिसर की छानबीन में जुटा हुआ है।

### बिहार-पटना समेत राज्य की कई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी ▸▸ पटना**

बिहार की न्याय व्यवस्था और सुरक्षा एजेंसियों में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा ईमेल के जरिए भेजी गई इस धमकी में कोर्ट परिसरों में आरडीएक्स और आईईडी प्लांट करने का दावा किया गया है। धमकी मिलने के तुरंत बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटना, दानापुर, गया और किशनगंज कोर्ट परिसरों को खाली करा लिया है। राजधानी पटना के सिविल कोर्ट में जैसे ही बम की सूचना मिली, वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। जिला जज ने तत्काल प्रभाव से एक आदेश जारी करते हुए डीबीए के सभी सदस्यों, वकीलों और वादी-प्रतिवादियों को कोर्ट परिसर खाली करने का निर्देश दिया। आदेश में स्पष्ट किया गया कि ईमेल के जरिए तीन आरडीएक्स-आईईडी के माध्यम से कोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई है। सूचना मिलते ही पीरबहोर थाने की पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंच गई है और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है। इसी तरह दानापुर व्यवहार न्यायालय को भी खाली कराया गया है, जिससे अदालती कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## लापरवाही हुई पर नजरअंदाज की गई है...

खुसूर फुसूर

पास के शहर में अशुद्ध पानी ने एक ऐसी कहानी लिख दी है जिसे आमजन वर्षों नहीं भूल पाएंगे। कुछ घरों में तो इस अशुद्ध पानी ने घर की रीढ ही तोड कर रख दी है सालों उस छत के नीचे रहने वाले इससे उबर नहीं पाएंगे। पडोसी का धर्म तो यहां भी निभाते हुए लापरवाही तो हुई पर उसे नजरअंदाज की गई है। शहर में मानसून काल के बाद नियमानुसार टंकियों की सफाई हर हाल में 15 अक्टूबर तक की जाना चाहिए थी लेकिन 3 माह में टंकी सफाई का दावा करने वालों ने ऐसा नहीं किया और वषार्काल की गाद टंकियों में जमा रही। इस दौरान इस गाद से ही पानी निकलकर घरों तक पहुंचता रहा। लोग बराबर उस पानी को पीते रहे। टंकी की सफाई वषार्काल के बाद करने का सिस्टम भी है और निर्देश भी हैं लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता है। वषार्काल के दौरान टंकियों में गाद जमा होना आम बात है। वषार्काल में टंकियों को भरने के दौरान पानी के साथ ही यह आती है और टंकियों में जमती चली जाती है। धीरे-धीरे इसकी मात्रा अच्छी खासी हो जाती है। 4 माह के वषार्काल के बाद टंकियों की सफाई प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश काफी पुराने हैं। इसके बाद भी इसका पालन नहीं किया जाता है। यही स्थिति वर्तमान में टंकियों की सफाई में सामने आ रही है। खैर देर आयद दुरूस्त आयद की तर्ज पर 2 सम्पवेल एवं 25 टंकियों की सफाई अभी की गई है। वैसे शहर में 44 हैं और इनमें से 2-3 यदाकदा ही भरी जाती है। खुसूर-फुसूर है कि लापरवाही तो हुई है ये बात अलग है कि उसे नजरअंदाज कर दिया गया है। इस मामले में जांच तो होना ही चाहिए एवं कडे निर्देश भी होना चाहिए । साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए की भविष्य में लापरवाही के तमाम कामों से बचा जाए और आमजन से जुडे मामलों में पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम किए जाने की हिदायत तो मिलना ही चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने रखा उज्जैन में राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन कराने का प्रस्ताव

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के हथकरघा, सिल्क और पारंपरिक वस्त्रों को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने का रास्ता खुल सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुवाहाटी में गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास की धुरी मानते हुए आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में उन्होंने प्रस्ताव रखा कि अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित किया जाए, ताकि प्रदेश की टैक्सटाइल विरासत और निवेश संभावनाओं को राष्ट्रीयझअंतरराष्ट्रीय मंच मिल सके।

**एमपी में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, सिल्क सेक्टर में हो रहा काम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वस्त्र उद्योग विरासत के संरक्षण के साथ आधुनिक तकनीक और नवाचार की ओर अग्रसर है। मध्य प्रदेश में हैंडलूम, हैंडिक्रॉफ्ट, सिल्क और ऑर्गेनिक कॉटन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। सरकार का फोकस इन उत्पादों को सिर्फ घरेलू बाजार तक सीमित रखने का नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट से जोड़ने का है।

**आवश्यकता है**

(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

### सीवरेज मिल रही लाईन को पीएचई ने काटा, पीडब्ल्यूडी की अनदेखी, सीएम हेल्प लाईन पर गुमराह करने वाली जानकारी दे रहे, तोडे गए चेंबर को बनाने की बजाय ओव्हरफ्लो बता रहे

# मुनीनगर शासकीय आवास में थी भागीरथपुरा की पुनरार्वृत्ति की तैयारी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुनीनगर शासकीय आवास में भागीरथपुर की पुनरार्वृत्ति की तैयारी थी। सीएम हेल्पलाईन पर हुई शिकायत के आधार पर यहां पहुंचे पीएचई के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझा और तत्काल ही अपनी लाईन डिस्कनेक्ट कर दी जिससे मामला आगे नहीं बढ सका है। मूल रूप से लोक निर्माण विभाग के कारण यह हालात बने हैं,जिसे सुधारने को लेकर अनदेखी की जा रही है। इस समस्या का जनक भी लोक निर्माण विभाग रहा है और अब वह हेल्प लाईन को ही गुमराह कर रहा है।

मामला मुनीनगर के शासकीय आवास का है। यहां रहने वाले शासकीय कर्मियों के परिवार हाई रिस्क पर हैं। यहां करीब 50 से अधिक परिवार निवास करते हैं और सिवर लाईन का चेंबर तोडे जाने के बाद यहां पानी की समस्या उत्पन्न हुई। मामले की शिकायत सीएम हेल्प लाईन में होने पर लोक निर्माण विभाग चेंबर को रिपेयर करने की बजाय सीएम हेल्प लाईन में गुमराह करने वाला जवाब देकर शिकायत को बंद करवाने में लगा है।

### ये हैं मामला

मुनीनगर शासकीय आवास के पीछे सिवर लाईन का चेंबर है। उसे एक माह पूर्व यहां संधारण का काम देखने वाले लोक निर्माण विभाग के सफाईकर्मी ने तोडा था। पास से ही पीएचई की पानी की लाईन जा रही है। तोडे गए चेंबर से कुछ ही दिनों में सिवर की गंदगी निकल कर बाहर बह निकली और पीएचई की लाईन के आसपास जमा हो गई । गंदगी और बदबू से परेशान क्षेत्रीय शासकीय कर्मचारी ने इसकी शिकायत पहले स्थानीय स्तर पर यहां संधारण का काम देखने वाले कर्मचारी को की थी। निदान नहीं होने पर इसकी शिकायत 21 दिसंबर ,30 दिसंबर 25 एवं 7जनवरी 26को किए जाने एवं शिकायत पर कार्रवाई की जानकारी लेने पर लोक निम्रण विभाग के गुमराह करने वाली कार्रवाई खुलकर सामने आई हैं।

### तोडे गए चेंबर को ओव्हर फ्लो बता रहे

सीएम हेल्प लाईन पर शिकायत की अद्यतन जानकारी लेने पर शिकायतकर्ता को बताया गया कि लोक निर्माण विभाग का सफाईकर्मी नहीं है। विभागीय रूप से कर्मचारियों की भर्ती नहीं होने से कमी बनी हुई है। चेंबर ओव्हर फ्लो होने से सफाई की समस्या है। इसके चलते शिकायत को बंद किया जाए, जबकि शिकायतकर्ता ने साफ तौर पर बताया था कि चेंबर के टूटने से सिवर की गंदगी बाहर आ रही है। इसमें चेंबर का संधारण कार्य किया जाना है ।





### पीएचई ने एक लाईन बंद की

सीएम हेल्प लाईन पर हुई शिकायत के बाद स्थल पर पीएचई के अधिकारी हाल ही में पहुंचे थे। उन्होंने हालात को देखते हुए एवं आसपास के घरों के पानी की स्थिति को देखते हुए यहां एक लाईन से सप्लाय बंद करने का निर्णय लिया और संबंधित आवासों में रहने वालों को सामने की दुसरी लाईन से कनेक्शन लेने के लिए निर्देशित किया है।

### कांग्रेस पार्षद दल पहुंचा गउघाट वाटर फिल्टर प्लांट, प्लांट पर क्विंटलों से काई जमी

# पानी को शुध्द करने का प्लांट ही स्वच्छ नहीं

- नगर निगम बोर्ड शहरवासियों को पिला रहा गंदा पानी,
- 16 बिंदुओं की अपेक्षा 8 पर ही कर रहे जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर में भागीरथ पुरा में अशुद्ध पानी से हुई घटना के बाद उज्जैन नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल ने गुरूवार को यहां गऊघाट वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया है। इस दौरान प्लांट पर क्विंटलों काई जमा होने ,अशुद्ध स्थिति के साथ पानी की 16 बिंदुओं में से 8 पर ही जांच किए जाने और शहर वासियों को भाजपा बोर्ड द्वारा गंदा पानी पिलाने का आरोप कांग्रेस पार्षद दल की और से लगाया गया है।

इंदौर की दुखद घटना, कई लोगों की मौत, कईयों के जलप्रदाय से प्रभावित होने के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने पीएचई को अलर्ट मोड़ पर किया है, विशेषकर पीएचई विभाग को आदेशित किया है, कि किसी भी स्थिति में गंदा पानी सप्लाय न हो। लेकिन इस सबके बावजूद मुख्यमंत्री के गृहनगर उज्जैन में ही शहर की 7 लाख जनता को पानी पहुंचाने वाला गउघाट प्लांट ही गंदगी से भरा हुआ है।

### सेम्पल फैल, 16 में से 8 बिंदुओं पर ही जांच

बकौल श्री राय कुछ सेम्पल सामने करवाये वो तो हमारे सामने ही फैल हो गये। टेक्नीकल केमिस्ट के फार्मेट के अनुसार 16 प्रकार की जांचे पानी की होती है, लेकिन फार्मेट में जो जांचे की गई थी वो केवल 8 बिंदुओं पर जा रही है, बाकी 8 बिंदुओं पर जांच नहीं की जा रही।



### केमिस्ट की जगह असिस्टेंट कर रहा काम

प्लांट लैब में केमिस्ट होना चाहिये, रवि राय के अनुसार केमिस्ट की जगह असिस्टेंट यहां काम कर रहे हैं। एक केमिस्ट को आउट सोर्स के रूप में रखा गया है। जिस प्लांट पर पानी को स्वच्छ किया जाता है वह प्लांट ही स्वच्छ नहीं। अधिकारी रोज बैठक कर रहे पर प्लांट पर से काई हटाना नहीं चाहते।

### चार-चार इंच काई जमी

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि गउघाट प्लांट पर कांग्रेस पार्षद दल ने पीएचई अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया कि जहां पानी शुध्दिकरण किया जाता है वहां पूरे प्लांट में काई के बड़े जाले लगे हुए हैं, काई भी क्विंटलों से, प्लांट में ऐसा स्थान नहीं जहां काई नहीं, चार-चार ईंच काई जमी हुई है।

### बिना शुध्द किये कर रहे जलप्रदाय

बकौल राय जब स्टॉक रजिस्टर चेक किया तो पता चला स्टॉक रजिस्टर में कई बार लिक्विड क्लोरीन, एलम, पीएसई जैसे कई केमिकल के आगे निल लिखा था, मतलब यह उपलब्ध नहीं है। मतलब कई बार केमिकल की अनुपलब्धता में ही सप्लाई कर दिया गया होगा। जो प्लांट खुद गंदे हैं, वो शहर की करीब 7 लाख जनता को गंदा पानी ही पिला रहे हैं।

### ये थे निरीक्षण दल में

निरीक्षण करने पहुंचे दल में माया त्रिवेदी, राजेंद्र वशिष्ठ, प्रेमलता रामी, अर्पित दुबे, पार्षद प्रतिनिधिगण परमानंद मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि फिरोज पठान, मुजीब सुपारीवाले, सादिक कुरैशी, अनवर नागोरी, जाहिद पहलवान शामिल थे।

### दुरूस्त करें अन्यथा कांग्रेस आंदोलन करेगी

निरीक्षण की स्थिति देखने के बाद कांग्रेस पार्षद दल ने चेतावनी दी कि यदि 6 दिवस के अंदर इन प्लांटों की रिपेयरिंग, साफ, सफाई, काई हटाने का काम तथा व्हाईट वॉश किया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी गऊघाट प्लांट पर जाकर आंदोलन करेगी।

### नववर्ष पर उमड़ी भीड़, 500 क्विंटल लड्डू प्रसाद का वितरण

# 12 दिनों में महाकाल पहुंचे 29 लाख से अधिक श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में नववर्ष और वर्ष के अंत में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़ दर्ज की गई। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक, कुल 12 दिनों की अवधि में, लगभग 29 लाख 10 हजार भक्तों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए।

श्रद्धालुओं की यह संख्या 25 दिसंबर, क्रिसमस के दिन से बढ़नी शुरू हुई, जब 2 लाख 57 हजार से अधिक भक्त मंदिर पहुंचे। इसके बाद 26 से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आते रहे। 31 दिसंबर को 1 लाख 53 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन किए।

### नए साल पर पहुंचे सबसे ज्यादा भक्त

नववर्ष के पहले दिन, 1 जनवरी को सर्वाधिक भीड़ दर्ज की गई, जब 6 लाख 12 हजार 879 श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यह 12 दिवसीय अवधि का सबसे बड़ा आंकड़ा था। इस दिन मंदिर परिसर, महाकाल लोक और आसपास के मार्गों पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसके बाद भी भीड़ का सिलसिला जारी रहा।

2 जनवरी को 2 लाख 73 हजार, 3 जनवरी को 2 लाख 19 हजार, 4 जनवरी को 2 लाख 46 हजार और 5 जनवरी को 2 लाख 14 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### 30 लाख से अधिक श्रृद्धालुओं ने किए दर्शन

श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर, मंदिर प्रशासन, जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। भस्म आरती से लेकर सामान्य दर्शन तक सुरक्षा, कतार प्रबंधन, जल आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, 25 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच लगभग 30 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवधि में करीब 500 क्विंटल लड्डू प्रसाद का वितरण भी किया गया।

प्रशासन ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया था, जो लगभग सटीक रहा। नववर्ष की सफल व्यवस्थाओं के बाद, प्रशासन ने अब महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसमें भी इसी तरह की भारी भीड़ की संभावना है।

### शिव नवरात्र में दूल्हा बनेंगे महाकाल... नौ दिन नव रूपों में होगा विशेष श्रृंगार

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 6 से 15 फरवरी तक शिव नवरात्र के रूप में महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा। भगवान महाकाल दूल्हा बनेंगे और नौ दिन नव रूपों में भक्तों का मन मोहेंगे। शिव नवरात्र में अभिषेक पूजन का विशेष अनुक्रम रहेगा, इसके चलते भगवान की आरती व पूजन का समय भी बदलेगा। मंदिर प्रशासन ने महापर्व को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

महाकाल देश का एक मात्र ज्योतिर्लिंग हैं जहां फाल्गुन कृष्ण पंचमी से त्रयोदशी तक शिवनवरात्र मनाई जाती है। वस्तुतः यह शिव पार्वती के विवाह का उत्सव है। मंदिर की पूजन परंपरा में इसे लोकपर्व के रूप में मनाया जाता है। इन नौ दिनों में भगवान महाकाल दूल्हा बनते हैं और उसी प्रकार से उनकी पूजा अर्चना का क्रम सुनिश्चित किया जाता है। नौ दिन भगवान का अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार होता है।



# ठंड मे त्वचा की केयर जरूरी, अर्टिकेरिया से ग्रसित हो रहे लोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर मे शीत का कहर चल रहा है। लगातार तापमान मे गिरावट का प्रभाव शरीर के विभिन्न अंग व स्किन पर भी गहरा होता है। अत्यधिक ठंड के कारण मानव शरीर की चमडी संकुचित होती है और खुजली, लाल चकत्ते व रैशेज की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। खुजली के कारण बहुत दिक्कत होती है। ऋतु संधिकाल मे अर्टिकेरिया एक सामान्य रोग है जिसे मालवा क्षेत्र मे ताफड कहते हैं। सूखी स्किन पर जगह जगह लाल चकत्ते उभर आते हैं और खुजली चलती है। इसे नाखून से खुजलाने पर ये और फैलती है।

### कैसे करें स्किन केयर

विंटर रैशेज से बचाव के लिए सूखी चमडी पर किसी क्रीम का लेपन प्रतिदिन करें ताकि अर्टिकेरिया से बचा जा सके। नियमितरूप से रात मे दूध के साथ हल्दी का सेवन उत्तम है क्योंकि हल्दी रक्तशोधक होती है। ग्वारपाटे या एलुविरा के रस का लेपन भी सूखी स्किन पर करना हितकर है। खोपरा तेल से त्वचा पर मालिश करें।



### महत्वपूर्ण सलाह



शीत पित्त या अर्टिकेरिया सूखी त्वचा के कारण होनेवाला एक चर्म रोग है जो ऋतु बदलने पर होता है। इसका सरल उपाय है कि हम घर मे एक मिश्रण तैयार रखें। अच्छी गुणवत्ता वाली पिसी हल्दी और मिश्री दोनो सौ सौ ग्राम लेकर शुद्ध गाय के देशी घी मे ड्राय फ्राय करें और एक चम्मच दो दो घंटे के अंतराल से गर्म पानी या दूध के साथ सेवन करें। दो दिन मे ही आप ताफड या अर्टिकेरिया जैसे चर्म रोग से निजात पा लेंगे।

**-डॉ प्रज्ञान त्रिपाठी, नर्मदे आयुर्वेद मक्सी रोड**

### पित्त के कारण व उपचार



आमतौर पर शीत पित्त अत्यधिक शीत के कारण होती है। तापमान मे यकायक परिवर्तन,तंग व चुस्त कपडे पहनने, त्वचा के रगड़ने व खरोचने या तनाव के कारण अर्टिकेरिया या पित्त होता है। ठंड मे त्वचा की उचित देखभाल करें। सूखी त्वचा पर माइस्चराइजिंग क्रीम या खोपरे का तेल नियमित लगाएं। एलोवेरा जेल भी उपयोग मे ला सकते हैं। एंटी एलर्जी टेबलेट किसी डाक्टर की सलाह पर लें। दूध के साथ हल्दी का सेवन करना चाहिए क्योंकि हल्दी ब्लड को शुद्ध बनाती है।

**-डॉ जूजर हुसैन, डमेटीलॉजिस्ट, कोयला फाटक**

### नीम पावडर की फंकी लें



कडवा होने पर भी नीम बहुत बडा रक्तशोधक है। नीम एंटीबैक्टीरियल होता है। अर्टिकेरिया हो जाने पर रोज नीम पावडर की एक फंकी सोने से पहले रात मे खा लें । खोपरे के तेल मे कपूर मिलाकर लाल चकत्ते या पित्ती पर लगाएं तो लाभ होगा।

**-हबीब अत्तार , यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ**

"अमर प्रेम की अविरल धारा"
दिनांक 09 जनवरी



कठिनाइयों में भी संयम नहीं खोने देता आपके साहसी व्यक्तित्व का प्रेरक स्मरण, आलोक बन हमारे जीवन को दिशा देता है आज भी...

सत्य, निष्ठा, सेवा के आधार स्तम्भ ऊर्जा पुंज

स्व. श्री प्रेमनारायण यादव
पूर्व महापौर व सभापति (1995-99)

शत् शत् नमन

आनंदेश्वरी परिवार एवं समस्त स्नेहीजन

प्रेम पुष्पांजलि तत्पश्चात् 10.30 बजे सुंदरकाण्ड, होटल अजय, देवास गेट, उज्जैन पर रखा गया है ।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका



# बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे आचार्य पुंडरीक गोस्वामी

## इंदौर में श्रीमद् भागवत कथा करने आए, दर्शन करने के बाद बोले- मेरा जन्म लेना सार्थक हो गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर में श्रीमद् भागवत कथा करने आए आचार्य पुंडरीक गोस्वामी आज बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आए। जहां उन्होंने चांदी द्वार से परिवार सहित बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया और ध्यान भी लगाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के रितिक नागर ने बताया कि श्रीमद्भागवतम, चैतन्य चरितामृत, राम कथा और भगवद गीता पर अपने आध्यात्मिक प्रवचनों के लिए प्रसिद्ध पुंडरीक गोस्वामी पत्नी रेणुका पुंडरीक गोस्वामी के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए मंदिर आए थे।

बताया जाता है कि आचार्य पुण्डरीक महाराज ने बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद मंगलनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान का भात पूजन कर विशेष पूजा अर्चना कि इस दौरान आपने भगवान मंगलनाथ से उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ उन्नति प्रगति का आशीर्वाद भी लिया।



### हमारा जन्म लेना सफल हो गयाः पुंडरीक गोस्वामी

यहां पर पुंडरीक गोस्वामी ने नंदी हॉल से बाबा महाकाल का पूजन अर्चन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा महाकाल के पूजन अर्चन के बाद आपने नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी कही। इस दौरान आपने बाबा महाकाल के दर्शन कर मीडिया से कहा कि बाबा महाकाल के दर्शन कर आज मेरा जन्म लेना सार्थक हो गया। बाबा महाकाल के दर्शन कर हम अभिभूत हैं। ऐसा लग रहा है मानो हमारा जन्म लेना सफल हो गया।

## उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल वन मेला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल वन मेला आयोजित होने जा रहा है। शिवरात्रि 15 फरवरी से शुरू होकर यह मेला 20 फरवरी तक उज्जैन के दशहरा मैदान में लगेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में 11वें अंतरराष्ट्रीय वन मेले के शुभारंभ के दौरान उज्जैन में वन मेला आयोजित करने की घोषणा की थी। इसके बाद अब उज्जैन में यह आयोजन किया जा रहा है। वन मेले में पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण, आयुर्वेद और पारंपरिक ज्ञान का संगम देखने को मिलेगा। बच्चों और युवाओं के लिए मेले का सबसे बड़ा आकर्षण चीता परिवार का विशाल स्कल्पचर रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सौ करोड़ रुपये की शासकीय भूमि करायी गई अतिक्रमण मुक्त

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए इंदौर जिले में अभियान चलाकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आज जिला प्रशासन के अमले ने दो स्थानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सौ करोड़ रुपये से अधिक कीमत की बेशकीमती शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त करायी। ग्राम खजराना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 296 रकबा 0.769 हेक्टेयर भूमि जो की शासकीय भूमि है, के पैकी भाग क्षेत्रफल लगभग 35 हजार वर्गफीट के पैकी भाग पर इमरान पटेल द्वारा रूम निर्मित कर भैंस का तबेला बनाया गया था एवं शाकीर शाह द्वारा गैरेज का निर्माण किया गया था, को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उक्त भूमि का बाजार मूल्य लगभग 52 करोड़ 50 लाख रुपये है।

### अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण

**इंदौर।** इन्दौर के होल्कर स्टेडियम में 18 जनवरी को भारत एवं न्यूजीलैण्ड के मध्य एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच होगा। इस मैच में आने वाले दर्शकों की सुविधा के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया है। दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग एसजीएसआईटीएस परिसर के मैदान तथा बाल विनय मंदिर परिसर में कर सकेंगे। उक्त स्थानों पर एमपीसीए द्वारा पार्किंग हेतु समतलीकरण, साफ-सफाई व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग स्थल पर बैनर, पार्किंग स्थल पर पहुंचने हेतु दिशा सूचक फ्लेक्स, रोशनी, बैनर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेंगी।

# इन्वेस्टिगेशन होगा आसान, मिली हाईटेक फॉरेंसिक वेन

## पुलिस के पास घटना के साक्ष्य रहेंगे सुरक्षित, सीधे पहुंचेगी घटनास्थल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गंभीर अपराधों में साक्ष्य सुरक्षित रखने के साथ इन्वेस्टिगेशन में अब उज्जैन पुलिस को काफी आसानी होगी। पुलिस मुख्यालय की ओर से हाईटेक मोबाइल फॉरेंसिक वेन मिल चुकी है। जो जिले में सीधे घटनास्थल तक पहुंचेगी।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के साथ अपराधों पर अंकुश रखने और बदमाशों को सलाखों तक पहुंचाने के प्रयास लगातार जारी है। तकनीकी साक्ष्य और आधुनिक संसाधनों से पुलिस की कार्यप्रणाली बेहतर हो रही है। उज्जैन पुलिस के साथ अब हाइटेक मोबाइल फॉरेंसिक वेन जुड़ चुकी है। जिसकी मदद से अब गंभीर अपराधों में फिंगरप्रिंट, डीएनए के साथ अन्य सबूत को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। अब तक अपराधों में एकत्रित साक्ष्य को जांच के लिए इंदौर, भोपाल और अन्य स्थानों पर भेजा जाता था। जिसके चलते जांच प्रक्रिया में समय लगता था, लेकिन अब फॉरेंसिक वेन मिलने पर पुलिस की जांच प्रक्रिया में देरी नहीं होगी। उज्जैन पुलिस को मिली फॉरेंसिक वेन काफी हाईटेक है। कई आधुनिक उपकरण लगे हुए हैं। अब गंभीर मामलों की जांच में ज्यादा समय नहीं लगा करेगा वही प्रकरण की चार्जशीट भी न्यायालय में जल्द प्रस्तुत कर अपराधियों को सजा दिलाने में पुलिस को सफलता मिलेगी। जिले में कहीं भी गंभीर अपराध होने पर वेन के साथ फॉरेंसिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचेंगे।



### चलती फिरती प्रयोगशाला है वेन

पुलिस की हाईटेक फॉरेंसिक वेन एक चलती फिरती प्रयोगशाला है। जो अपराध स्थल पर ही खून, डीएनए, फिंगरप्रिंट, विस्फोटक और नशीले पदार्थ जैसे सबूत को एकत्रित कर सुरक्षित करने के साथ प्रारंभिक जांच में सक्षम है। वेन में माइक्रोस्कोप, मिनी फ्रिज, डीएनए किट और बॉडी वन कैमरा लगा हुआ है। उज्जैन की पुलिसिंग पिछले कुछ सालों में काफी मजबूत हुई है। अब तक बड़े शहरों में ही हाईटेक फॉरेंसिक वेन पुलिस द्वारा संचालित की जा रही थी। उज्जैन पुलिस को भी पिछले कुछ सालों में आधुनिक उपकरण प्राप्त हो चुके हैं।

# सिंहस्थ मेला अधिकारी और कलेक्टर ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ मेला अधिकारी सह संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को निरीक्षण कर सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत श्री अंगारेश्वर, श्री सिद्धवट और गढकालिका माता मंदिरों के पुनरुद्धार और श्रद्धालुओं के लिए सुविधा विस्तारीकरण के कार्य की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने श्री सिद्धवट मंदिर पर पानी निकासी की व्यवस्था को प्रमुख रुप से मंदिर पुर्नरुद्धार की कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए।



संभागायुक्त श्री सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान मंदिर में फ्लोर पर फिसलन ना हो के अनुरुप पत्थर लगाने के निर्देश दिए। मंदिरों में विभिन्न प्रकार की पूजाओं और यज्ञ आदि के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग और होल्डिंग एरिया के स्थान का चिन्हांकन किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मंदिरों के पुजारी, मंदिर प्रशासन से चर्चा कर कार्ययोजना बनाई जा रही है।

### समय पर नहीं पहुँचने वाले शासकीय सेवकों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

**इंदौर।** मुख्यमंत्री की मंशानुसार शासकीय कार्यालयों में शासकीय सेवकों को निर्धारित समय पर पहुँचना अनिवार्य होगा। समय पर कार्यालय नहीं पहुँचने वाले शासकीय सेवकों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सभी शासकीय सेवकों को निर्देशित किया है कि वे सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहे तथा निर्धारित समय शाम 6 बजे पर ही कार्यालय से जाए।

## कबीर पंथ महासंघ ने की उपमुख्यमंत्री से मुलाकात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर संगठन को लेकर चर्चा की। इस दौरान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन देवास, प्रदेश उपाध्यक्ष महंत परम मनोहर सोनकच्छ, मायादेवी उज्जैन, सुमन आंजना उज्जैन, गिरधारी लाल मालवीय आगर मालवा, चंदरसिंह सौराष्ठी शाजापुर आदि मौजूद रहे।

# आरएसएस के सांगठनिक ढांचे में हो सकता है बदलाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 साल हो गए हैं। अब संघ अपने सांगठनिक ढांचे में बदलाव पर विचार कर रहा है। संघ में इस तरह के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। जानकारी के अनुसार, प्रांत शन-प्रचारकों की जगह अब राज्य प्रचारक बनाने का प्रस्ताव है।

ये राज्य की इकाई के हिसाब से ही होंगे। जैसे अभी संघ के हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड जैसे राज्यों में तो एक ही प्रांत प्रचारक है जो एक तरह से पूरे राज्य के ही प्रचारक है। लेकिन जो बड़े राज्य हैं उनमें एक राज्य में ही कई प्रांत प्रचारक हैं।



जैसे राजस्थान में 3 प्रांत प्रचारक, यूपी में 6 प्रांत प्रचारक हैं। बदलाव के बाद सभी राज्यों में राज्य प्रचारक होंगे और पूरे यूपी में भी एक राज्य प्रचारक। अभी बड़े राज्यों में कामकाज के हिसाब से ज्यादा प्रांत प्रचारक बनाए गए हैं। जब राज्य प्रचारक हो जाएंगे तो साथ ही संभाग प्रचारक का पद भी बनाया जाएगा, ये एक संभाग यानी कमिश्नरी के प्रचारक होंगे। ये विभाग प्रचारक और राज्य प्रचारक के बीच की इकाई होंगे। मध्यप्रदेश में भी संघ की व्यवस्था में परिवर्तन होने जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत अब मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ अलग-अलग होंगे और प्रांत प्रचारक का पद समाप्त किया जाएगा और इसके स्थान पर संभागीय प्रचारक की नई प्रणाली लागू की जा सकती है।

इस बदलाव को संघ की दीर्घकालिक सामाजिक और संगठनात्मक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इसका मकसद संघ कार्य और प्रभावी बनाना है। सूत्रों के मुताबिक मार्च 2026 में होने वाली संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बदलाव के प्रस्ताव पर बात होगी और प्रतिनिधि सभा में ही फाइनल फैसला लिया जाएगा।

# भोपाल-इंदौर धुंध व प्रदूषण से जूझ रहे- एनजीटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भोपाल-इंदौर समेत प्रदेश के 8 शहरों में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट माना है। एनजीटी की भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर एक माह में जवाब मांगा है।

एनजीटी ने पूछा है कि जब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदेश के इन 8 शहरों को नॉन-अटेनमेंट सिटी घोषित कर रखा है, तो दिल्ली-एनसीआर में लागू ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) जैसा प्रभावी कदम अब तक क्यों नहीं उठाया गया। एनजीटी ने पर्यावरण विभाग के पदेन प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय कमेटी गठित की है। कमेटी 6 सप्ताह में 8 शहरों की रिपोर्ट बनाएगी। यह बताएगी कि सरकार ने अब तक क्या कदम उठाए हैं। रिपोर्ट के बाद एनजीटी 18 मार्च को सुनवाई करेगा।



### इन शहरों में बीते 5 साल से प्रदूषण गंभीर श्रेणी में

**नॉन-अटेनमेंट सिटी क्या होती हैं?** – वे शहर, जहां पिछले 5 साल से पीएम-10 और पीएम-2.5 का स्तर लगातार तय मानकों से ज्यादा है।

**मध्यप्रदेश में ऐसे कितने शहर हैं?**– 2016 में 6 थे, अब 8 हैं- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास, सागर और सिंगरौली। इनमें पीएम-10 का औसत 130-190 व पीएम-2.5 का 80-100 माइक्रोग्राम/घनमीटर है।

**नॉन-अटेनमेंट सिटी के लिए क्या करना जरूरी होता है?** – विशेष कार्ययोजना बनानी होती है। बताना होता है कि प्रदूषण किस वजह से बढ़ रहा है, कैसे कम करेंगे। केंद्र फंड भी देता है।

**भोपाल के लिए यह क्यों जरूरी?** – सर्दियों में भोपाल की हवा खराब रहती है। एक्यूआई दिन में 287 व रात में 300 से ज्यादा पहुंच जाता है।

### प्रदूषण के मुख्य कारण क्या हैं?



पराली जलाना, निर्माण से उड़ती धूल, वाहनों का धुआं, कचरा जलाना, पटाखे और औद्योगिक गतिविधियां। साल 2025 में भोपाल के आसपास के जिलों में 31 हजार से ज्यादा घटनाएं दर्ज हुईं। एनजीटी ने याचिकाकर्ता राशिद नूर खान के अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी को निर्देश दिए हैं कि वे याचिका में उठाए गए तथ्यों को रिकॉर्ड के साथ एक्सपर्ट कमेटी से साझा करें।

## जेसीबी मालिक को व्हाट्सएप पर आया था लिंक; आईटी इंजीनियर से भी 6.58 लाख ठगे

# इंदौर में 20% फायदे का लालच देकर 8 लाख रुपए की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित से नवंबर 2025 में संपर्क कर आरोपियों ने कई ट्रांजेक्शन के जरिए 8 लाख 24 हजार रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित ने पहले साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की थी, जिसके बाद मामला एरोड्रम पुलिस को सौंपा गया।

एरोड्रम पुलिस के अनुसार, अंबिकापुरी निवासी प्रवीण सोनी की शिकायत पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रवीण जेसीबी संचालन का काम करते हैं। उन्होंने फेसबुक पर काम से जुड़ा अपना कार्ड डाला था। नवंबर में उनके पास एक व्हाट्सएप नंबर से लिंक आया, जो कंगन शॉप के नाम से था। इसमें 20% मुनाफे का दावा किया गया था।



जब प्रवीण ने उस नंबर पर कॉल किया, तो एक महिला ने उन्हें ऑनलाइन काम का प्लान समझाया और बताया कि भुगतान करने पर ऑनलाइन सामान मिलेगा, जिस पर 20% लाभ होगा। इसके बाद प्रवीण ने वैभवी स्टोर के नाम से कंगन शॉप पर ऑनलाइन शॉप खोली।

### ऑन लाइन जमा कराए करीब 8 लाख रुपए

5 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच प्रवीण से फोन-पे और गूगल-पे के जरिए कुल 8 लाख 24 हजार रुपए जमा करवाए गए। शुरूआत में खाते में मुनाफा दिखाया गया, लेकिन जब रकम निकालने की कोशिश की गई तो मना कर दिया गया। बाद में खाता ब्लॉक हो गया, जिससे उन्हें ठगी का शक हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की। 5 जनवरी के आसपास जिस महिला ने संपर्क किया था, उसने अपना मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिया। बुधवार को एरोड्रम थाने में एफआईआर दर्ज की गई।



### परिचित बनकर महिला से 97 हजार की ठगी

इधर, लसूडिया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से परिचित बनकर कॉल कर 97 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। लसूडिया पुलिस ने मोबाइल नंबर के अज्ञात धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बुधवार को रेखा तिवारी निवासी हैप्पी होम्स, ओमैक्स सिटी-1 थाने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी की रात उनके पास एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को उनका परिचित ह्लभाई मन्नूह्व बताया और कहा कि उसकी दोस्त अस्पताल में भर्ती है और हार्ट का ऑपरेशन चल रहा है। आरोपी ने कहा कि उसके खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं हो पा रहे हैं और जल्दबाजी में रेखा से कहा कि वे डॉक्टर हेमा के खाते में पैसे डाल दें। इसके बाद आरोपी ने क्यूआर कोड भेजा, जिस पर रेखा ने 97 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### आईटी इंजीनियर से 6.58 लाख की ऑनलाइन ठगी

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में भी एक आईटी इंजीनियर के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया गया है। सजल अग्रवाल पेशे से आईटी इंजीनियर हैं। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर को उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें गूगल पर रिव्यू देने के बदले पैसे कमाने का ऑफर दिया गया था। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम पर एक लिंक भेजा गया। इस बिजनेस में मुनाफा दिखाकर अलग-अलग समय पर सजल से करीब 6 लाख 58 हजार रुपए यूपीआई और अन्य माध्यमों से जमा करवा लिए गए।

### 9 और 10 जनवरी को विशेष शिविर होंगे आयोजित

**इंदौर।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के अन्तर्गत एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिये विशेष शिविर आयोजित होंगे। यह विशेष शिविर जिला स्तर पर 09 एवं 10 जनवरी को हायर सेकेण्डरी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा के शैक्षणिक संस्थाओं आदि में आयोजित किये जाएंगे। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हें निर्देशित किए गए है कि उन्हें ?निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर आयोजित कर सभी पात्र विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाये।

## न्यूज-कॉलम



## भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**मनावर।** भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिला कार्यकारिणी की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार द्वारा जारी सूची के अनुसार संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से अनुभवी, सक्रिय व संगठननिष्ठ कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी है जिसमे एक जिला महामंत्री , सात जिला उपाध्यक्ष आठ जिला मंत्री समेत 30 भाजपा कार्यकर्ताओं में दायित्व की घोषणा की गई है। जिसमे छः महिला सदस्यों को जिला पदाधिकारी के रूप में शामिल किया गया है। भाजपा धार ग्रामीण जिले की चार विधानसभा जिसने मनावर, गंधवानी , कुक्षी , धर्मपुरी सहित विधानसभा से जातिगत एवं भाजपा के वरिष्ठजनों को सक्रियता के अनुसार सम्मिलित कर जिले की जिम्मेदारी दी गई है। सभी की नियुक्ति पर वरिष्ठजनो एवं कार्यकताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी..

## सोनिया नगर में नग्न अवस्था में मिली महिला, क्षेत्र में हड़कम्प मचा

**मंडलेश्वर।** सोनिया नगर स्थित शंकर मंदिर के पास एक महिला नग्न अवस्था में लोगों को बुधवार सुबह के समय मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने उसे कंबल से ढंका और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे डायल 112 से ही अस्पताल पहुंचाया। एसआई प्रवीण निकुम ने बताया सुबह 8 बजे सोनिया नगर में एक महिला मिली थी। वह 30 प्रतिशत जली हुई हालत में थी, जिसका सिविल अस्पताल में उपचार करवाया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात यहां से उसे इंदौर रेफर कर दिया गया है। एसआई निकुम ने कहा ताहिलका (34) पारदी का शंकर पारदी के साथ नात्रा हुआ था। दोनों मिलकर उज्जैन में भिक्षावृत्ति करते थे। उज्जैन में ही महिला जल गई थी। जिसका इलाज उज्जैन पुलिस ही स्थानीय अस्पताल में करवा रही थी। वहां से महिला भाग कर भटकते हुए मंगलवार को यहां पहुंची थी। महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है। सोनिया नगर निवासी पंकज वरमंडल ने बताया महिला सुबह 8 बजे शंकर मंदिर के पास रो रही थी और लगभग नग्न अवस्था में थी। रोने की आवाज सुनकर महिला से पूछताछ की। उसने ससुराल मूलताज और मायका भीकनगांव का बताया था। महिला ने बताया वह जली हुई थी लेकिन अस्पताल में ठीक से इलाज नहीं होने के कारण मैं वहां से भाग गई।

## रात्रि चौपाल के जरिए कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने ग्राम पंचायत बड़गाँव में 'रात्रि चौपाल' चर्चा के दौरान कहा कि " क्षेत्र के विकास के लिए विभागों की सक्रियता के साथ-साथ सामाजिक चेतना भी आवश्यक है।" उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं की सफलता केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर नहीं करती, बल्कि इसके लिए नागरिकों का जागरूक होना और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होना भी आवश्यक है। इस दौरान कलेक्टर ने शासन की जनकल्याणकारी योजना के संबंध में भी ग्रामीणजनों को जानकारी दी और योजनाओं का फीडबैक भी लिया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणजनों ने शिक्षा, पशुपालन,कृषि, खेल मैदान,ग्रामीण स्वच्छता,शराबबंदी जैसी समस्याओं से जुड़े मुद्दे को कलेक्टर के समक्ष रखा। श्रीमती सिंह ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और रात्रि चौपाल में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर करें। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों की ग्रामीणों ने सराहना की। रात्रि चौपाल के दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### निर्झरणी महोत्सव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बड़वानी** ।कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने 25 जनवरी को नर्मदा जयंती के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित निर्झरणी महोत्सव कार्यक्रम के लिए एसडीएम बड़वानी श्री भूपेन्द्र रावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वही मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सोनाली शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# उमिया छात्रावास से गुम हुई बालिका वापस लौटी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर




जिले का सबसे बड़ा कन्या शिक्षण संस्थान परिसर एक बार फिर विवादों से घिर गया है। यह पूरा परिसर कन्याओं का होने के बावजूद बालिकाओं की सुरक्षा को ताक में रखा जा रहा है। जिसके चलते यह परिसर अक्सर विवादों में बना रहता है। मंगलवार को भी उमिया कन्या छात्रावास में रहने वाली और श्री उमिया शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाली छात्रा का छात्रावास से गुम हो जाने का मामला सामने आया है। वहीं घटना के 15 घंटे बाद बुधवार को बालिका खुद वापस परिसर आ गई। जिससे पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंध की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया आज सुबह सूचना मिली कि उमिया माता कन्या छात्रावास से एक बालिका गुमशुदा हुई है। थाने पर बालिका के परिजन और छात्रावास प्रबंधन के लोग आए थे। जिनकी सूचना पर प्रकरण दर्ज किया जा रहा था। तभी सूचना मिली कि बालिका छात्रावास लौट आई है। बालिका से पूछताछ करने पर उसने कहा कि वह खुद अपनी मर्जी से कसरावद मेले में चली गई थी। वहीं परिजन किसी भी तरह की कोई कारवाही नहीं करना चाहते थे।

छात्रावास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रणछोड़ पादीदार ने बताया छात्रावास में 4-4 महिला-पुरुष सुरक्षाकर्मी नियुक्त हैं। महिला सुरक्षाकर्मियों से दिन की पारी में कार्य करवाया जाता है। जबकि रात्रि पारी में 2 पुरुष सुरक्षाकर्मी होते हैं। वहीं श्री उमिया शिक्षण संस्थान के प्रबंध समिति अध्यक्ष किशन लाल पाटीदार ने बताया स्कूल के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया है। साथ ही रात्रि में कोई भी सुरक्षाकर्मी यहां नहीं रहता है।

पूरे कन्या शिक्षण परिसर में कन्या महाविद्यालय, सीबीएसई स्कूल, एमपी बोर्ड स्कूल और छात्रावास सहित 4 संस्थाएं हैं। बावजूद यहां बालिकाओं की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। स्कूल गेट पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया है। स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। लेकिन उनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग नहीं की जाती है। स्कूल बसों में क्षमता से अधिक संख्या में बच्चियों को बैठाया जाता है। कुछ बसों की फिटनेस भी सही नहीं है।

निजी हॉस्टल को लेकर मेरे पास कोई अधिकार नहीं हैं। संबंधित स्कूल को पत्र लिख कर कमियां दूर करने के लिए कहा जाएगा।शिक्षण संस्थान को लेकर कोई शिकायत होगी तो कारवाई करेंगे।

## नशा समाज के लिए जहर, युवा इससे दूर रहे- न्यायाधीश अमूल मंडलोई

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी तक साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय कन्या हाई स्कूल बड़वानी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमूल मंडलोई सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि नशा एक ऐसा जहर है, जो व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे समाज को बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे की लत से व्यक्ति की पारिवारिक, सामाजिक और मानसिक स्थिति कमजोर हो जाती है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए सबसे जरूरी आत्म प्रेरणा और दृढ इच्छाशक्ति होती है। साथ ही कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन डायल ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाने के संकल्प प्रति जागरूक करना तथा युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रयास युवाओं को सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाने के साथ-साथ नशा मुक्त समाज को स्वस्थ, जागरूक और नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# बाग खंड के 7 मंडलों में होंगे हिंदू सम्मेलन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आने वाली 11 जनवरी , 13 जनवरी एवं 18 जनवरी को बाग खंड के सभी मंडल जिसमें बाग मंडल ,अखाड़ा ,चिजवा , आगर,भमोरी, लोंगसरी एवं डेहरी इन सभी मंडलों के मंडल पालक नियुक्त किए गए हैं जो सभी मंडल में सभी स्थानों पर भूमि पूजन संपन्न करा रहे है तथा सभी मंडलों के मोहल्लों में हिंदू समाज के कार्यकर्ता केसरिया पताकाएं ,ध्वज , रुद्राक्ष माला लेकर सभी हिंदू परिवारों में संपर्क निरंतर कर रहे हैं एवं सामग्री दी जा रही है।

उक्त जानकारी देते हुए बाग खंड के खंड संघ चालक श्री मनोज जी काग ने बताया कि इसका उद्देश्य सनातन समाज में जागरण एवं धर्मांतरण पर रोक है। 10 रुपए का प्रत्येक परिवार का पंजीयन हो रहा है जो हिंदू सम्मेलन में अपनी उपस्थिति निश्चित करने के लिए है। साथ ही हिंदू सम्मेलन सभा के बाद प्रत्येक मंडलों में भोजन प्रसादी रहेगी जिसका खर्च प्रत्येक परिवार से सामग्री के रूप में एकत्रीकरण किया जा रहा है जिससे सम्मेलन हिंदू सम्मेलन के लिए अपनत्व का भाव जागृत हो

अभी तक की जानकारी अनुसार प्रत्येक मंडल में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हो चुका है साथ ही प्रत्येक मंडलों में लगभग लगभग 1200 से 1500 परिवारों में संपर्क हुआ है जिससे प्रत्येक मंडल में अलग-अलग मंडल स्थान पर 5 हजार से 6 हजार की संख्या में हिंदू जन हिंदू सम्मेलन में पहुंचने की संभावना है ऐसा अनुमान है कि पूरे खंड में करीब 50 हजार हिंदू जन अलग-अलग हिंदू सम्मेलन में पहुंचेंगे प्रत्येक मंडल स्तर पर ऐसी योजना बनाई गई है जिसमें मंडल केंद्र पर सभी गांव से मादल एवं ढोल से अलग-अलग गांव से सम्मेलन स्थल पर लोग पहुंचेंगे बाग खंड के सातों मंडलों में हर मंडल पर 150 से 200 कार्यकर्ता इस कार्य में लगे हैं।

प्रत्येक मंडल के गांव में अलग-अलग समिति में बनाई गई है समितियों के माध्यम से मालूम में जागरण का काम प्रभात फेरी ,भजन एवं मातृशक्ति द्वारा खंड से प्राप्त अक्षत कलश से सभी परिवारों में अक्षत देकर निमंत्रण दिया जा रहा है साथ ही युवा टोली के माध्यम से निरंतर प्रचार प्रसार किया जा रहा है हर मंडल पर हिंदू सम्मेलन के दिन एक बड़ी सभा होगी जिसमें मंच पर मंडल के समाज के प्रबुद्ध जन एवं स्थानीय संत महात्मा को स्थान देकर बौद्धिक वक्ता अपना उद्बोधन देंगे तत्पश्चात भोजन प्रसादी आए हुए सभी हिंदू जनों का समरसता भोज होगा।

## विभागीय कार्यों की विशेष कार्यशाला आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग



राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल और कलेक्टर महोदय जिला धार के निर्देशानुसार आज जनपद शिक्षा केंद्र बाग में विभागीय अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक दिवसीय बैठक का आयोजन अंबेडकर भवन बाग में किया गया जिसमें विकासखंड के समस्त प्रधान प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय और जन शिक्षकों की विशेष कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें यू डाइस नामांकन में अंतर, ऑन स्पॉट ऐडमिशन, प्रोफाइल अपडेशन, बैंक खाता अपडेशन ,कक्षा पांचवी से छठी उत्तीर्ण बच्चों को पोर्टल पर दर्ज करना, निशुल्क गणेश वितरण की समीक्षा साइकिल वितरण की चेचिस नंबरों की पोर्टल पर एंट्री करवाना परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया शिक्षक स्कूली बच्चों का पंजीयन ऑनलाइन करेंगे,इको क्लब के प्रमाण पत्र की दी गई लिंक पर ऑनलाइन एंट्री करवाई गई।

प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी विभागीय कार्यों की जानकारी संस्था वार शिक्षकों को ऑपरेटर परम सिंह चौहान बीएससी पृथ्वीराज चौहान एम आई एस कुमारी माही गोरे द्वारा दिखाई गई विशेष कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि 6 से 14 वर्ष के समस्त बच्चों को शाला में दर्ज करना है अनुपस्थित या परीक्षा में अनुत्तीर्ण बच्चों के नाम काटना नहीं है जो बच्चे शाला में दर्ज होने से वंचित है उन्हें तत्काल दर्ज कराया जाए साथ ही समस्त विभागीय कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

# लोमड़ी ने किया हमला,तीन लोग घायल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टांडा



टांडा के समीपस्थ ग्राम बड़दा में गुरुवार सुबह लोमड़ी ने हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। घायलों में एक बच्चा, एक युवक और एक बुजुर्ग शामिल हैं। सभी को प्राथमिक इलाज के बाद धार रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह बड़दा के बयडीपुरा निवासी शिवम रावत (20), पीयूष कन्नौज (7) और अन्य बच्चे खेत के पास बकरियां और गाय चरा रहे थे। तभी अचानक एक जंगली लोमड़ी ने एक बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे को बचाने पहुंचे शिवम रावत को लोमड़ी ने अंगूठे पर काट लिया। इसके बाद लोमड़ी ने पीयूष के पैर पर हमला किया। पीयूष को बचाने के लिए, उसके बुजुर्ग दादा बाबू सिंह रावत (70) दौड़े तो लोमड़ी ने उन्हें भी पैर पर काट लिया। शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लोमड़ी को भगा दिया।

हमले में घायल हुए तीनों लोगों को टांडा अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार और रेबीज के इंजेक्शन लगाने के बाद उन्हें धार रेफर कर दिया गया। डॉ. नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि शिवम के अंगूठे के पर गहरा घाव है, जबकि बच्चे और बुजुर्ग के पैर में दो जगह घाव हैं। संक्रमण से बचाव के लिए उन्हें इम्यूनोग्लोबिन इंजेक्शन लगाने हेतु धार भेजा गया है। घटना की सूचना मिलने पर वनकर्मियों ने ग्राम बड़दा पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया।

# जो माता-पिता की सेवा करता है, वह सुखी रहता है- पूज्य गुरूदेव पुष्पानंदन जी



**आलीराजपुर।** जो व्यक्ति बेटी को प्रणाम करके घर से निकलता है, उसे दुनिया की कोई ताकत परास्त नहीं कर सकती। गणेश चतुर्थी के व्रत का फल पत्नि को नहीं मिलता, उसके पति और बच्चों को मिलता है। परमात्मा का प्रत्यक्ष स्वरूप माता-पिता है। जो माता-पिता की सेवा करता है, उसे प्रत्यक्ष सुख मिलता है। माता-पिता को हमेशा प्रणाम करो, और शिव नवाओं। नारी को सुर्य को अर्ध्य जरूर देना चाहिए। नारी गर्भकाल में हो तो उसे तीन बार सुर्य को अर्ध्य देना चाहिए। व्यक्ति को अपने गणवेश का कभी भी त्याग नहीं करना चाहिए। अत्याधिक मोबाईल चलाना ही घर में कलेश का कारण बनता है।

उपरोक्त विचार आलीराजपुर नगर में वैष्णव धाम पर वैष्णव ग्रुप द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन अंतराष्ट्रीय कथावाचक पं. परम श्रद्धेय श्री पुष्पानंदन जी महाराज (पवन तिवारी जी) कांटाफोड़ वाले ने व्यासपीठ से कही। कथा नीमचौक, एम.जी. रोड़ पर आयोजित की जा रही है। व्यासपीठ का पूजन भरत कन्हैयालाल सोनी परिवार और संतोष मोदी परिवार ने किया। आगे पूज्य पण्डित पुष्पानंदन जी ने कहा कि अति का अंत जरूर होता है। चंद्रमा को धातु चांदी है। नारीयों को सौंदर्य में हमेशा मेकअप की जगह नेचरल रहना चाहिए। लिमिट से ओवर चीज हमेशा तकलीफ देती है। शुक्रवार का दिन श्रृंगार के लिए सर्वश्रेष्ठ है। महिलाओं को कभी भी गुरूवार को सिर नहीं धोना चाहिए। हमेशा वाणी को नियंत्रित रखना चाहिए। कुमार कार्तिकेय, ताड़का व भगवान ब्रह्मा की कथा कहते हुए श्रद्धेय गुरूदेव पुष्पानंदन जी ने कहा कि हमेशा गणेश जी हाथ में लड्डू रखकर, दुनिया को यह संदेश देते है कि संगठित रहो और आपस में जुड़कर रहो।


संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जवाहर नगर महू इन्दौर में श्री मांगीलाल शर्मा पिता श्री छब्बूलाल शर्मा को भवन क्रमांक बी-245 म.प्र. गृह निर्माण मंडल द्वारा हस्तांतरित किया गया था। आवंटियों द्वारा उक्त भवन बजर्ये दान पत्र के माध्यम से दिनांक 24.07.2023 को श्री सुधीर शर्मा पिता श्री मांगीलाल शर्मा को दान किया गया एवं उनके द्वारा मंडल में अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया जो कि विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-18

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मुकेश कुमार पिता धरमचंद बेताला क्रेता- गजेन्द्र पिता रविन्द्र राठी वार्ड क्र.63 पता- 36, जानकी नगर एनेक्स इन्दौर पिन- 1001313340 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- रंजीता भलावी पुत्री रामप्रसाद भलावी पता- प्र.क्र. 402 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी चतुर्थ मंजिल ब्ली-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- अंकीता फणसे पुत्री ओमप्रकाश फणसे पता- प्र.क्र. 201 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी द्वितीय मंजिल ब्ली-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रद्धा पाठक पुत्री विजय पाठक पता- प्र.क्र. 202 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी द्वितीय मंजिल ब्ली-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- मेडीसेटी राजशेखर पिता सूर्यनारायण पता- प्र.क्र. 403 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी प्रथम मंजिल ब्ली-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती नितू सोनी पति प्रकाश सोनी पता- प्र.क्र. 302 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी तृतीय मंजिल ब्ली-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती मनीषा भारती पति बालसिंह भारती पता- प्र.क्र. 401 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी प्रथम मंजिल ब्ली-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती प्रज्ञा वाजपेयी पति नितिन मिश्रा पता- प्र.क्र. 105 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी प्रथम मंजिल ब्ली-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्री मनीष पाटीदार क्रेता- ऋषभ कपूर पिता ब्रजेश कपूर पता- प्लाट नं. 06 रामेश्वरम इन्दौर पिन- 1004028268 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- मेहरुनिसा रफत, फरहत, निकहत, शबनम मारे अंजुम पता-123/3 जूना रिसाला इन्दौर पिन- 1000837972 वार्ड क्र. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री रुपेश व्यास पिता श्री उदय शंकरजी व्यास पता-64 सुखदेव विहार इन्दौर पिन- 1000836274 वार्ड क्र. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर

## खास न्यूज

## फूल प्रसाद बेचने वाली महिला के साथ मारपीट



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर क्षेत्र में राधाबाई प्रजापति निवासी जूना सोमवारिया भक्ति भंडार की दुकान संचालित करती है। जिसके साथ फूल प्रसाद बेचने वाले यशपाल ने अपने पुत्र सोनू, शीतल और मोंटी के साथ मिलकर बुरी तरह मारपीट की। राधाबाई के घायल होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल राधा ने बताया कि उसे मंदिर समिति द्वारा दुकान आवंटित की गई है। उसकी दुकान के समीप यशपाल ने अवैध दुकान लगा ली थी। वह आए दिन दादागिरी करता था जिसके चलते उसकी शिकायत की गई थी। 2 दिन पहले मंदिर समिति और नगर निगम ने अवैध दुकान को हटा दिया था इसी बात की रंजिश रखते हुए यशपाल ने उसके साथ मारपीट की है। मामले में घायल के बयान दर्ज कर महाकाल थाना पुलिस द्वारा जांच की जाएगी।

## घर में सोए वृद्ध पर किया डंडे से हमला

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के रणाहेड़ा पीर में रहने वाले बापूलाल पिता पूरा परमार 60 साल पर गांव के ही रहने वाले गोपाल ने डंडे से हमला कर दिया। घटना के समय बाबूलाल घर में सोया हुआ था। आवाज सुनकर बीच बचाव में पुत्र दीपक आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। बापूलाल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बापूलाल का पुत्र 2 साल पहले गोपाल की लड़की को लेकर भाग गया था। मामला पुलिस तक पहुंचा था और बाबूलाल के पुत्र जितेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया था। जितेंद्र जमानत पर बाहर आ गया है लेकिन गोपाल की लड़की उसे मोबाइल पर मैसेज करती है जिसको लेकर जितेंद्र ने उसके साथ गाली गलौज कर दी थी। इसी बात पर गोपाल ने बापूलाल पर हमला किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## इंदौर-नागदा बायपास पर ऑटो-डंपर की टक्कर

**उज्जैन।** इंदौर-नागदा बायपास मार्ग पर बीती रात ऑटो रिक्शा को तेज गति में आए डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चालक संजय पिता शंकरलाल माली 30 साल निवासी आनंद नगर नानाखेड़ा घायल हो गया। घायल संजय ने बताया कि वह चिंतामण सवारी छोड़ने गया था। जहां से वापस लौटते समय शांति पैलेस होटल के पीछे उसे डंपर ने टक्कर मारी। डंपर पीछे से आ रहा था जोर से टक्कर लगने पर वह ऑटो का कांच फूटने से घायल हुआ है। नीलगंगा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दुर्घटना का एक मामला आगर रोड एलाउंस सिटी गेट पर हुआ। कॉलोनी में रहने वाले 85 वर्षीय नंदकिशोर सोलंकी पैदल घर जा रहे थे उन्हें तेज गति से आए बाईक चालक ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। चिमनगंज पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

## होटल संचालक ने किया आदेश का उल्लंघन

**उज्जैन।** हरसिद्धि मंदिर मार्ग कहारवाड़ी में मंगलम होटल संचालित करने वाले विजय कसेरा के खिलाफ महाकाल थाना पुलिस ने जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया है। होटल संचालक द्वारा अपने यहां ठहरे यात्रियों की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। पिछले दिनों नानाखेड़ा, माधवनगर और महाकाल क्षेत्र में कुछ बदमाशों ने कारों के कांच फोड़ कर बैग चोरी किए थे। उक्त बदमाश होटल मंगलम में ही ठहरे थे। जिसका खुलासा तीन थाना क्षेत्र में हुई वारदात के बाद सीसीटीवी कैमरो की मदद से हुआ था। वारदात करने वाले बदमाश तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से आए हुए थे जिन्होंने होटल में कमरा लेने के बाद वारदातों को अंजाम दिया था।

### सीसीटीवी कैमरों में दिखी कार से पुलिस को मिली सफलता, 2 हिरासत में

# झांसी के बदमाशों ने तोड़ा था व्यास कालोनी में मकान का ताला

## दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

व्यास कालोनी बड़नगर में हुई लाखों की चोरी को उत्तरप्रदेश के झांसी से आये बदमाशों ने अंजाम दिया था। कैमरों के फुटेज देखने पर संदिग्ध कार दिखाई दी थी। जिसके आधार पर 2 बदमाशों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। दोनों को पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उनका एक साथी फरार है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 29-30 नवम्बर 2025 में व्यास कालोनी में रहने वाले शेखर पिता ओमप्रकाश रावल के सूने मकान में चोरी की बड़ी वारदात हो गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसमें एक संदिग्ध कार क्रमांक यूपी 93 सीई 3665 दिखाई दी। जिसका नम्बर ट्रेस कर एसआई सुरेन्द्र गरवाल, एएसआई सुनील देवके प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य नारायण सरा, अजय चौहान की टीम को उत्तरप्रदेश रवाना किया गया। जहां सामने आया कि कार झांसी के रहने वाले व्यक्ति की है। जिसे तलाश कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कार उमेश वर्मा और उसके साथी अरविंद, भूपेन्द्र मांग कर मध्यप्रदेश के देवास में शादी होने का बोलकर ले गये थे। कार सवारों की जानकारी मिलने पर उनके घरों पर दबिश दी गई, लेकिन फरार होना सामने आये। तकनीकी साक्ष्यों से उन्हे ट्रेस किया गया, इस दौरान अरविंद पिता परशुराम कुशवाह और भूपेन्द्र उर्फ काली पिता मतादीन प्रजापति निवासी निमौनाखेड़ा थाना बरूआ सागर जिला झांसी हिरासत में आ गये। जिन्हे गिरफ्तार कर बड़नगर लाया गया है। दोनों ने पूछताछ में अपने साथी उमेश वर्मा के साथ चोरी को अंजाम देना कबूल किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उनके फरार साथी उमेश की तलाश और चोरी का मामल बरामद करने के लिये टीम को दोबारा झांसी भेजा जायेगा।



### रैकी कर देते थे चोरी को अंजाम

उत्तरप्रदेश से निकलकर तीनों बदमाश मध्यप्रदेश और आसपास के जिलों में पहुंचते थे। जहां दिन में सूने मकानों की रैकी कर रात में वारदात को अंजाम देते थे। हिरासत में आये दोनों बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड होना सामने आया है। वहीं फरार साथी पर भी संगीन मामले दर्ज है। व्यास कालोनी में चोरी के दौरान मकान में रहने वाला रावल परिवार शादी में शामिल होने उज्जैन गया था। दूसरे दिन लौटने पर चोरी होना सामने आया था।

### आभूषणों के साथ चुराए थे 4 लाख नगद



शेखर रावल के मकान में हुई चोरी के बाद सामने आया था कि बदमाशों ने ताला तोड़कर घर की अलमारी में रखे 4 लाख रूपये अधिक नगद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी किये थे। झांसी के 2 बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद सामने आया कि उन्होने नगद राशि खर्च कर दी है। आभूषण फरार साथी के पास है। थाना प्रभारी के अनुसार फरार आरोपी को गिरफ्तार कर आभूषण बरामदगी के प्रयास किये जायेगें।

# झोले में छुपाकर लाया था अवैध शराब

### लालपुल के पास से पुलिस गिरफ्त में आया एक्टिवा सवार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक्टिवा से अवैध शराब लेकर युवक के आने की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। युवक को पकड़ा गया तो उसके पास से विमल पाऊच के झोले में भरी देशी शराब बरामद हो गई। युवक को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है।

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक कपिल राठौर ने बताया कि एक्टिवा पर सवार युवक द्वारा अवैध शराब लेकर आने की खबर मिलने पर आरक्षक दीपक दिनकर, पुष्पराजसिंह, अंकित चौहान के साथ लालपुल क्षेत्र में घेराबंदी की गई थी। कुछ देर में एक्टिवा पर सवार युवक आता दिखाई दिये। जिसके पास विमल पाऊच के 2 झोले थे। युवक को रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे पीछा कर पकड़ लिया। उसके पास से झोले बरामद किये गये। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। एक्टिवा के साथ शराब जप्त कर युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में अवैध शराब 6 पेटी होना सामने आई। युवक शास्त्रीनगर का रहने वाला विजेन्द्र पिता राजाराम जयसवाल 29 साल है। मामले में आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने एक व्यक्ति द्वारा शराब देने की बात कहीं है। जिसका पता लगाया जा रहा है।




## बाइक सवार ने 14 साल के बालक को मारे चाकू



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होटल में रूम लगाने का काम करने वाले 14 साल के बालक को गुरूवार सुबह बाइक सवार ने चाकू मार दिये। तीन चाकू लगने पर घायल बालक को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जानसापुरा में रहने वाला उस्मान पिता मोहममद हुसैन 14 साल केडीगेट क्षेत्र में होटल सजन पैलेस पर रूम लगाने का काम करता है। सुबह वह पैदल होटल जा रहा था। उसी दौरान पल्सर बाइक से आये यासीन ने उसे बीच रास्ते में रोका और चाकू से हमला कर दिया। जांघ और पैर पर चाकू के तीन वार लगने पर उस्मान घायल हो गया। हमला करने वाले भाग निकला। लोगों की मदद से घायल बालक को अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे टांके लगाने के बाद भर्ती किया। घायल उस्मान ने बताया कि यासीन भी क्षेत्र का रहने वाला है। एक माह पहले मजाक-मस्ती में विवाद हुआ था। जिसका बदला लेने के लिये उसे चाकू मारे है। जीवाजीगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर यासीन की तलाश शुरू की है।

## किराना दुकान संचालक पर पाइप से हमला

**उज्जैन।** महिदपुर में किराना दुकान संचालक बनेसिंह पिता प्रहलाद सिंह भाटी पर गांव के ही रहने वाले गोपाल प्रजापति और बद्रीलाल ने लोहे के पाइप से उसे वक्त हमला किया जब वह रात में अपनी दुकान बंद कर घर ग्राम सेमलिया लौट रहा था। घायल बनेसिंह ने बताया कि हमला करने वाले दोनों आरोपियों की कुछ दिन पहले अज्ञात व्यक्ति द्वारा टापरी में आग लगाई गई थी। इसी बात की दोनों उसे पर शंका कर रहे थे। महिदपुर पुलिस ने दोनों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है दोनों हमला करने के बाद गांव से भाग निकले है।

### अस्पताल में छोड़कर भागे युवक की तलाश

# टक्कर में घायल महिला की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मक्सीरोड पर 2 दिन पहले ट्रेक्टर-ट्राली से हुई टक्कर में बुरी तरह घायल हुई महिला की बुधवार-गुरूवार रात मौत हो गई। उसके साथ युवक भी था, जो महिला को अस्पताल में छोड़कर भाग गया था। पुलिस उक्त युवक की तलाश कर रही है।

पंवासा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर शंकरपुर में 2 दिन पहले बाइक पर सवार महिला और युवक ट्रेक्टर-ट्राली से हुई टक्कर में घायल हो गये थे। महिला को सिर में गंभीर चोंट लगी थी। युवक मामूली घायल हुआ था। दुर्घटना के बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां से युवक भाग निकला था। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची थी। महिला की पहचान मनीषा पति विजय लौहार के रूप में हुई थी। उसके मोबाइल पर लगातार कॉल आ रहे थे। जिसे पुलिस ने रिसिव किया तो सामने आया कि मोतीनगर की रहने वाली है। भाई मनीष मालवीय से चर्चा होने पर पुलिस ने अस्पताल बुलाया था। जहां सामने आया था कि मनीषा की शादी आलोट में हुई थी। लेकिन वह मायके में रहकर घरों में बर्तन मांजने का काम करती थी। परिवार को दुर्घटना के दौरान उसके साथ मौजूद युवक की जानकारी नहीं थी। मनीषा की हालत काफी गंभीर थी। उसे आईसीयू में रखा गया था। लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घायल महिला के साथ ईश्वर नाम का युवक था। जिसकी तलाश की जा रही है। फिलहाल मामले में सड़क दुर्घटना के साथ मर्ग कायम किया गया है।




## रोजगार-युवा संगम मेले में 335 का पंजीयन

**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय उज्जैन के तहत एक दिवसीय युवा संगम - रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 22 कंपनियों के 350 पद पर रोजगार के अवसर उपलब्ध थे, जिनमें सेल्स मार्केटिंग एक्जिक्यूटिव मशीन पर, टोक्नशियन, सिन्योगसी आदि पदों पर प्रतिभा स्वराज, कटारिया ग्रुप, मुख्यमंत्री सीखों-कमाओ योजना, प्रधान मंत्री अप्रेंटिसशिप, शिव इन्टरप्राइजेज, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, इन्डसइन्ड बैंक, पेप्सीको, चंदन स्टील, लिनोड, रेपिडो कम्पनियों में 335 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया।

## 130 दिव्यांगजनों को लगाए कृत्रिम हाथ

**उज्जैन।** स्व. श्री बद्रीलाल जी अग्रवाल एवं स्व. श्रीमती आनंद बाला अग्रवाल की पुण्य स्मृति में शिव अग्रवाल, संजय अग्रवाल भाजपा नगर अध्यक्ष परिवार, लायन्स क्लब उज्जयिनी तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर में तिसरे दिन दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किए गए। शिविर का शुभारंभ आनंद मंगल परिसर, उदयन मार्ग बागेश्वरी मंदिर के पास में नगर निगम उज्जैन की अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य एवं डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ के विशेष आतिथ्य में किया गया।

## नृसिंहघाट से मिली लाश की हुई शिनाख्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नृसिंहघाट के पास से गुरूवार सुबह वृद्ध की लाश पुलिस ने बरामद की थी। जिसकी शाम को इंदौर से आये भाई ने शिनाख्त की। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि सुबह कुछ लोगों की सूचना पर पुलिस नृसिंहघाट पहुंची थी। मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला था। आसपास लोगों से पहचान के प्रयास करने पर शाम को पता चला कि मृतक सोंटी उर्फ सुनील पिता सदाशिव राव 55 साल है। जो मगरमुहा सिंहपुरी क्षेत्र में किराये का मकान लेकर रहता था और भिक्षावृत्ति का काम करता था। पुलिस ने मगरमुहा पहुंचकर जानकारी जुटाई तो परिवार के इंदौर में रहने की जानकारी मिली। भाई को सूचना दी गई। देर शाम भाई ने आकर पहचान करते हुए बताया कि सुनील अविवाहित था और परिवार से अलग रहता था। पुलिस ने आशंका जताई है कि बीमारी और ठंड की वजह से मौत हुई है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: **ई-टेंडरिंग : RTM-2025-26-168 कार्य का नाम:** Nagda :- Providing community hall to facilitate railway staff at Nagda Station. **अनुमानित मात्रा:** As per tender schedule **अनुमानित लागत:** Rs. 1,25,69,603.86 **बयाना राशी:** Rs. 2,12,900.00 **कार्य समापन अवधि:** 12 Months **Similar type of work:** Construction of any Building Work **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:** 02.01.2026 **निविदा खुलने की तिथि:** 27.01.2026 विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

Apex/5/1/395 **मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा) रतलाम पश्चिम रेलवे**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है की मेरे पक्षकार के द्वारा शाकिर खां, शाहिद खां, साबिरखां, शेरू खां पुत्रगण हबीबखां के स्वामित्व की भूमि सर्वे नम्बर 256/3, शा.न. 257/3 शामिल रकबा 0.24080, सर्वे न. 266/2 रकबा 0.3400, 267 रकबा 0.5960, 272/3 रकबा 0.29300, 273/2/2शा.न.274/2 मि रकबा 0.178हे0, 273/4 शा.नं.274/4 रकबा 0.88980, 275/1/2 रकबा 0.42980, 275/2 रकबा 0.01080, 277/2/3 रकबा 0.06380, 278/2 रकबा 0.209हे0, 281 रकबा 0.073 हे0 कुल किता 11 कुल रकबा 3.320 हे0 एवं हबीबखां पिता भूरेखा के स्वामित्व की भूमि सर्वे नम्बर 276/1/1/1 रकबा 0.20980 भूमि क्रय करने हेतु मैरे पक्षकार ने बयाना राशी देकर अनुबन्ध पत्र अपने पक्ष में करवा लिया है, उक्त भूमि की रजिस्ट्री होना शेष है, यह की उक्त भूमि के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती हो तो वहा 5 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज के आपत्ती पेश कर सकता है बाद रजिस्ट्री किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ती मान्य नहीं की जावेगी।

भवदीय
महेन्द्र सिंह राजपूत
एडव्होकेट शुजालपुर

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार द्वारा 1- राजेश मालवीय पिता श्री तेजराम मालवीय 2-श्रीमती सोना मालवीय पति श्री राजेश मालवीय, निवासीगण 259, ग्राम चंदेसरी, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 284, जो की शिवांश वेली एक्सटेंशन कालोनी, ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन में अंदर की ओर स्थित हैं। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 67.10 वर्गमीटर है जिसके पूर्व दिशा में सड़क कालोनी की, पश्चिम दिशा में - भूखण्ड क्रमांक 319, उत्तर दिशा में - भूखण्ड क्रमांक 283 एवं दक्षिण दिशा में - भूखण्ड क्रमांक 285 हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी निष्पादित कर आशंकी राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 03 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। ईति दिनांक 08-01-2026

**सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन (म०प्र०)**
**मो. नं. 96177-77776**


**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड तीन बत्ती चैराहा फ्रिगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 31 स्थित गीता कॉलोनी, मोदी का चैपडा उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 169.92 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे - शासकीय रोड़ एवं शेष भाग भूमि ब्लॉक न. 31 का, पश्चिम मे - ब्लॉक न. 32 गोविन्द दास, उत्तर में- शासकीय रोड़ एवं दक्षिण मे- ब्लॉक न. 20 भूमि अशोक जैन कि स्थित है। उक्त सम्पत्ति अदिति गोयल पुत्री अखिलेश गोयल एवं अनंत जय गोयल पुत्र अखिलेश गोयल को पैतृक सपंत्ति के रूप में प्राप्त हुई है। तथा अदिति गोयल एवं अंनत जय गोयल ने रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र क्रमांक MP17IGR18842025A101205808 दिनांक 29/12/2025 को श्रीमति रेखा गोयल पति स्व. अखिलेश गोयल के हित में निष्पादित किया । तथा श्रीमति रेखा गोयल ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

www.awantika.com

# ईश्वर क्या- क्या सुनें



भक्ति कोई क्रिया-कलाप नहीं है। यह किसी एक या दूसरी चीज की ओर नहीं होती; भक्ति किसके प्रति है, यह महत्वपूर्ण नहीं है। बस, इतना ही है कि भक्ति में आप अपने भीतर के सारे विरोध विसर्जित कर देते हैं, जिससे चैतन्य सांसों की तरह बह सके। ईश्वर ऊपर बैठी कोई इकाई नहीं है। यह आपके जीवन में हर पल मौजूद एक जीवंत शक्ति है। एक कैथोलिक परिवार के घर रात के खाने के वक्त परिवार का मुखिया टेबल पर आया, खाने की तरफ देखा, हमेशा की तरह भुनभुनाया और अपनी पत्नी व आस-पास की हर चीज को कोसा। जब कोसना पूरा हुआ और सब अपनी-अपनी जगह बैठ गए, तब वह भी बैठा और प्रार्थना करते हुए बोला, हे ईश्वर, आज का भोजन और टेबल पर मौजूद सारी अच्छी चीजें देने के लिए धन्यवाद। वहां पांच साल की एक बच्ची भी बैठी थी। आपने देखा होगा, नन्हे बच्चों के लिए हमेशा एक तकिया या कुशन कुर्सी पर रखा जाता है, ताकि वे टेबल तक पहुंच सकें, फिर भी प्लेट तक पहुंचना उनके लिए मुश्किल होता है। उस पांच साल की बच्ची ने टेबल से अपना चेहरा ऊपर लाकर कहा, डैडी, क्या ईश्वर हमेशा हमारी प्रार्थनाएं सुनते हैं? पिता ने कहा, हां, क्यों नहीं? हम जितनी भी प्रार्थना करते हैं, वह हमेशा उन्हें सुनता है।

तब वह लड़की नीचे हो गई, क्योंकि वह विचारों में डूब गई थी। कुछ देर बाद वह ऊपर उचकी और पूछा, डैडी, क्या वह दूसरी बातें भी सुनता है, जो हम कहते हैं? पिता ने दोहराया, हां, ईश्वर हमारे जीवन के हर पल में होने वाली उन सभी बातों को देखता और सुनता है, जो हम कहते हैं या करते हैं। बच्ची फिर नीचे हो गई और उसने फिर उचककर पूछा, डैडी, तब वह किन बातों पर विश्वास करता है?

मुझे बताइए, ईश्वर को किस पर विश्वास करना चाहिए- आपकी प्रार्थना पर या आपकी गालियों पर? वह भ्रमित है। उसने हार मान ली है, क्योंकि हमने जीवन के सबसे प्यारे और नाजुक हिस्से को भी प्रणालीबद्ध या संस्थागत बना दिया है। सबके मुंह में शब्द होते हैं, पर उन शब्दों के कोई मायने नहीं रह जाते। जब हम कोई चीज कहते हैं, जो हमारे भीतर वाकई आग की तरह नहीं जलती, तो वह झूठ बोलने जैसा है; तब चुप रहना बेहतर होता है। हम हमेशा वह चीज करने की कोशिश करते हैं, जो किसी ने हजार साल पहले की थी। हां, किसी ने दो हजार साल पहले कुछ किया, तो वह उसके लिए कारगर हुआ, क्योंकि उसके हृदय में उसके लिए आग थी; क्योंकि उसके भीतर सच्चाई धधक रही थी, न कि उसके शब्दों की वजह से। भक्ति भी तपाने वाली होती है, क्योंकि सत्य ऐसी चीज है, जिसमें आग है।

## सम्पादकीय

## पड़ोस की चिंता

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हत्या के सिलसिले का न रुकना बहुत दुखद और चिंताजनक है। बीते 36 दिनों में 11 से ज्यादा अल्पसंख्यकों को बर्बर ढंग से मारा गया है। मारे गए लोगों में वे हिंदू बुजुर्ग दंपति भी शामिल हैं, जो बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में शामिल थे। बीते महीने 2 दिसंबर से हत्याओं का जो सिलसिला चला, वह 18 दिसंबर को दीपू दास की बर्बर हत्या के बाद पूरी दुनिया में सुर्खियां बन गया। बांग्लादेश को हर प्रकार से नसीहतें मिलीं। संयुक्त राष्ट्र ने भी नेक सलाह दी, पर वहां सांप्रदायिक हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। यह पूरे दक्षिण एशिया के लिए गहरी चिंता का विषय है। ध्यान रहे, वहां हिंदुओं की मौत के मामले तो चर्चा में आ रहे हैं, पर उन्हें वहां जिस तरह से परेशान किया जा रहा है, उसका कोई हिसाब नहीं है। यह कहने में भी दुख होता है कि महिलाओं से बलात्कार से लेकर धर्म परिवर्तन के दबाव तक, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की परेशानियों की कोई सीमा नहीं है।

इसमें एक बड़ी चिंता की बात यह है कि भारत की थोड़ी-सी नाराजगी भी बांग्लादेश में उल्टा असर कर रही है। चूंकि यह तनाव क्रिकेट तक पहुंच गया है, तो बुधवार को बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक भारतीय प्रेजेंटर को आखिरी वक्त में अनुबंध से अलग कर दिया गया। भारत में ट्वंटी-20 क्रिकेट विश्व कप के आयोजन को लेकर भी बांग्लादेश ने नाराजगी को छिपाया नहीं है। बांग्लादेश नहीं चाहता कि उसकी क्रिकेट टीम भारत में खेले। वहां आईपीएल के प्रसारण पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। वैसे, बांग्लादेश को इस बात की परवाह जरूर होनी चाहिए कि ऐसे बर्ताव से उसे ही नुकसान होगा। वहां तत्काल प्रभाव से सामाजिक स्थितियों को संभालना चाहिए। बीएनपी के नए नेता तारिक रहमान के बयानों से उम्मीद तो जगती है, क्योंकि वह बांग्लादेश की आजादी के उस दौर को याद कर रहे हैं, जिसे भुलाने-मिटाने की कोशिश में बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार ने अपना पूरा जोर लगा रखा है। वहां फरवरी में चुनाव होने हैं, उस देश को पूरा ध्यान चुनाव और अच्छी सरकार चुनने पर लगाना चाहिए, मगर कभी भारत के प्रति विद्वेष, तो कभी हिंदुओं को निशाना बनाने की परिपाटी इस पड़ोसी देश को पीछे ले जा रही है। ढाका के रहनुमाओं को भूलना नहीं चाहिए कि उनके यहां जब अल्पसंख्यकों का शोषण होता है, तब उसका सीधा असर भारत पर पड़ता है।

### सड़क दुर्घटना मुआवजा और संविधान

# आय से परे मानवीय गरिमा की तलाश

सड़क दुर्घटना मुआवजे की तकनीकी व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय संविधान के मूल दर्शन–समता, गरिमा और कल्याणकारी राज्य–से गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत में हर वर्ष लाखों सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं और इनमें हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं या स्थायी रूप से अपंग हो जाते हैं।



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

ऐसी परिस्थितियों में मुआवजा केवल आर्थिक राहत नहीं होता, बल्कि यह राज्य द्वारा पीड़ित के जीवन-मूल्य को स्वीकार करने और उसकी गरिमा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास भी होता है। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान मुआवजा प्रणाली मुख्यतः आय-आधारित है, जो पहली दृष्टि में तर्कसंगत लग सकती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह संवैधानिक मूल्यों के साथ कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

मोटर वाहन अधिनियम में अपनाई गई मल्टीप्लायर पद्धति पीड़ित की आय, आयु और आश्रितों की संख्या के आधार पर मुआवजा निर्धारित करती है। इसका उद्देश्य यह माना गया कि दुर्घटना से पूर्व जिस आर्थिक स्थिति में परिवार था, उसे यथासंभव पुनर्स्थापित किया जा सके। किंतु इस पद्धति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह मनुष्य के जीवन को उसकी बाजार-योग्यता से जोड़ देती है। एक उच्च वेतन पाने वाले व्यक्ति की मृत्यु या अपंगता पर लाखों या करोड़ों रुपये का मुआवजा तय होता है, जबकि एक दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक या असंगठित क्षेत्र के श्रमिक के लिए यह राशि बहुत कम होती है। इस प्रकार कानून अनजाने में यह संदेश देता है कि किसी व्यक्ति का जीवन उसकी आय के अनुपात में अधिक या कम मूल्यवान है।

यह दृष्टिकोण सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित कानून के समक्ष समानता के सिद्धांत को चुनौती देता है। अनुच्छेद 14 केवल समान व्यवहार की बात नहीं करता, बल्कि यह मनमाने और असंगत वर्गीकरण पर रोक भी लगाता है। जब दो नागरिक समान परिस्थितियों में सड़क दुर्घटना के शिकार होते हैं, लेकिन केवल आय के आधार पर उनके जीवन का मूल्य अलग-अलग तय किया जाता है, तो यह एक प्रकार का संवैधानिक विरोधाभास उत्पन्न करता है। राज्य एक ओर सभी नागरिकों को समान मानता है, दूसरी ओर मुआवजे के स्तर पर उनके बीच आर्थिक हैसियत के आधार पर भेद करता है।

इस व्यवस्था का सबसे गंभीर प्रभाव उन वर्गों पर पड़ता है जिनकी आय औपचारिक रूप से दर्ज नहीं होती या जिन्हें अर्जक ही नहीं माना जाता। गृहिणियाँ, बच्चे, वृद्ध और छात्र अक्सर काल्पनिक आय के आधार पर मुआवजा प्राप्त करते हैं। यह काल्पनिक आय वास्तविक सामाजिक योगदान को प्रतिबिंबित नहीं करती। एक गृहिणी का श्रम घर के भीतर अदृश्य रहता है, लेकिन वह परिवार और समाज की आर्थिक संरचना को संभालने में केंद्रीय भूमिका निभाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने किर्ति बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस (2021) जैसे मामलों में यह स्पष्ट किया है कि गृहिणी का कार्य केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आर्थिक मूल्य भी रखता है। इसके बावजूद, व्यवहार में मुआवजे की गणना में यह योगदान अभी भी पर्याप्त रूप से प्रतिबिंबित नहीं होता।

आय-आधारित मुआवजा प्रणाली का एक और संवैधानिक आयाम अनुच्छेद 21 से जुड़ा है, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया है कि जीवन का अर्थ केवल शारीरिक अस्तित्व नहीं, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन है। जब किसी व्यक्ति की मृत्यु या अपंगता के बाद उसका जीवन-मूल्य केवल गणितीय सूत्रों और आय-स्लैब तक सीमित कर दिया जाता है, तो यह उसकी अंतर्निहित गरिमा को कमतर आँकने जैसा प्रतीत होता है। जीवन को केवल आर्थिक हानि के चश्मे से देखना उस संवेदनशील पीड़ा, मानसिक आघात और सामाजिक असुरक्षा को नजरअंदाज करता है, जिसका सामना पीड़ित परिवार को करना पड़ता है।

इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि न्यायसंगत मुआवजा की अवधारणा स्वयं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा व्यापक अर्थों में व्याख्यायित की गई है। न्यायालय ने माना है कि मुआवजा केवल आय-हानि की भरपाई नहीं, बल्कि भावनात्मक क्षति, मानसिक वेदना और भविष्य की अनिश्चितता के लिए भी होना चाहिए। फिर भी, मौजूदा कानूनी ढांचा इन अमूर्त पहलुओं को पर्याप्त स्थान नहीं देता। परिणामस्वरूप, मुआवजा प्रक्रिया अक्सर एक यांत्रिक गणना बनकर रह जाती है, जिसमें मानवीय संवेदना का अभाव दिखाई देता है।

यदि हम अन्य परिवहन कानूनों से तुलना करें, तो यह असमानता और भी स्पष्ट हो जाती है। रेलवे अधिनियम और विमानन से जुड़े कानूनों में दुर्घटना की स्थिति में एक समान, निश्चित मुआवजा निर्धारित है, जो पीड़ित की आय या सामाजिक स्थिति से स्वतंत्र होता है। उदाहरण के लिए, रेलवे दुर्घटनाओं में मृत्यु पर एक निश्चित राशि दी जाती है। यह व्यवस्था यह स्वीकार करती है कि सुरक्षा का अधिकार और जीवन का मूल्य सभी नागरिकों के लिए समान है। सड़क परिवहन क्षेत्र में इस तरह की एकरूपता का अभाव यह प्रश्न उठाता है कि क्या भारत में सुरक्षा का अधिकार परिवहन माध्यम के अनुसार बदल जाता है।

एक कल्याणकारी राज्य में राज्य की भूमिका केवल न्यायालयों के माध्यम से विवाद निपटाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक नागरिक को न्यूनतम गरिमा के साथ जीवन और मृत्यु दोनों में संरक्षण मिले। इस दृष्टि से सड़क दुर्घटना मुआवजा प्रणाली में सुधार समय की आवश्यकता है। सबसे पहले, एक उच्च और अनिवार्य न्यूनतम मुआवजा राशि तय की जानी चाहिए, जो नो-फॉल्ट लायबिलिटी के सिद्धांत पर आधारित हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आय चाहे कुछ भी हो, प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक सम्मानजनक आधारभूत सहायता मिले। इसके साथ ही, गैर-अर्जक वर्गों के योगदान का यथार्थवादी मूल्यांकन किया जाना चाहिए। गृहिणियों, बच्चों और वृद्धों के लिए मुआवजा निर्धारित करते समय केवल काल्पनिक आय के बजाय उनके सामाजिक, देखभाल और भावनात्मक योगदान को भी महत्व दिया जाना चाहिए। यह सुधार न केवल लैंगिक न्याय की दिशा में कदम होगा, बल्कि सामाजिक वास्तविकताओं के अधिक निकट भी होगा।

## चलो घंटा बजाते हैं

आओ मदन, आज तुम्हें उस सरकारी गुफा के दर्शन कराऊँ, जहाँ 'घंटा' शब्द धातु का मोह छोड़कर 'रिश्वत' का रसगुल्ला बन जाता है। ओंकार दादू ने हाथ पकड़कर मदन को उस गलियारे में खींच लिया, जहाँ फाइलों का ढेर किसी सड़ते हुए शव की तरह बदबू दे रहा था। परसाई जी की रूह यहाँ दीवारों पर टंगे उन पोस्टरों में मुस्कुरा रही थी, जिन पर लिखा था– 'भ्रष्टाचार मिटाओ', मगर जिनके पीछे ही असली 'घंटा' बजाया जा रहा था। यहाँ का सरोकार जनता की सेवा नहीं, बल्कि उस जेब का वजन है जो 'घंटे' के शोर को शांत कर सके। दादू ने फुसफुसाते हुए कहा, बेटा, यहाँ जब बड़ा बाबू कहे कि 'काम में घंटा भर लगेगा', तो समझ लेना कि वह साठ मिनट की बात नहीं कर रहा, बल्कि तुझसे उस 'दक्षिणा' की मांग कर रहा है जिसे दिए बिना यहाँ पत्ता भी नहीं हिलता। यहाँ 'घंटा' एक कूटशब्द (कोड वर्ड) है, जो मयार्दा की ओट में नंगई का नाच नाचता है।

साहब, मेरी फाइल पर दस्तखत कर दीजिये, माँ अस्पताल में है। मदन ने बड़े बाबू के सामने गिड़गिड़ाते हुए कहा। बाबू ने चश्मा नाक पर टिकाया और एक ऐसी नजर डाली जो इंसान को सीधा 'घंटा' (अकिंचन) करार दे दे। मदन बाबू, फाइल तो बढ़ जाएगी, पर इसमें जो 'घंटा' गायब है, उसका क्या? यहाँ 'घंटा' का अर्थ वह चिकना नोट है जो फाइल के पहियों में ग्रीस का काम करता है। मदन ने मासूमियत से पूछा, साहब, दफ्तर में तो बड़ा घंटा टंगा है, फिर फाइल में कौन सा घंटा चाहिए? बाबू हँसे, वैसी ही कुटिल हँसी जैसी बिल्ली चूहे को खाने से पहले दिखाती है। मूर्ख, वह दीवार वाला घंटा तो केवल समय का कत्ल करता है, फाइल वाला 'घंटा' ही असल में 'विकास' का रास्ता साफ करता है। यह हृदयविदारक यथार्थ है कि जहाँ न्याय और अधिकार की बात हो, वहाँ व्यवस्था एक बहरा 'घंटा' बन जाती है, जो तभी बजती है जब उस पर चांदी की चोट की जाए। दादू, यो तो सीधा-सीधा डकैती है! मदन का खून खौल उठा। दादू ने उसका हाथ दबाया, चुप रह छोरा, यहाँ दीवार के भी कान हैं और वो भी 'घंटे' सुनने के आदी हैं। परसाई शैली का तीखा कटाक्ष यहाँ है– प्रशासन एक ऐसा मंदिर है जहाँ देवता तभी जागता है जब पुजारी की मुट्ठी गरम हो। यहाँ की फाइलें सबसे नीचे दबी होती हैं क्योंकि उनमें 'घंटे' की खनक नहीं होती।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 जनवरी 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 17:54
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - सप्तमी दिन पूर्ण उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 13:41 उपरांत हस्त
योग - शोभन 16:55 उपरांत अतिगंड
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 19 तारिख

**मेष-** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**वृषभ-** नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन-** पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**कर्क-** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा।

**सिंह-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे।

**कन्या-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**तुला-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा।

**वृश्चिक-** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**धनु-** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

**मकर-** बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। फालतू खर्च होगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें।

**कुंभ-** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है।

**मीन-** संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

## समसामयिक

## सभी परीक्षाओं में जैमर और सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य हो

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा फरवरी-मार्च में आयोजित होने वाली दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को नकल मुक्त बनाने का नया निर्णय सराहनीय और दूरदर्शी है। बोर्ड ने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल ऐप आधारित ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया है।



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)

इसके तहत जैमर और सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा प्रक्रिया पर सतत नजर रखी जाएगी। यह कदम न केवल परीक्षा की पवित्रता सुनिश्चित करेगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाली का माध्यम भी बनेगा।तकनीक के दुरुपयोग से नकल के नए तरीके उभरे हैं–मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरपीस और सोशल मीडिया के जरिए संगठित गिरोह अब बड़ी चुनौती हैं। जैमर परीक्षा केंद्रों में मोबाइल नेटवर्क को निष्क्रिय करेगा, जबकि सीसीटीवी न केवल परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर नजर रखेगा, बल्कि कक्ष निरीक्षकों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को भी पारदर्शी बनाएगा। कैमरे लगाने से काम नहीं चलेगा; परीक्षा के दौरान उनकी सतत निगरानी और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई जरूरी है।यह व्यवस्था साहसिक इसलिए है क्योंकि अब तक अनियमितताओं का दोष मुख्यतः छात्रों पर ही मढ़ा जाता रहा, जबकि लापरवाही या मिलीभगत की शिकायतें भी आम हैं। सीसीटीवी से जवाबदेही तय होगी और ईमानदार शिक्षकों को संदेह से मुक्ति मिलेगी।मध्य प्रदेश स्कूली शिक्षा विभाग ने इसे फिलहाल केवल संवेदनशील केंद्रों तक सीमित रखा है, लेकिन इसे चरणबद्ध रूप से सभी परीक्षा केंद्रों पर लागू करना चाहिए। समान परीक्षा प्रणाली में भिन्न निगरानी स्तर असमानता पैदा करते हैं। यदि परीक्षा योग्यता और परिश्रम का सच्चा मूल्यांकन है, तो प्रक्रिया हर जगह निष्पक्ष होनी चाहिए।उच्च शिक्षा विभाग को भी आगे आना होगा। सरकारी-निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नकल की शिकायतें कम नहीं हैं। बोर्ड स्तर पर संभव तकनीकी निगरानी को उच्च शिक्षा में भी लागू कर विद्यार्थियों को उनकी वास्तविक योग्यता के अनुरूप परिणाम सुनिश्चित किए जाएं।

## कल्पवासी चले प्रयाग

पावन माघ मास का हुआ है शुभारंभ और घाटों पर रौनक छाई,
एक माह के इस उत्सव ने भक्तों में अनोखी संकल्प शक्ति जगाई,
कल्पवासी चले प्रयाग प्रण लेकर कठिन व्रत का बहुत ही खास,
12 वर्षों की यह अद्भुत तपस्या माघ मास गंगा स्नान व उपवास ।
कल्पवासी करेंगे धरती पर शयन सत्य भाषण वाणी पर संयम,
एक महीने गृहस्थ आश्रम से हो दूर करेंगे हरि की सेवा प्रथम,
सुंदरतम माघ महात्म तीनो काल सुबह दोपहर संध्या बांचेंगे,
तुलसी जी और जौ को प्रतिदिन सींच संकीर्तन सत्संग करेंगे ।
गंगा की रेती और संगम स्थल पर संतों संग ₹आनंद₹ होगा भरपूर,
समर्पित कर तन मन धन सब ईश्वर को मायावी जग से वे रहेंगे दूर,
दुखियों की करेंगे स्वैच्छिक सेवा स्वयं भोजन बना कर ग्रहण करेंगे,
आए चाहे कोई बाधा एक माह कल्पवास के स्थान को नहीं छोड़ेंगे ।
माघ मास की महिमा विशाल देती जीवन संजीवनी शक्ति अनंत,
इन्द्रियों पर साधकर संयम अनूठा मोक्ष गमन भीतर होता जीवंत,
जहाँ अनूठा अमृत झरता अम्बर से जो व्याधि मुक्त बनाता जीवन,
बड़ा ही पवित्रतम होता भक्त-भगवान व पूजनीय संतों का मिलन ।

**मोनिका डागा**

# शादी विकल्प, जीवन मिशन: आज की लड़कियों की सोच

सपनों की उड़ान अब किसी परंपरा की कैद में नहीं रुकती। आज की लड़कियां अपने भविष्य को खुद आकार दे रही हैं, और यह तय कर रही हैं कि जीवन का असली



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

मानदंड केवल विवाह नहीं, बल्कि स्वायत्तता, तकनीक, विज्ञान, शिक्षा, उद्यमिता और नेतृत्व में अपनी पहचान बनाना है। हर कदम पर वे पुरानी सीमाओं को चुनौती देती हैं और नए अवसरों की खोज में समाज की रूढ़ियों को पीछे छोड़ रही हैं। यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि एक नई पीढ़ी की शक्ति, साहस और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है।

### नई पीढ़ी की लड़कियों का दृष्टिकोण

आज की लड़कियां शादी को जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं मानतीं। वे अपने सपनों, करियर और आत्म-विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती हैं। यह बदलाव केवल एक क्षणिक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि समाज में गहरी और स्थायी क्रांति का संकेत है। भारतीय परंपरा में वर्षों से चली आ रही धारणा कि लड़की की सफलता केवल घर, विवाह और गृहस्थी में मापी जाती थी, अब पूरी तरह टूट चुकी है। नई पीढ़ी स्पष्ट रूप से कहती है जीवन मेरा है, फैसले मेरे हैं, और समय मेरे हाथ में है। यह आजादी उन्हें आत्मविश्वास, सम्मान और सामाजिक मान्यता देती है। हर लड़की के लिए यह परिवर्तन प्रेरणा और दिशा का स्त्रोत बन चुका है।

### बंधनों से मुक्ति का सफर

इतिहास में लड़कियों को अक्सर परिवार और समाज की सीमाओं में रखा गया। बाल विवाह, कम शिक्षा और घरेलू जिम्मेदारियों ने उनकी प्रतिभा और संभावनाओं को रोका। स्वतंत्रता के बाद भी यह सोच धीरे-धीरे बदल रही थी। लेकिन पिछले तीन दशकों में शिक्षा के प्रसार, कानूनी सुरक्षा और वैश्विक दृष्टिकोण ने यह परिदृश्य पूरी तरह बदल दिया। सावित्रीबाई फुले से लेकर आज की युवा उद्यमियों तक, महिलाओं ने हर मोड़ पर संघर्ष किया। अब लड़कियां आईएएस, वैज्ञानिक, पायलट और सीईओ बन रही हैं। वे समझ चुकी हैं कि शादी जीवन का हिस्सा है, लेकिन उसका अंतिम लक्ष्य नहीं। यह बदलाव केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं, बल्कि समाज में गहन क्रांति का प्रतीक बन चुका है।

### आंकड़े जो बदलाव दिखाते हैं

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में महिलाओं की औसत विवाह आयु अब 22.5 वर्ष से अधिक हो चुकी है। शहरी क्षेत्रों में यह 25-28 वर्ष तक पहुँच चुकी है। उच्च शिक्षा प्राप्त 70 प्रतिशत से अधिक लड़कियां शादी को 25 वर्ष के बाद स्थगित करना चाहती हैं। कॉर्पोरेट क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, और स्टार्टअप्स में महिला संस्थापकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। लाखों लड़कियां अब सोशल मीडिया पर अपनी करियर और शादी में देरी की पसंद को खुलकर व्यक्त कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता फैल रही है। समाज का दबाव अभी भी मौजूद है, लेकिन लड़कियां जवाब दे रही हैं पहले करियर, पहले स्थिरता, पहले अपनी पहचान।

### व्यक्तिगत और सामाजिक सशक्तिकरण

जब लड़कियां शादी से पहले अपने जीवन की योजना बनाती हैं, तो वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनती हैं। इससे उनके निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है, आत्मविश्वास मजबूत होता है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

## धर्म-आस्था

# श्रीरामकथा एवं श्रीहनुमानकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग

राम के जीवन पर न जाने कितनी कथाएँ होंगी और कितनी किंवदंतियाँ। न जाने कितने कथावाचक रामायण की कहानियाँ सुना-सुनाकर प्रभूत यश एवं धन के स्वामी बन बैठे हैं। उनके बड़े-बड़े आश्रम हैं, पीठ हैं और भक्त हैं, जबकि उनकी कथाओं में बड़ी मात्रा में मनोरंजक मसाला मिला होता है। वे कथा का स्रोत भी नहीं जानते। दूसरी ओर डॉ. नरेंद्रकुमार मेहता जैसे कुछ सत्यशोधक हैं, जो विभिन्न ग्रंथों के आधार पर पाठकों की जिज्ञासा शांत करते हैं और उसका संदर्भ सहित स्रोत भी बताते हैं। मेहता जी की यह पुस्तक भी ठोस संदर्भों के साथ लिखी गई है, जिसमें पचहत्तर से अधिक ऐसे अज्ञात या अल्पज्ञात प्रसंग दिये गए हैं, जिससे रामकथा प्रेमी लाभान्वित होंगे तथा कथावाचक अपने व्यवसाय में श्रीवृद्धि कर सकेंगे।

लगभग तीन सौ पृष्ठों की पुस्तक में आए सभी प्रसंगों तथा कथाओं का उल्लेख यहाँ नहीं किया जा सकता। दुर्लभ प्रसंगों का रहस्योद्घाटन भी किसी समीक्षा में नहीं हो सकता। यहाँ बस कुछ उदाहरण दिए जा सकते हैं। रामकथा में एक प्रसंग दशरथ की एक पुत्री के होने का आता है, जिसका उल्लेख तुलसीदास के रामचरितमानस में नहीं मिलता। महाराज दशरथ की पुत्री शांता की कथा लोक में सुनी जाती है। मेहता जी के अनुसार इसका उल्लेख आनंद रामायण में है। महाराज दशरथ की यह पुत्री सुमित्रा से पैदा हुई थी। जब महाराज दशरथ पुत्रेष्टि यज्ञ कराने को तत्पर हुए तब महर्षि वशिष्ठ ने उन्हें सलाह दी कि वे ऋष्यशृंग को बुलाकर सरयूतट पर यह यज्ञ संपन्न करवा सकते हैं। शांता का विवाह ऋष्यशृंग से हुआ था। एक कथा के अनुसार शांता अंगदेश के नरेश रोमपाद की दत्तक पुत्री थी, जिसे रोमपाद ने ऋष्यशृंग को दे दी थी। इन्हीं ऋष्यशृंग ने अंगदेश में वर्षा न होने पर यज्ञ करवाया था, जिससे वर्षा हुई थी। यह कथा इस पुस्तक में विस्तारपूर्वक दी गई है।

सीता स्वयंवर में शिवधनुष टूटने पर परशुराम जी का क्रोध एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद सभी को ज्ञात है, किंतु शिवधनुष के श्रीराम द्वारा तोड़े जाने पर परशुराम जी ने इतना क्रोध क्यों किया? क्या परशुराम जी का क्रोध उचित था? इस प्रश्न का उत्तर कम लोगों को मालूम है। इस प्रश्न का उत्तर च्मानसश्रीज मेहता जी ने श्रीमद्वाल्मीकिरामायण तथा अन्य ग्रंथों के आधार पर सप्रमाण देते हैं। देवताओं के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने दो धनुषों का निर्माण किया था। जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था, उसे देवताओं ने त्रिपुरासुर का वध करने के लिए भगवान शिव को दे दिया था। दूसरा धनुष, जिसका नाम दुर्धर्ष था, वह परशुराम जी को मिला था। कौन-सा धनुष किसको कैसे मिला, कहाँ पहुँचा, इसकी भी अनेक अंतर्कथाएँ हैं, जिसका वर्णन मेहता जी ने च्शिवधनुष के टूटने पर भगवान परशुराम के क्रोध का रहस्यज नामक अध्याय में किया है। रामायण प्रसंगों में बहुत रुचि रखने वाले तथा प्रश्न करने वाले पाठकों के लिए यह अध्याय बहुत उपयोगी है।

जिन प्रमुख प्रसंगों, रहस्यों का उद्घाटन लेखक ने इस पुस्तक में किया है, उनमें च्देवर्षि नारद का दक्ष प्रजापति को श्रापज, च्ब्रह्मा जी की भविष्यवाणी तथा कौसल्या हरणज, च्सीता जी के पिता के इतने नाम क्यों? श्रीराम भरत मिलाप में अंबरीश दुवार्सा प्रसंग की अंतर्कथाज, च्जटायु श्री दशरथ जी के मित्र कैसे?ज, च्रामसेतु एवं श्री रामेश्वर लिंग का माहात्म्यज आदि का उल्लेख किया जा सकता है। इन अध्यायों में लेखक ने केवल कथा ही नहीं लिखी है, उसे तर्कपूर्ण ढंग से एक दूसरे से जोड़ा भी है। जब पाठक इन अध्यायों से गुजरता है तो उसे लगता है कि उसकी जिज्ञासाओं का शमन हो चुका है। कुछ अध्याय या प्रसंग तो ऐसे हैं कि सामान्य व्यक्ति के लिए वे सर्वथा अपरिचित हैं। रामसेतु की लंबाई, चौड़ाई कितनी है तथा यह कितने समय में बना, इन सबका गणितीय आँकड़ा भी दिया गया है। मेहता जी रामसेतु का वर्णन करते हुए लिखते हैं :

श्रीराम सेतुबंध सौ योजन लम्बा बनाना था। अतः कुछ दूसरे वानर सौ योजन लम्बा सूत पकड़े हुए थे। हाथी के समान विशालकाय वानर बड़े उत्साह और तेजी के साथ कार्य सम्पन्न कर रहे थे। प्रथम दिवस ही वानरों ने 14 (चौदह) योजन लम्बा पुल बाँधा।

दूसरे दिन इन्हीं भयंकर शरीरवाले महाबली वानरों ने तेजी से काम करके 20 (बीस) योजन लम्बा पुल शीघ्रतापूर्वक बाँध दिया।

**डॉ. नरेन्द्र मेहता**

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2350-3050, चना काबली- 3011-9000, चना बड़ा- 4041-5005, बटला- 3280 तिल्ली- 5700-6300, सोयाबीन- 1901-5461, मैथीदाना- 4500-5270 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,38,500, रवा- 1,38,400 चांदी- टंच- 2,37,500 पाट- 2,37,400।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मीसाबंदी किशोरी लाल चौरसिया का पार्थिव देह पंच तत्व में विलीन

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने जताया शोक

**गुना।** लोकतंत्र सेनानी एवं मीसाबंदी किशोरी लाल चौरसिया का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ बुधवार बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम पर संपन्न हुआ। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई के पूर्व गार्ड ऑफ आर्नर दिया गया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, एडीएम अखिलेश जैन, तहसीलदार एसबैरवा ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उनके निधन पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया सहित अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि किशोरी लाल चौरसिया जी ने लोकतंत्र की रक्षा और समाज के उत्थान के लिए उनका आजीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा बना रहेगा। उनके सिद्धांत, साहस और सेवा भाव की स्मृतियाँ सदैव जीवित रहेंगी। उनके अंतिम यात्रा में जिला महामंत्री संतोष धाकड़, रविन्द्र रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। वे अपने जीवनकाल भारतीय जनता पार्टी के संगठन में विभिन्न दायित्वों पर रहे हैं और इमरजेम्सी के दौरान जेल में रहे हैं। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र ने दी।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**गुना।** बैठक में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के म्याना आगमन की तैयारियों को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में म्याना मंडल की बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया भी उपस्थित रहे। बैठक में म्याना मंडल के अंतर्गत डूँगासरा, म्याना, टकनेरा शक्ति केन्द्र की बत्तीस बूथों की समिति सदस्यों के साथ पार्टी की कामकाजी बैठक को सम्बोधित लिया एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार सभी कार्यकताओं को पार्टी के कार्यक्रमों को मूर्त रूप देने की बात कही। पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोच्च है,वो ही अपनी निष्ठा और समर्पण से हमे विधायक और मंत्री बनाता है। बैठक उपरांत पार्टी पदाधिकारियों ने म्याना रेलवे स्टेशन पहुंचकर गुरुवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुरुवार शाम ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी के म्याना स्टॉपेज एवं भोपाल जोधपुर ट्रेन का पगारा स्टेशन पर स्टॉपेज का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शुभम रघुवंशी, मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव,जिला पंचायत सदस्य दामोदर शर्मा, सरपंच जयनारायण सोनी, मुकेश जाटव, कुलदीप गोयल आदि उपस्थित रहे।

## वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक बहुरंगीय कैलेंडर का विमोचन संपन्न




**भौरासा।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा वर्ष 26 के बहुरंगी वार्षिक कैलेंडर का विमोचन स्थानीय इकाई द्वारा माहेश्वरी समाज धर्मशाला में संपन्न हुआ कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण की लाठी जिला अध्यक्ष गौरव खंडेलवाल मुख्य अतिथि थे। नगर वैश्य समाज अध्यक्ष प्रदीप मंत्री की अध्यक्षता में समाज के उपाध्यक्ष महेश बलदवा के सहित शिवजी संघवी गौरव जी गुप्ता पवन गोयल एवं संजय सेठी के विशेष अतिथि में संपन्न हुआ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माता लक्ष्मी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया सभी अतिथियों का स्वागत समाज के सदस्य द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रदीप मंत्री द्वारा एवं संचालन माहेश्वरी समाज के जिला महामंत्री प्रकाश मंत्री एवं आभार समाज के नितिन शारड़ा द्वारा दिया गया मुख्य अतिथि लाठी एवं खंडेलवाल द्वारा समाज की उनती एकता एवं संगठन को मजबूत करने तथा देश एवं समाज हित में कार्य करने पर जोर दिया कैलेंडर में विवाह मुहूर्त मुख्य त्योहार राष्ट्रीय त्योहार जन्म जयंती पुण्यतिथि राशिफल समाज के पदादिकारीयों के मोबाइल नंबर वैश्य घटकों की जानकारी जन्म कुंडली की सुन्दर प्रस्तुति हैं। कार्यक्रम को समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे। समाज के वरिष्ठ सदस्य महेश मंत्री घनश्याम लाहोटी महेश बलदवा ने भी संबोधित कर समाज की एकता पर जोर दिया इस अवसर पर समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### महामंगल ध्वजयात्रा का चतुर्थ वर्ष

# श्री मंगलनाथ मंदिर से श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर तक निकली महामंगल ध्वज यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बडनगर

अंग्रेजी कैलेंडर के नए साल के पहले मंगलवार को सुबह बडनगर की धरा भक्तिमय नजर आई । अंगारेश्वर महादेव भक्त मंडली बड़नगर के प्रमुख और यात्रा संयोजक प्रध्युम पण्डया भाईजी ने बताया कि सनातन धर्म की इस महामंगल यात्रा का यह चौथा वर्ष है । जिसमें तहसील की धर्मप्रेमी जनता हाथों में भगवा ध्वज लेकर हर हर महादेव जय महामंगल, जय अंगारेश्वर महादेव के जयघोष के साथ जुनाशहर स्थित प्राचीन श्री मंगलनाथ महादेव मंदिर से सुबह 11 बजे महाआरती उतार कर शिप्रा तट स्थित अंगारेश्वर महादेव मंदिर उज्जैन के लिए महामंगल ध्वज यात्रा लेकर निकले है ।

मंगलवार को यात्रा के प्रारंभ में श्री सिद्ध हनुमान धाम परमहंस आश्रम भोले निवास (भोमलवास) श्री गोपाल कृष्णानंद महाराज, विधायक जितेंद्रसिंह पण्डया ने मंगलनाथ महादेव की आरती एवं ध्वज पूजन ओर अंगारेश्वर महादेव के चित्र पर



दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। विधायक पण्डया ने उपस्थित सनातनियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी परंपरा सनातन की परंपरा है,जो हमें ऋषि मुनियों ने सौंपी है । उसका निर्वहन होना चाहिए । ये जो ध्वज यात्रा है, सनातन धर्म का ध्वज है। इसे हम झुकने न दे । जैसे देश के वीर जवान सीमा पर दुश्मनों को सिने पर गोली खाकर भी मुंह तोड़ जवाब देते हैं और हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की रक्षा करते हैं । तत्पश्चात गोपाल कृष्णानंद महाराज व विधायक पण्डया महामंगल ध्वज लेकर खुली जीप में सवार हुए और यात्रा की शुरआत की। दोपहर 3 बजे यात्रा अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुची जहा मुख्य पुजारी मनीष उपाध्याय ने अखिल भारतीय औदिच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल विधायक जितेंद्रसिंह पण्डया, युवा इकाई राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन अवस्थी, डॉ राकेश पंड्या, डी पी भाईजी ,वासुदेव रावल, शैलेन्द्र सिंह झाला सहित अन्य भक्तों को पूजन अभिषेक करवा ध्वज अर्पण किया गया ततपश्चात ध्वज को शिखर पर लगाया गया ।जिसके उपरांत महाआरती कर प्रसादी वितरण की गई । महामंगल ध्वज यात्रा में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज ,भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़ , इंगोरिया मंडल अध्यक्ष इंद्रपालसिंह पंड्या , भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश व्यास , भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश हारोड , भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयराज सिंह चिरोला बना ,जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, संतोष पंड्या ,विजय मेहता , अंकित त्रिवेदी लल्ला ,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा , आकाश यादव ,लाला पटेल ,हिमांशु शुक्ल , देवनारायण व्यास, अंकित दवे , हिमांशु रावल ,रवि भट्ट , यशप्रकश पंड्या , सहित अंगारेश्वर महादेव के भक्तगण शामिल थे।

**इन मार्गो से होकर निकली यात्रा**

महामंगल ध्वज यात्रा कोर्ट तिराहा होते हुए मौलाना , रसूलाबाद , खरसोद खुर्द सातवामिल, सरसाना, इंगोरिया, चिकली, खडोतिया, मुल्लापुरा , मेला ग्राउंड, गुमानदेव हनुमान, खाकचौक, सान्दीपनि आश्रम, श्री मंगलनाथ महादेव मंदिर होते हुए श्री अंगारेश्वर महादेव पहुंची।

## 24 वा पेंशनर सम्मान समारोह आज 9 जनवरी को आयोजित होगा

**खाचरोद।** मध्यप्रदेश पेंशनर समाज द्वारा 24 वा सम्मान समारोह 9 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे स्थान सुनारिया बाजार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 11 पेंशनरजन का सम्मान ओर 26 नवीन सदस्यों का स्वागत एवं 2 सदस्य वृक्षारोपण पर्यावरण पुरुष का सम्मान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर.सी. मिश्रा प्रांतीय महासचिव पेंशनर समाज , अध्यक्षता मदनलाल पाटीदार जिला पेंशनर समाज, विशेष अतिथि पीठाधीश्वर श्री श्री कृष्णानंद महाराज, नपाध्यक्ष गोविद भरावा, मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, अध्यक्ष तहसील बड़नगर पेंशनर समाज भरत शर्मा, अध्यक्ष तराना पेंशनर समाज देवी सिंह चौहान, जिलाउपाध्यक्ष उज्जैन पेंशनर समाज मोहनलाल लोहार की उपस्थित में होगा। उक्त कार्यक्रम में सभी पेंशनरों का समान आदि का कार्य अध्यक्ष जगदीशचंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप खाबीया, सचिव सुरेशचंद्र शर्मा एवं कार्यकारिणी समिति द्वारा किया जाएगा।

## लखनवास में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया

ब्यावरा। कांग्रेस गादिया ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जाट, गादिया ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश दांगी करणपुरा के नेतृत्व में इंदौर के भागीरथपुरा में पीने के दुषित पानी सेआम जनता की जान जाने पर सवाल पूछने पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया पुतला दहन कार्यक्रम में युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन अरोरा , जिला उपाध्यक्ष शिव दांगी ,अर्पित शर्मा , भंवर बना, महेशगुर्जर, सोमिल पाराशर, बाबूलाल मीना, मन्ना सिंह, मानसिंह, सावतगुर्जर, महेंद्र गुर्जर, ईश्वर गुर्जर, मनोज शिवहरे, सर्जन लववंशी बसंतिगिर, मनोज शिवहरे, गोविंद पटेल, महेश गुर्जर , किशन पुरी, शिवगिरी ,ज्ञानसिंह लोदा, सूरज बना एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### चाइना डोर को लेकर पुलिस प्रशासन व राजस्व की संयुक्त कार्रवाई

# पतंग और मांझा विक्रेताओं की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया

### चाइना डोर को लेकर राजस्व व पुलिस प्रशासन हुआ सख्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौरासा

नगर में मकर संक्रांति पर्व को लेकर बच्चों में पतंग उड़ाने का उत्साह काफी देखने को मिल रहा है तो वही चाइना डोर की बिक्री का भी अंदेशा बना हुआ है। बुधवार को देवास जिलाधीश के निर्देश अनुसार नगर में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नगर की पतन दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में नायब तहसीलदार नेहा शाह एवं थाना प्रभारी प्रीति कटारे अपने दलबल के साथ नगर की पतंग दुकानों पर चाइना डोर को लेकर कार्रवाई करने निकली नगर की पांच दुकानों पर निरीक्षण किया गया वही किसी के यहां पर भी चाइना डोर नहीं पाई गई वहीं सभी दुकानदारों को चाइना डोर न बेचने की हिदायत भी दि गई ,कहा कि अगर किसी के पास



भी चाइना डोर मिलती है या पाई जाती है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी, विक्रेताओं से बात कर दुकान की सघन तलाशी ली गई इस दौरान किसी भी विक्रेता के यहां चाइना डोर नहीं मिली पुलिस टीम ने सभी को समझाइश दी कि आगे भी चाइना डोर ना रखें इससे आपके साथ-साथ आमजन भी सुरक्षित रहेंगे चाइना डोर मिलने पर नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी,इस अवसर पर उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह भदोरिया उप निरीक्षक प्रताप सिंह, संजय तंवर, प्रधान आरक्षक अभिषेक पांडे, राहुल चावड़ा, अशोक चौहान, जितेंद्र तोमर, आरक्षक उमेश भदोरिया राजस्व नेहा मैडम, सहित आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### बड़नगर श्री संघ के 100 से अधिक धमार्लुजन करेंगे तीर्थंकरो प्रभु की

# मोक्ष भूमि शिखरजी और पंच तीर्थ की यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

जैन धर्म में तप, तपस्या, आराधना का बहुत महत्व है और जब तीर्थ यात्रा स्पर्शना की बात हो तो यह पुण्य उदय और अधिक बढ़ जाता है। बड़नगर सकल श्वेताम्बर जैन समाज के 111 के लगभग यात्रियों द्वारा शिखरजी सहित पंच तीर्थी जिसमें लछवाड़ रिजु बालिका पावापुरी कुंडलपुर नालंदाआदि तीर्थों की स्पर्शना कर प्रभु के चरणों में शीश नवा कर कर्मों की निर्जरा करेंगे। यह अवसर प्रदान किया है सकल श्री संघ के सहयोग एवं दानवीर भामाशाहों के सहयोग से सेवा कार्यों में अग्रणी राजेंद्र सेवा समिति द्वारा भामाशाओं के सहयोग से। न्यूनतम राशि से सभी यात्रियों को झारखंड राज्य स्थित शीखरजी सहित पंच तीर्थ की यात्रा कराई जा रही है। इस यात्रा संघ में बाल, युवा, वयोवृद्ध महानुभाव यात्रियों द्वारा सहभागिता करते हुए पूरे हर्ष और उल्लास के साथ प्रभु के दर्शन करने को आतुर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वाधिक यात्रियों वाला यह शिखरजी संघ अपने आप में एक इतिहास बनाते हुए निकला है। मंगलवार को तीर्थ यात्रियों का बहुमांन करते हुए नगर वासियों द्वारा स्वागत बहुमान कर भव्य विदाई दी गई। इसके पूर्व स्थानीय राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में लाभार्थी परिवार जिन्होंने पुण्योदय से मिली लक्ष्मी का सदुपयोग कर यात्रा करवाने में सहभागी बने हैं। उनकी खूब-खूब अनुमोदना करते हुए श्री संघ एवं समितियां



और साथियों द्वारा बहुमान किया गया। इस यात्रा में यात्रीगण अनेक तीर्थ की स्पर्शना करते हुए जैन समाज के 24 में से 20 तीर्थंकरों की मोक्षस्थली शिखरजी पहाड़ की यात्रा कर अपने आप को धन्य महसूस करते हुए प्रभु के दर्शन करने के पश्चात अपने आप को भाग्यशाली महसूस करेंगे। बहुमान सभा में क्षेत्रीय विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल सहित गणमान्य समाजजन एवं बाहर से पधारे लाभार्थी परिवार एवं यात्रीगण ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी यह यात्रा कुशल हो मंगल हो एवं आप पूरी तरह स्वस्थ रहकर पुण्य लाभ प्राप्त करो । यात्रा व्यवस्था प्रभारी मनीष ओरा, अमित कुमठ ने बताया कि यात्रा में समिति द्वारा यात्रियों के भोजन आवास नाश्ता आदि की संपूर्ण व्यवस्था की गई है । जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार नाहर ने दी।

# सोयाबीन छह हजार,गेहूं चार हजार एमएसपी को लेकर किसानों को 4 गुना मुआवजा लैंड पुलिंग समाप्त हो-चौहान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

किसान कांग्रेस ने देवास से विजयगंज मंडी तक निकाली किसान जन आंदोलन यात्रा देवास बुधवार को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह चौहान कि अध्यक्षता में देवास विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के हक में किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली गई यात्रा सुबह 12 बजे शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात यात्रा प्रारंभ हुई जो अमलावती निपानिया मेंडकी धाकड़ पटलावदा लोहान बजेपुर कवड़ी अग्रोद रालामंडल मंगरोला सालनखेड़ी भेसुनी विजयगंज मंडी पहुंची यात्रा का किसानो ने जोरदार स्वागत किया मंडी के चौक बाजार




में विशाल सभा का आयोजन किया गया जिसे संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किसानों को बताया की यात्रा का हमारा प्रमुख उद्देश्य है कि गेहूं की एसपी 4000 रुपए प्रति कुंटल की जाय धान की एसपी 4000 रुपए प्रति कुंटल की जाय सोयाबीन की एसपी 6000 रुपए प्रति कुंटल मक्का के समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी प्याज आलू टमाटर लहसुन का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए नकली खाद बेचने वालों पर सख्त कानून बने।

लैंड पूलिंग योजना को आपको समझना होगा यह योजना निरस्त होनी चाहिए नहीं तो आपकी कीमती भूमि उद्योगपतियों को दे दी जाएगी। किसान कांग्रेस ने आप के हक में किसान जन आंदोलन यात्रा निकालने का निर्णय लिया है जो पूरे प्रदेश में निकाली जाएगी मैं चाहता हूं कि आप भी इसमें हमारा साथ दे। सभा को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान मनीष चौधरी प्रयास गौतम प्रदीप चौधरी मनोज राजानी जय सिंह ठाकुर राजेंद्र मालवीय तंवर सिंह चौहान विक्रम मुकाती सुधीर शर्मा महेंद्र सिंह यशोना सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान ग्रामीण एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे इस अवसर पर ईश्वर सिंह अकालिया,ब्रजराज सिंह, संजय पटेल,बलराम सिंह यादव, कैलाश शर्मा,अनिल जायसवाल, विष्णु पाटीदार,महेंद्र सिंह रामगढ़, अशोक गोयल,युसूफ भाई, दिलीप सिंह बजेपुर,सूरज सिंह चावड़ा, हरिओम सिंह,जितेंद्र परिहार, दरबार सिंह,जसवंत पुरी गोस्वामी, विलम सिंह,मूलचंद पाटीदार, कृपाल सिंह,चिंटू पटेल,सौरभ भाई,मुंशी काका जाकिर पटेल,मलखान सिंह देवड़ा जीतु कवड़ी आदि उपस्थित हुए

## पुलिस ने नाबालिग बालिका को ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं की खोज हेतु पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा देवेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित की। थाना बोडा में एक फरियाद प्राप्त हुई कि एक नाबालिग बालिका लापता है। रिपोर्ट पर थाना बोडा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तकनीकी विश्लेषण व सीडीआर लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम भोपाल रवाना की टीम द्वारा सायबर की मदद से भोपाल भानपुर से गुमशुदा नाबालिग बालिका को ढूंढकर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया।

## एक्सीडेंट में बालिका की मौत, दादा घायल

**देवास।** देवास बायपास रोड पर राजोदा जेल चौराहे के पास एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवती के दादा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान करीना चौहान के रूप में हुई है, जो राहुल चौहान की बेटी थीं। वह अपने दादा सीताराम चौहान के साथ देवास से अपने घर मोरुखेड़ी लौट रही थीं। सीताराम चौहान ने बताया कि वे अपनी टीवीएस बाइक की सर्विसिंग कराकर वापस जा रहे थे। राजोदा जेल के पास डंपर ने पहले एक मारुति कार को ओवरटेक किया। इसके बाद डंपर ने पीछे से आ रही उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### देवास पुलिस ने तीन चोरी की वारदातों का किया खुलासा

# 10 लाख का चोरी का माल जब्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए सूने घरों को निशाना बनाने वाले चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। थाना कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुई तीन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से करीब 10 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि चोर बंद मकानों की रेकी कर वारदातों को अंजाम देते थे। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी घरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करते थे।

पहली चोरी 22 नवंबर 2025 को बद्रीधाम एक्सटेंशन, जावर नगर में हुई थी, जहां परिवार के बाहर होने का फायदा उठाकर चोरों ने घर का ताला तोड़ा। दूसरी घटना 1 जनवरी 2026 को सागर विहार कॉलोनी में सामने आई, जिसमें बंद घर से नकदी, आभूषण और मोबाइल चोरी हुए।

**नाबालिग सहित पांच चोर गिरफ्तार**

पुलिस ने आरोपी खुशाल उर्फ खुशी पिता मनीष मुकुंदे उम्र 20 साल निवासी महाराष्ट्र मंडल जवाहर नगर देवास, आकाश उर्फ शूटर पिता राजाराम चौहान उम्र 20 साल निवासी बद्रीधाम नगर देवास, सुशील पिता रामचन्द्र उर्फ लखन उम्र 22 साल निवासी लक्ष्मण नगर देवास, पीयुष पिता नन्दू कहार उम्र 20 साल निवासी अपेक्स हॉस्पिटल के सामने, ब्रीज के नीचे देवास और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. से इनके मालिकाना स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय फ्लेट क्रमांक 604 जो भूमि सर्वे क्रमांक 3814/2, 3818/5, 3822/2, 3823/1, 3823/2, 3825, 3826, 3827, 3828, 3829 कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन पर बने ओम साई ओम मल्टी फ्लैटेड टाउनशिप में निर्मित अपार्टमेंट ₹गोल्डन बीर₹ की छठी मंजिल (सिक्सथ फ्लोर) पर स्थित है जिसका बिल्ट अप एरिया 63.83 वर्गमीटर है एवं सुपर बिल्ट अप एरिया 82.90 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा के पूर्व दिशा में फ्लेट क्रमांक 603, पश्चिम में-टाउनशिप का खुला भाग, उत्तर में कॉरिडोर बाद फ्लेट क्रमांक 605, दक्षिण में टाउनशिप की सडक स्थित है को क्रय करने का सौदा किया गया होकर आशिक राशि दे दी गई है। उक्त आवासीय फ्लेट को श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. ने भागीदारी फर्म/मेसर्स ओम श्रीम डेवलपर्स द्वारा भागीदार 1. शरद मित्तल पिता श्री ओमप्रकाश जी मित्तल निवासी बी-10, इन्द्रपुरी कॉलोनी, सेठीनगर, उज्जैन, 2. नवनीत सिंह सिकरवार पिता श्री गोपाल सिंह जी सिकरवार निवासी-बी-4/11, महानंदा नगर, उज्जैन से पंजीकृत विक्रय पत्र दस्तावेज ई पंजीकरण संख्या MP432022018A1092962 पंजीकरण की तिथि 09/02/2018 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त आवासीय पफ्लेट का सौदा मेरे पक्षकार ने श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. से किया गया होकर आंशिक राशि दे दी गई है तथा अब उक्त फ्लेट स्वामी को शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासन, इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से मेरे कार्यालय में प्रेषित करें, अवधि पश्चात उक्त संपत्ति की शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान संपत्ति स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा कर सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं अवधि पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो

इति दिनांक : 09-01-2026

**महेन्द्र मालवीय (एड्व्होकेट)**
**कार्यालयः-ऑफिस नंबर 143 फर्स्ट फ्लोर, सी-21 रेस-कॉम, नानाखेडा, उज्जैन**

## शिव सेना ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** जिले और प्रदेश में बाहरी संदिग्ध लोगों की बढ़ती आवाजाही को लेकर शिव सेना ने चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में शिव सेना प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जिले में रह रहे संदिग्ध लोगों की जांच करवाई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कहीं इनके बीच अवैध बांग्लादेशी या रोहिंग्या तो नहीं रह रहे हैं। शिव सेना पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में कई जगहऐसे लोग देखे जा रहे हैं जो संदिग्ध प्रतीत होते हैं। संगठन ने आशंका जताई है कि यदि इनकी सही तरीके से जांच नहीं की गई, तो भविष्य में ये स्थानीय लोगों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। शिव सेना ने प्रशासन से निवेदन किया है कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठ की संभावना को देखते हुए संदिग्धों का सत्यापन कराया जाए। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदू परिवारों पर हो रही हिंसक घटनाओं पर भी गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया गया। शिव सेना ने मांग की है कि केंद्र सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे और वहां पीड़ित हिंदू परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए। ज्ञापन देते समय राजेश पटेल, राहुल विश्वकर्मा, राहुल राजपूत, जगदीश विश्वकर्मा, रितेश मेवाड़ा, पप्पू बंजारा, दिनेश बंजारा, राजपाल राजपूत, अंशुल माहेश्वरी, सूरज मालवीय, मनीष नाथ, सुनील कुशवाह, रूपेश कुशवाह, अंशुल, सुमित सहित शिव सैनिक उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सरदार विक्रम सिंह ने दी।

## मैजिक और बोलेरो में हुई आमने-सामने की भिड़ंत



**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोल्टा कॉलोनी के पास गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में बड़ा नुकसान होने से बच गया। यहां रॉन्ग साइड से आ रही एक तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने सामने से आ रही बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत यह रही कि जिस मैजिक वाहन से टक्कर हुई, उसमें हादसे के वक्त कोई स्कूली बच्चा सवार नहीं था, अन्यथा परिणाम गंभीर हो सकते थे। जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 10 बजे की है जब बोलेरो में सवार लोग अपने निजी कार्य से बाटखेड़ी से रिछोदा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे मोल्टा कॉलोनी के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक मैजिक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिस मैजिक वाहन से हादसा हुआ, उस पर संस्कार पब्लिक स्कूल लिखा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में रिछोदा निवासी दो लोग शामिल हैं।

## शाजापुर में 100 वाहन चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

**शाजापुर।** सड़क हादसों पर लगाम लगाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में शाजापुर यातायात पुलिस ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पहल की। जिला अस्पताल परिसर में आयोजित विशेष शिविर में स्टेयरिंग थामने वाले 100 वाहन चालकों की आंखों की सघन जांच की गई। इस अभियान का नेतृत्व सूबेदार रवि वर्मा और सूबेदार सीमा मौर्य ने किया। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि कई बार चालकों की दृष्टि दोष (कमजोर नजर) बड़े हादसों का कारण बनती है, जिससे वे स्वयं अनजान रहते हैं। शिविर के दौरान जिला अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने वाहन चालकों की आंखों का बारीकी से परीक्षण किया। जांच में जिन चालकों की नजर कमजोर पाई गई या जिन्हें मोतियाबिंद के लक्षण मिले, उन्हें तत्काल चश्मा बनवाने और उपचार की सलाह दी गई। मौके पर मौजूद सूबेदार रवि वर्मा और सीमा मौर्य ने चालकों को सख्त हिदायत दी कि वे न केवल यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि अपने स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखें।

## कालापीपल विधायक को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**शाजापुर।** सोशल मीडिया पर खुद को बाहुबली समझकर जनप्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने कानून की ताकत का एहसास करा दिया। मामला शाजापुर जिले के कालापीपल विधानसभा क्षेत्र का है, जहां विधायक घनश्याम चंद्रवंशी को ऑनलाइन धमकी देने वाले आरोपी हरिओम पटेल को पुलिस ने न केवल गिरफ्तार किया, बल्कि उसे भरे बाजार में पैदल ले जाकर कोर्ट में पेश किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को आरोपी हरिओम पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। पोस्ट वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अवंतीपुर बडोदिया पुलिस ने तत्काल प्रभाव से आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस आरोपी हरिओम को रिमांड के लिए कालापीपल तहसील कार्यालय स्थित न्यायालय ले जा रही थी। जैसे ही पुलिस वाहन कालापीपल रेलवे फाटक के पास पहुंचा, वहां भारी जाम लगा हुआ मिला।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| कल्याण नाइट | 148-3 | 179 -7 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |
| मधुर डे | 259-6 | 457-6 |
| मधुर नाइट | 459-8 | 160-7 |
| शुभांक | 2 5 | 8 |

# बच्चों को सिखाए आत्मरक्षा साइबर सुरक्षा और कानून अधिकारों के गुर

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से चलाए जा रहे 15 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का विधिवत समापन गुरूवार को हो गया। पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और शिक्षा में पिछड़े बालक-बालिकाओं को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बच्चों और युवाओं के व्यक्तित्व विकास और सुरक्षा को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को आत्मरक्षा, साइबर जागरूकता, लैंगिक समानता और अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही बाल अधिकार, मानव अधिकार और संविधान के मूल तथ्यों से भी अवगत कराया गया। साथ ही नेतृत्व क्षमता और शिक्षा का करियर पर प्रभाव जैसे विषयों पर मोटिवेशनल क्लास ली गईं। बच्चों को कानून और पुलिस की कार्यप्रणाली समझाने के लिए विभिन्न पुलिस इकाइयों का भ्रमण भी कराया गया, जिससे पुलिस के प्रति उनका डर खत्म हो और विश्वास बढ़े।

**अधिकारियों ने बढ़ाया बच्चों का हौसला**-समापन समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं डीएसपी अजाक अजय मिश्रा, रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह, थाना प्रभारी अजाक रामचन्द्र नागर और उप-निरीक्षक अखिलेश चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में 'जनसाहस संस्था' की टीम का अहम योगदान रहा। संस्था के जिला समन्वयक संदीप अस्ताया, ज्योति सिंथिया, पवित्रा गोडीया, आरती सोलंकी और राहुल अर्सल ने बच्चों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आगर-मालवा में तेज होगी औद्योगिक विकास की रफ्तार, 1 फरवरी से जमीन आवंटन शुरू

**आगर मालवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में आगर-मालवा जिले को बड़ी सौगात मिली है। जिले में विकसित किए गए औद्योगिक क्षेत्र फेज-द्ध एवं फेज- में उद्योग स्थापना के लिए 1 फरवरी 2026 से जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जमीन का आवंटन ऑनलाइन बोली के माध्यम से किया जाएगा।

इन औद्योगिक क्षेत्रों के विकसित होने से जिले में लगभग 550 करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है, जिससे करीब 3500 युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलेगा और उन्हें बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा। यह योजना विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम उद्योगपतियों के लिए बड़ा अवसर साबित होगी।

**उद्योगपतियों के साथ हुई जानकारीपरक बैठक**

इस संबंध में गुरुवार को कलेक्टोरेट सभागृह में एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीआईडीसी) द्वारा उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमपीआईडीसी के जनरल मैनेजर विनय सिंह तोमर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूमि आवंटन से लेकर उद्योग स्थापना तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि औद्योगिक भूमि की ऑनलाइन बोली 1 फरवरी 2026 से केवल पोर्टल पर ही की जाएगी। बोली में भाग लेने के लिए क्लास-3 डिजिटल सिग्नेचर अनिवार्य होगा। बोली के समय प्रीमियर राशि का 25 प्रतिशत अग्रिम जमा करना होगा। शेष राशि जमा करने के लिए 2 माह का समय मिलेगा, जबकि विलंब की स्थिति में 4 माह का अतिरिक्त समय 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ दिया जाएगा। तय समय में राशि जमा नहीं होने पर प्लॉट निरस्त कर दिया जाएगा।

**दलालों से दूर रहने की अपील-** अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ऑनलाइन है, इसमें किसी भी प्रकार के दलाल या बिचौलिये की आवश्यकता नहीं है। जिसकी बोली सर्वाधिक होगी, उसी को प्लॉट आवंटित किया जाएगा। किसी भी तरह की गारंटी देने

## पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने पर क्षति वसूली और कानूनी कार्यवाही होगी

**आगर मालवा ।** जल निगम द्वारा जिले में पेयजल प्रदाय के लिये बिछाई गई पाईप लाईन निजी, सार्वजनिक हित एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त करने पर संबंधित से क्षति वसूली की कार्यवाही की जाएगी। महाप्रबंधक जल निगम घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि जिले के ग्रामों में समूह जलप्रदाय योजनाओं के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। कई स्थानों पर बिछाई गई पाईप लाईन को निजी हित, सार्वजनिक प्रयोग अथवा अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल प्रदाय व्यवस्था बाधित होती है। ऐसी स्थिति में पाईप लाईन क्षतिग्रस्त कर जलप्रदाय बाधित करना भारतीय न्याय

# युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 09 जनवरी को

**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के युवाओ को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में एवं जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुसनेर, एवं स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर के द्वारा आज 09 जनवरी 2026 को समय 11.00 बजे से 2.30 बजे तक युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले) का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर जिला आगर मालवा में किया जा रहा है। इस रोजगार मेले आमंत्रित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनिया, ग्रेजिनो ट्रांसमिशन इण्डिया प्रायवेट लिमि. दिल्ली, क्यूस क्रोप गुजरात, चेकमेट सर्विसेस प्राय. लिमि. वडोदरा गुजरात, मदरसन प्राय.लिमि. गुजरात, सिंटेक्स यार्न प्राय लिमि. राजुला गुजरात, टीएसपीएल पुणे, एलआईसी आगर, स्टार हेल्थ आगर, रिलायंस जिओ आगर, एडब्ल्युपीएल सेल्स मार्केटिंग नई दिल्ली, उस्रा फाउंडेशन आगर मालवा, एस बी आई लाइफ इंश्योरेंस आगर मालवा , बी ओ आई आर सेटी आगर , राव्या वर्क कोर्स प्रायवेट लिमि ( एम आर एफ ) भरूच गुजरात, स्माइल फाउंडेशन नयी दिल्ली आदि संभावित कंपनिया द्वारा विभिन्न 150. रिक्त पदों पर फील्ड ऑफिसर, ब्रांच मेनेजर, बीमा अभिकर्ता, प्लम्बर, सिक्युरिटी गार्ड, टेलीकालर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ओपरेटर, ट्रेनिंग, मोबिलाईजर मार्केटिंग प्रशिक्षण, मशीन ओपरेटर, शिक्षक डेवलपमेंट मेनेजर, फार्मा सेल्स एग्जिकेटिव आदि पदों पर भर्ती की जावेंगी। युवा संगम कार्यक्रम में स्टार्टअप, स्वरोजगार योजनाओं, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना , मुख्य मंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी सम्बंधित विभाग द्वारा प्रदाय की जावेंगी । रोजगार मेले में स्वरोजगार योजनाओ के विभागों द्वारा योजनाओ की जानकारी दी जावेंगी।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामि 1 जितेन्द्र पाटीदार पिता श्री मूलचंद पाटीदार उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन 2-धनसिंह पाटीदार पिता श्री मूलचंद पाटीदार उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि सर्वे नंबर 48/2 रकबा 1.13 हेक्टर व सर्वे नंबर 48/3 रकबा 0.06 हेक्टर व सर्वे नंबर 52/4 रकबा 0.12 हेक्टर कुल कीता 3 कुल रकबा 1.31 हेक्टर लगानी बरूए रेट स्थित ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित कय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार को नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि की विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक: 08-01-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यालय 2. द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन मो. 99812-60727**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. से इनके मालिकाना स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय फ्लेट क्रमांक 604 जो भूमि सर्वे क्रमांक 3814/2, 3818/5, 3822/2, 3823/1, 3823/2, 3825, 3826, 3827, 3828, 3829 कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन पर बने ओम साई ओम मल्टी फ्लैटेड टाउनशिप में निर्मित अपार्टमेंट गोल्डन बी की छठी मंजिल (सिक्सथ फ्लोर) पर स्थित है जिसका बिल्ट अप एरिया 63.83 वर्गमीटर है एवं सुपर बिल्ट अप एरिया 82.90 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा के पूर्व दिशा में फ्लेट क्रमांक 603, पश्चिम में-टाउनशिप का खुला भाग, उत्तर में कॉरिडोर बाद फ्लेट क्रमांक 605, दक्षिण में टाउनशिप की सडक स्थित है को क्रय करने का सौदा किया गया होकर आंशिक राशि दे दी गई है। उक्त आवासीय फ्लेट को श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. ने भागीदारी फर्म/मेसर्स ओम श्रीम डेवलपर्स द्वारा भागीदार 1. शरद मित्तल पिता श्री ओमप्रकाश जी मित्तल निवासी बी-10, इन्द्रपुरी कॉलोनी, सेठीनगर, उज्जैन, 2. नवनीत सिंह सिकरवार पिता श्री गोपाल सिंह जी सिकरवार निवासी-बी-4/11, महानंदा नगर, उज्जैन से पंजीकृत विक्रय पत्र दस्तावेज ई पंजीकरण संख्या एमपी 432022018ए1092962 पंजीकरण की तिथि 09/02/2018 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त आवासीय फ्लेट का सौदा मेरे पक्षकार ने श्री अजय जोशी पिता श्री सत्यनारायणजी, निवासी-399, राजाभाउ महाकाल मार्ग, पानदरीबा, उज्जैन म.प्र. से किया गया होकर आंशिक राशि दे दी गई है तथा अब उक्त फ्लेट स्वामी को शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासन, इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से मेरे कार्यालय में प्रेषित करें, अवधि पश्चात उक्त संपत्ति की शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान संपत्ति स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा कर सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं अवधि पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो इति दिनांक 09-01-2026

**महेन्द्र मालवीय ( एड्व्होकेट )**
**कार्यालय: ऑफिस नंबर 143 फर्स्ट फ्लोर, सी-21 रेस-कॉम,नानाखेडा, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री सतीश पिता श्री प्रकाश जाति कलाल निवासी 70 भगतसिंह नगर, सांवेर रोड़, इन्दौर जिला इन्दौर कृषक ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 192 रकबा 1.49 हैक्टर भूमि कुल किता 01. कुल रकबा 1.49 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा अनुबंध पत्र किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 05 (पांच) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 08-01-2026

**अश्विन पलोड ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिल**
**मो. 9926532350**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की आर से इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्रीमती राजूबाई पति श्री मदनलाल रामी, निवासी- दूधतलाई उज्जैन के स्वामित्व का एक मकान कमांक 16/3 जो कि लक्ष्मीबाई मार्ग, पथ कमांक 2, दूधतलाई, उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 37.72 वर्गमीटर है, जिसकी चर्तुसीमा में पूर्व में - मकान राजेंद्र शर्मा का, पश्चिम में गली, उत्तर में- मकान विक्रेता का तथा दक्षिण में रास्ता आमद रफत मिला है। राजूबाई ने उक्त सम्पत्ति इसके पूर्व स्वामी जाकिर हुसैन पिता श्री मोहम्मद हुसैन से पंजीयन कमांक 2116 दिनांक 03.07.2008 के माध्यम से कय की थी तथा जाकिर हुसैन ने उक्त सम्पत्ति को इसके पूर्व स्वामी से पंजीयन कमांक 3672 दिनांक 02.12.2005 के माध्यम से क्रय किया था। श्रीमती राजूबाई द्वारा बताया गया है कि उक्त लिंक रजिस्ट्री पंजीयन कमांक 3672 दिनांक 02.12.2005 उनके पास से गुम हो चुकी है तथा इसके संबंध में उनके द्वारा इसकी विधिवत सूचना भी पुलिस थाना देवासगेट में दिनांक 30.05.2024 को दी जा चुकी है। चूंकि उक्त लिंक रजिस्ट्री गुम हो जाने पर बैंक द्वारा सर्टिफाईट कॉपी के आधार पर उक्त सम्पत्ति को बंधक बनाना प्रस्तावित है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति बैंक ऑफ इण्डिया में बंधक है जिसे आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में ट्रांसफर किया जा रहा है। अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त मूल रजिस्ट्री किसी के पास जमा हो या किसी का कोई दावा या आपत्ति हो या सर्टिफाईट कापी के आधार पर बंधक बनाये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 3 दिवस के अंदर अनिवार्यत: मुझे फोन पर आपत्ति दर्ज कराकर उसके पश्चात सप्रमाण लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से ली गयी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का टाईटल क्लीयर मानते हुए उक्त रजिस्ट्री की सर्टिफाईड कापी के आधार पर बैंक के पक्ष में बंधक बनाने की कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य एवं स्वीकार्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 08-01-2026

**प्रकाशचंद्र कुरील, एडव्होकेट**
**शॉप नं. 24, सी-21 मॉल, नानाखेड़ा उज्जैन**
**मो. 70679-09621**


## शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में युवा दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह का आयोजन



**आगर मालवा ।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद की जयंती (युवा दिवस) के अवसर पर यूथ रेड क्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के अंतर्गत 6 जनवरी 2026 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचार एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं 7 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर केंद्रित संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में सिविल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा शानू भरिया ने प्रथम स्थान तथा कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा संतोष मालवीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मैकेनिकल ब्रांच प्रथम वर्ष के छात्र मोक्ष जैन ने प्रथम स्थान एवं सिविल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा शानू भरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्री सुन्दरलाल फुलवानी पिता स्व. श्री दयाराम जी फुलवानी निवासी 5 राजस्व कॉलोनी उज्जैन ने निम्नलिखित जाहिर सूचना के प्रकाशन हेतु मुझे अधिकृत किया है-

यह कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 6 रकबा 1.682 हेक्टेयर व प्लाट नंबर 88 स्थित ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन म. प्र. में स्थित है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर मेरे पक्षकार का निरंतर स्वामित्व व आधिपत्य है वही इसका उपयोग व उपभोग कर रहे है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस संपत्ति के संबंध में कोई भी क्रय विक्रय का या बंधकग्रस्त होने के संबंध में कोई व्यवहार नहीं करें। अन्यथा मेरे पक्षकार का कोई दायित्व नही रहेगा । इति दिनांक 08-01-2026

**रसिक सुगंधी एडवोकेट**
**13, पटनी -बाजार उज्जैन मो. 9827560776**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1-सत्यनारायण पिता श्री बंसतीलाल 2-सुभाष पिता बसंतीलाल समस्त जाति कुलमी निवासीगण ग्राम सुवासा तहसील बडनगर जिला उज्जैन कृषक ग्राम नारेलाकला तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 202/1 रकबा 1.64 हेक्टर, भूमि स्थित ग्राम नारेलाकला तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है को उनसे मय जमीन तला, हवाई हक सहित कय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित में करवाने जा रहे है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 08.01.2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र पूराने आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन**
**सुबह 11.00 से 06.00 बजे तक समय**
**मो. 98277-92292**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा 01. मंसूर एहमद पिता शमीम एहमद, निवासी- 4/1. श्रीपाल मार्ग लोहे का पुल उज्जैन, 02. अभिषेक सिकरवार पिता श्री राधेश्याम, निवासी- ए/2, नई ब्लॉक डी.आर.पी. लाईन देवास रोड़, उज्जैन, 03. मोहम्मद सलीम पिता मोहम्मद इब्राहीम, निवासी- ओल्ड नम्बर 28/17, म्यु नम्बर 56, अहिल्या पल्टन इंदौर सेना मुख्यालय इंदौर से उनके क्रयानुबंधित भवन जो कि सर्वे क्रमांक 3689 का भाग होकर हरिफाटक रिंग रोड़, उज्जैन पर स्थित है, उक्त भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 422.92 वर्गमीटर है, जिसे विक्रेतागण ने मूल भवन स्वामीगण 01. फरीदा बेगम पति शेख अच्छन, निवासी- 55/1, खन्दार मोहल्ला महाकाल मार्ग, उज्जैन, 02. शेसा अनवर पिता शेख अच्छन, निवासी- ई.डब्ल्यूएस 16, सांदिपनी नगर, विश्व बैंक कॉलेनी उज्जैन, 03. शेख इरफान पिता शेख अच्छन, निवासी- 55/1, लोहे का पूल उपकेशवर चौराहा, उज्जैन, 04. शेख इमरान पिता शेख अच्छन, निवासी- 55/1, कंधर मोहल्ला उपकेश्वर मंदिर के पास, उज्जैन, 05. नाजमीन पति समी उल्ला खान पिता शेख अच्छन, निवासी- 72, महाकाल मार्ग, उज्जैन, 06. यासमीन पति अब्दुल खालिक पिता शेख अच्छन, निवासी-11, चन्द्र लोक नगर, देवास, 07. अंजुम पति दिलशाद पिता शेख अच्छन, निवासी- 7, नजरअली मार्ग गली नम्बर 02, उज्जैन, 08. तबस्सुम खान पति नौशाद खान पिता शेख अच्छन, निवासी- फ्लेट नम्बर 23, विंग ए निलेश क्लासिक सोसायटी हण्डेवाडी मार्ग, हडपसर पुणे शहर, पुणे महाराष्ट्र. 09. गोसिया निलोफर पति शेख अनसार पुत्रवधु शेख अच्छन, निवासी- 55, गली नम्बर 01, महाकाल मार्ग, लोहे का पुल, उज्जैन, से विधिवत अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय किया है, को विक्रय करने का सौदा कर टोकन बयाना राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है।

सो सूचित हो। इति: दिनांक-08/01/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस-सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन**
**मो. 98263 42244**

## न्यूज-कॉलम

### किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, कार चालक गंभीर घायल

**नीमच।** शहर के दशहरा मैदान के समीप एक और किनारे खड़ी ट्रक में देर रात एक कार पीछे से जा घुस गई द्य इस दुर्घटना में कर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार रात हुई इस घटना की जानकारी लोगों ने डायल 112 को दी द्य सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला चिकित्सालय लेकर गई। शहर के दशहरा मैदान बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि में एक घटना में दशहरा मैदान में खड़ी में एक ट्रक मे ब्रेजा कार चालक जा घुसी। इस भीषण टक्कर में कर सामने की ओर से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने बताया कि कर चालक नशे में था और उसने गाड़ी पर नियंत्रण को दिया जिससे यह दुर्घटना घटी और स्वयं कर चालक गंभीर घायल हो गया जिसका उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।

### आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सुपरवायजर को नोटिस जारी किया

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना रतलाम ग्रामीण 2 जिला रतलाम के आंगनवाड़ी केंद्र सिखेड़ी में दिनांक 5 जनवरी एवं 6 जनवरी 2026 को पोषण आहार ना मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसकी जांच करने पर पाया गया कि सरस्वती स्वयं सहायता समूह सिखेड़ी द्वारा दो दिन से आंगनवाड़ी केंद्र पर नाश्ता व भोजन प्रदाय नही किया गया है। उक्त संबंध में समूह की २ दिनों की नाशता एवं भोजन की राशि काटी जावेगी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ओर सुपरवाइजर को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### कार में लगी आग, अज्ञात पर मामला दर्ज

**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बाजखेड़ी में अज्ञात आरोपी द्वारा एक अल्टो कार में आग लगा दी जिससे कार पूरी तरह जल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा विगत 2 जनवरी की रात का है। जिसकी रिपोर्ट नाहरगढ़ थाने पर फरियादी दशरथ्ज्ञ पिता भेरूलाल कुमावत निवासी बाजाखेड़ी ने की है कि फरियादी के घर के सामने खड़ी अल्टोज कार नं. जीसी 16 सीएस 9585 में अज्ञात आरोपी ने आग लगाकर उसे पूरी तरह जलाकर नष्ट कर दिया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 326(एफ) में प्रकरण दर्ज किया।

### पिकअप में क्रूरतापूर्वक भरे गये 6 गौवंश पकड़े, आरोपी भागा

**मन्दसौर।** जिले के 8 लेन दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे पर अज्ञात आरोपी के द्वारा 6 गौवंश को पिकअप बोलेरो वाहन में क्रूरतापूर्वक भरकर वध हेतु परिवहन कर ले जाया जा रहा था। पुलिस को देख आरोपी वाहन चालक मौके से भाग निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरोठ थाना पुलिस ने यह कार्यवाही करते हुए वाहन नं. एमपी 45 जी 3241 को जप्त कर उसमें भरे गये 6 गौवंश को मुक्त कराया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मृत्यु

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के सुवासरा-शामगढ़ रोड़ पर आलमगढ़ ब्रिज के नीचे वाहन नं. एमपी 41 जेडसी 7551 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पल्सर मोटर साइकिल को टक्कर मार दी जिससे इस मोटर साइकिल पर सवार संदीप पिता शंभूलाल पानवार जाति बागड़ी निवासी शामगढ़ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच पर आरोपी वाहन के चालक के विरूद्ध भादवि की धारा 304 ए में प्रकरण दर्ज किया।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के ग्राम लोखंडिया के मोती माता मंदिर मेले में ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 2 जनवरी 2026 से 7 जनवरी 2026 तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। शिविर में मरीजों की प्राथमिक जाँच, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। स्थानीय नागरिकों ने ऑल इज वेल हॉस्पिटल की इस जन कल्याणकारी पहल की सराहना की और इसे जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।

# एएसपी ने लोगों को एकत्र कर चायनीज मांझे का उपयोग नहीं करने को लेकर समझाईश दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

मकर संक्रांति के आसपास पतंगें उड़ाने के दौरान कई लोग चायनीज मांझे का उपयोग करते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। चायनीज मांझे पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद कई लोग इसका उपयोग कर रहे है। हाट की चौकी क्षेत्र में बुधवार रात एएसपी राकेश खाखा व पुलिस ने लोगों को एकत्र कर चायनीज मांझे का उपयोग नहीं करने को लेकर समझाइश दी। पतंग उड़ाने के दौरान चायनीज मांझे का उपयोग नहीं करने और रोड पर निकलने के दौरान इससे बचने की सावधानी के बारे में बताया।

लोगों को गाडियों पर मफलर पहनकर निकलने साथ ही गाड़ी के आगे की तरफ कांच के दोनों तरफ एल्युमीनियम का तार लगाने की समझाइश दी। जिससे डोर कट कर आने पर आपके बचाव करेगी। सीधे गले पर नहीं आएगी।



**हर साल कई घटनाएं सामने आती है**

एएसपी खाखा ने कहा कि चायनीज मांझे के उपयोग से हर साल कई पक्षियों की जान जा रही है। साथ लोगों की जान को भी खतरा बनता है। कई लोग इससे दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके है। बेचने वालों पर हम लगातार कार्रवाई कर रहे है। जो भी बेचता मिलेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, डीडी नगर थाना टीआई अनुराग यादव, हाट रोड चौकी प्रभारी पंकज राजपूत आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच की जांच

सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया व औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी की टीम ने क्षेत्र में पतंग-डोर की दुकानें चेक की। दुकानदारों को चेतावनी दी कि जिसके यहां से भी चायनीज मांझा मिला उसके खिलाफ कार्रवाई का जाएगी।

**सूती डोर का करे उपयोग**

एएसपी ने बताया पतंग उड़ाएं, त्योहार मनाए लेकिन उसमें सूती (कॉटन) डोर का उपयोग करें। चाइनीज मांझा बेचना, इका कर घर, दुकान गोदाम में रखना भी पूरी तरह प्रतिबंधित एवं दंडनीय अपराध है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यापारी के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


**यह रखे सावधानियां-** हेलमेट लगाकर रखें ताकि चायनीज मांझा से बच सकें। चेहरे और गर्दन को मफलर आदि से कवर करके निकलें। गाड़ी के आगे दोनों तरफ के कांच से एल्युमिनियम का तार लगा लें जिससे मांझे से बच सकेंगे।

# कोहरे का असर कम, शीत लहर जारी, दो से तीन दिन बाद बदलेगा मौसम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कोहरे का असर कम हो गया है। लेकिन ठंड बरकरार है। शीत लहर के कारण कंपकपाने वाली ठंड का असर बना हुआ है। मौसम के बदलाव के कारण दिन का तापमान भी लगातार गिरा है। जबकि रात का पारा भी लुढ़का है। गुरुवार सुबह-सुबह हल्का कोहरा छाया रहा है। धूप भी निकली, जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

नए साल की शुरूआत से कोहरे के कारण मौसम में आए बदलाव ने ठंड का एहसास करा दिया था। जो कि अब तक लगातार जारी है। बुधवार को अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री दर्ज हुआ है। ठंड से बचने के लिए शहर में लोग अलाव का सहारा भी ले रहे है।



स्कूलों का समय भी सुबह 10 बजे से हो गया है।

मौसम विभाग की माने तो जनवरी माह में ऐसी ही कड़ाके की ठंड पड़ेगी। दो से तीन के बाद असर और बढ़ेगा। क्योंकि हिमालय के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। जब ये आगे बढ़ेगा तो बर्फ पिघलने लगेगी और बफीर्ली हवा की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। इससे ठंड का असर ओर तेज होगा।

**ठंड के लिए इसलिए खास जनवरी**

मौसम विभाग के अनुसार, जिस तरह मानसून के चार महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में से दो महीने जुलाई-अगस्त महत्वपूर्ण रहते हैं और इन्हीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक बारिश हो जाती है, ठीक उसी तरह दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इन्हीं दो महीने में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं। इसलिए टेम्प्रेचर में अच्छी-खासी गिरावट आती है। सर्द हवाएं भी चलती हैं।

### नीमच में दो दिनों से शीत लहर का चला कहर, बाजार में सन्नाटा छाया

**नीमच।** जिले में मौसम के मिजाज में सोमवार के बाद दो दिनों से चली ठंडी हवाओं से बाजारों में सन्नाटा पसर गया द्य सुबह से समुचा शहर कोहरे की चादर में लिपटा रहा। वही सुबह 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा द्य जिससे कार बस ट्रक आदि वाहन चालकों की दृश्यता प्रभावित होने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही। मौसम में आई ठंडक के चलते अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। तापमान में अधिक जिराफ गिरावट के कारण विद्यालय की कलेक्टर द्वारा दो दिन के लिए छुट्टी बढ़ा दी गईद्य दिनभर ठंडी हवा बहने, से ठंड का अहसास बढ़ गया। हालांकि गुरुवार को दोपहर में सूर्य की धूप तेज होने से थोड़ी राहत मिली जबकि सुबह और शाम के समय ठंड का असर अधिक नजर आया। शहर में लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दिए, वहीं बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटे से भी सर्दी का असर साफ नजर आया। मौसम विभाग ने अभी कुछ दिन और उत्तर भारत विशेष का जम्मू कश्मीर में बर्फबारी और बफीर्ली हवाओं के चलते मौसम में ठंडक बढ़ने की बात कही हैद्य जिसे देखकर सभी आमजन को विशेष सावधानी बर्ट कर बचाव करना होगा।

### उपयंत्री से मारपीट मामले में कांग्रेस का प्रहार- ब्लॉक अध्यक्ष भाचावत ने पूछा- किस जनहित के काम के लिए की मारपीट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



भाजपा के महिला सशक्तीकरण के दावे मंदसौर नगरपालिका में खोखले साबित हो रहे हैं। मंदसौर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत ने हमला बोलते हुए कहा कि नगरपालिका में महिला जन प्रतिनिधियों के बजाय उनके पति और पुत्र कामकाज संभाल रहे हैं, जो न केवल असंवैधानिक है बल्कि अधिकारियों के लिए भी असहज स्थिति पैदा कर रहा है।

सुश्री भाचावत ने हाल ही में नगरपालिका इंजीनियर के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि घटना के तीन दिन बाद भी व्यवस्थाएं सुचारू नहीं हो पाई एक पार्षद प्रतिनिधि की गलती का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है दो दिन से नगर पालिका में काम काज ठप्प रहे। कुछ भी घटनाक्रम हुआ हो लेकिन इस प्रकार सरकारी कर्मचारी से मारपीट करना बिल्कुल भी उचित नहीं है और किसी को भी इस प्रकार की घटना का पक्षधर नहीं होना चाहिए जबकि मारपीट करने वाला व्यक्ति सत्ताधारी पार्टी से संबंध रखता है। सुश्री भाचावत ने कहा कि पार्षद पति को यह भी सार्वजनिक करना चाहिए कि कौन सा मुद्दा या कौन सा विकास कार्य जनहित का था जो नपा कर्मचारी नहीं कर रहा था जिस पर पार्षद पति को इतना गुस्सा आ गया कि मारपीट तक करना पड़ी ? उन्होंने कहा कि लगभग 20 से अधिक वर्षो से कांग्रेस प्रदेश में सत्ता में नहीं है लेकिन फिर भी कभी किसी कांग्रेस के व्यक्ति ने इस प्रकार की हरकत नहीं की।

### पेयजल व्यवस्था को लेकर एक्शन में नगर पालिका

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा शहर में शुद्ध पेयजल वितरण को लेकर पूरी सावधानी बरती जा रही है। शहर में स्थापित पेयजल टंकियों में से अब तक 13 पेयजल टंकियां की सफाई करवाई जा चुकी है तथा प्रतिदिन नीमच शहर में वितरण किए जाने वाले पानी की जांच कर शुद्ध पानी वितरण किया जा रहा है।

### जो गिरकर खड़ा होता है, वही लक्ष्य पाता है-मेजर जनरल संजीव डोगरा



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

सैनिक स्कूल मंदसौर में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व उप कमांडेंट मेजर जनरल संजीव डोगरा का दो दिवसीय प्रवास बुधवार को शुरू हुआ। विद्यालय आगमन पर कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और सैनिक स्कूल गीत के साथ हुआ, जिससे परिसर देशभक्ति के उल्लास से भर गया।

मेजर जनरल श्री डोगरा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने जोर देकर कहा, वही व्यक्ति लक्ष्य तक पहुँचता है जो गिरकर भी खड़ा होने का साहस रखता है। उन्होंने एनडीए चयन के लिए शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता को अनिवार्य बताया।

प्रवास के पहले दिन उन्होंने हॉस्टल, खेल मैदान और शैक्षणिक ब्लॉक का निरीक्षण किया। विद्यालय की व्यवस्थाओं और कैडेट्स के अनुशासन की सराहना करते हुए उन्होंने इसे भविष्य के सैन्य अधिकारियों के लिए एक आदर्श स्थान बताया। कार्यक्रम का संचालन कैडेट सारांश पांडेय एवं कैडेट अर्शित राज ने किया। अतिथि परिचय कैडेट आशुतोष सिंह ने प्रस्तुत किया, अतिथि स्वागत स्कूल कैप्टन कैडेट सनराज पटेल तथा स्पोर्ट्स इंचार्ज कैडेट आदित्य कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारीख, सहसचिव सुनील शर्मा, प्राचार्य अविनाश चतुर्वेदी सहित समस्त स्टाफ व कैडेट्स उपस्थित रहे।

## सभी विभाग किसानों की समृद्धि एवं आय बढ़ाने पर कार्य करें-श्री चंद्रा

### कलेक्टर ने ए.पी.सी. समूह की बैठक में की विभागीय समीक्षा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार समृद्ध किसान कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। सभी विभाग मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार किसानों की आय बढ़ाने, किसानों की समृद्धता के लिए प्रोजेक्ट तैयार कर उन पर कार्य करें। किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाब दिलाने की सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करें। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ए.पी. सी.समूह से जुडे विभागों के अधिकारियों की बैठक में कृषि एवं उससे सम्बद्ध विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्ष बैठक में कही। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, कृषि वैज्ञानिक सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि जिले में एक बगिया मां के नाम के तहत तैयार किए जा रही बगियाओं में उद्यानिकी विभाग, फलदार पौधे लगवाए। साथ ही जिले में इस साल 500 हेक्टेयर में नवीन फलदार पौधो के बगीचे तैयार करवाए। उद्यानिकी उपसंचालक ने अवगत कराया, कि एक बगियां मां के नाम के तहत पौधारोपण करने वाले हितग्राहियों के स्प्रींकलर एवं ड्रीप सिंचाई के लिए प्रकरण तैयार किए जा रहे है। कलेक्टर ने कुकडेश्वर क्षेत्र के पान उत्पादक किसानों के लिए नेटशेड के प्रकरण तैयार कर नेटशेड की सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। पीएमएफएमई योजना की प्रगति की समीक्षा में बताया गया, कि जिले में इस वर्ष 122 के लक्ष्य विरूद्ध 116 हितग्राहियों के प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गये। बैठक में कलेक्टर ने नीमच, जावद एवं मनासा में शासकीय नर्सरियों को विकसित करने और उनमें एक-एक लाख पौधे तैयार करवाने के निर्देश दिए। साथ ही इन नर्सरियों में शेड निर्माण एवं नर्सरी में जलाशय निर्माण के प्रोजेक्ट तैयार कर, प्रस्तुत करने के निर्देश भी उद्यानिकी विभाग को दिए।

बैठक में बताया गया, कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता है। दो रैंक यूरिया की नीमच में लग गई है। खाद की कही कोई कमी नहीं है। बैठक में कलेक्टर ने रतनगढ़ व रामपुरा में उर्वरक के डबल लॉक सेक्टर स्थापित करने की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। साथ ही उन्होने सहकारी समितियों के डिफाल्टर किसानों को भी डिफाल्टर से बाहर लाने का प्रयास करने और उन्हें सहकारी समितियों से सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश सहकारिता एवं जि.के.सहकारी बैंक क अधिकारियों को दिए है।

आगामी सीजन के पूर्व अभी से नरवाई का बेहतर प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया जाए। जिससे, कि नरवाई जलाने की एक भी घटना जिले में ना हो। किसानों को बायो डी कम्पोजर का उपयोग कर, नरवाई का प्रबंधन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में बताया गया, कि बेकयार्ड पालन योजना के तहत जिले में हितग्राहियों को मुर्गीपालन के प्रकरण बनाकर लाभांवित किया जा रहा है।



### खाटू बुला रहा है कृपा नहीं तो क्या है, अब तक निभा रहा कृपा नहीं तो क्या है

**आलोट।** हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आ जा , तु क्यों घबराता है तेरा श्याम से नाता है और भी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भजन गायक संजय मित्तल के द्वारा गाए गए भजनों पर नगर झुम उठा मौका था नगर में मंगलवार शाम को जगदेवगंज में खाटू श्याम की भजन संध्या के अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल ने भजनों का ऐसा सामा बांधा की देर रात्रि तक श्याम भक्त भजनों पर झूमते गाते रहे। भजन संध्या में अमित पारीक मक्सी, गोविंद शर्मा और निशा शर्मा जयपुर वालों ने भी सुमधुर भजनों की प्रस्तुत यदि जिसमें साथी हमारा कौन बनेगा तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा और अन्य सुमधुर श्याम भजनों पर उपस्थित श्याम भक्त एवं महिलाएं भक्ति के रस में सरोबार हो गई जो की रात्रि 2 बजे तक अनवरत जारी रहा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के अलावा नागदा, महिदपुर रोड , चौमहला , सुवासरा रतलाम के श्याम प्रेमी सम्मिलित हुए, खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया जहां दिव्य ज्योति जला कर भजन संध्या की शुरूआत की गई एवं छप्पन भोग भी लगाया गया।

### प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में की शोक संवेदना व्यक्त



**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव चिल्लोद पिपलिया में गुणवंत पटेल एवं मुकेश पटेल के पूज्य पिता अशोक पटेल (पूर्व सरपंच) के स्वर्गवासी हो जाने पर 7 जनवरी को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उनके निज निवास पर उपस्थित होकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा गांव बुढा में हनुमंतिया वाले रघुनाथ मेघवाल की पूज्य माताजी श्रीमती बगदीबाई मेघवाल के स्वर्गवासी हो जाने पर उनके निज निवास पर उपस्थित होकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं खड़ापालिया गांव में स्वर्गीय नंदकिशोर दास,विजय दास एवं अंकित दास के पूज्य पिता राधेश्याम दास बैरागी के स्वर्गवासी हो जाने पर उनके निवास पर उपस्थित होकर शोक संवेदना व्यक्त की इसी तारतम्य में खड़पालिया गांव में प्रभुलाल पाटीदार एवं जगदीश पाटीदार के पूज्य पिताजी कन्हैयालाल पाटीदार मेंबर के स्वर्गवासी हो जाने पर उनके निज निवास पर भी उपस्थित होकर शोक संवेदना व्यक्त कर समस्त दिवंगत आत्माओं को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थनाएं की।

### आज से निनोरा में तीन दिवसीय वेद पारायण यज्ञ का होगा शुभारंभ

**पिपलिया मंडी।** जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत गांव निनोरा



में आर्य समाज के तत्वाधान में तथा आर्य युवक परिषद के सहयोग से डॉ.सोमदव शास्त्री के सौजन्य से 50वां वेद पारायण यज्ञ एवं सत्संग समारोह का स्वर्ण जयंती समारोह आज 9 जनवरी शुक्रवार से 11 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आर्य समाज के प्रधान कुंजीलाल पाटीदार ने बताया है कि उपरोक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिन 9 एवं 10 जनवरी 2026 को डॉ. सोमदेव शास्त्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयुष्मान यज्ञ का आयोजन रखा जाएगा। इसी तरह 11 जनवरी 2026 रविवार को यज्ञ पूणार्हुति एवं अतिथियों के सम्मान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। अतः कार्यक्रम के सूत्रधार डॉक्टर सोमदेव शास्त्री ने समस्त आर्य बंधुओ से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।

### लायंस ने ठंड से बचाव हेतु 100 जरूरतमंदों को ओढ़ाए कंबल




**मंदसौर।** हुए लायंस क्लब मंदसौर द्वारा मंगलवार रात 10 बजे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों और फुटपाथ पर सो रहे लोगों को 100 कंबलों का वितरण लायन सुनील विजयवर्गीय के सहयोग से किया गया।क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि रात की कड़कड़ाती ठंड में जब तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, तब क्लब के सदस्यों ने सड़कों पर निकलकर असहाय लोगों को राहत पहुँचाई है। इस दौरान क्लब के सुभाष बग्गा, प्रवीण राठौर, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, डॉ. अशोक सोलंकी, विकास भंडारी, जितेंद्र मित्तल, सुनील बाफना, कपिल नाहटा, डॉ. नीलेश नागायच, गौरव रत्नावत आदि उपस्थित थे। आभार सचिव विक्रांत भावसार ने माना।

### स्व.कशमीरीलाल अरोरा स्मृति बैडमिंटन स्पर्धामें महिला खिलाड़ियों ने दिखाए दम

**नीमच।** स्वर्गीय श्री कश्मीरी लाल जी अरोरा की स्मृति में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन महिला खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन कर सभी को रोमांचित कर दिया। महिला खिलाड़ियों के खेल कौशल को देखकर हर कोई हतप्रभ रहेगा। नीमच की अन्वी गर्ग व मुग्धा सिंहल ने शानदार खेल खेलकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अरुल अरोरा व सचिव दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि महिला सिंगल्स में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे शिवानी चौधरी धार ने धैर्य शर्मा को 21-9, 21-5 से भूमिका वर्मा उज्जैन ने गोरी सिसोदिया को 21-6, 21-8 से अवनी यादव इंदौर ने अन्वी गर्ग नीमच को 21-4,21-10 से आस्था शर्मा इंदौर ने प्रै क्षिता पाटीदार मंदसौर को 21-4 21-4 से ओजस्वी भोमिया इंदौर ने प्रियांशी देवास को 21 -16 ,21-15 सेलिना कोरी जबलपुर ने अद्विका सिंह उज्जैन को 21 12 21 19 से हराकर क्वार्टर फाइनल प्रवेश किया ।



## सईदाबाग में अमर शहीद स्वर्गीय अंबाराम मालवीय को दी श्रद्धांजलि

**सारंगपुर।** आज से करीब 5 वर्ष पहले देश की सेवा करते हुए शहीद हुए अंबाराम मालवीय की पुण्य तिथि के अवसर पर बुधवार को उनके ग्राम सईदाबाग पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सारंगपुर थाने के पुलिस अधिकारी एवं ग्रामीण उनकी प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और उनको पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि देश के लिए शहीद होने वाला हर एक जवान एक सितारे की तरह है जिसकी रोशनी कभी कम नहीं होगी। शहीद हमेंशा यह सिद् कर देते है कि जान से बड़ा कर्तव्य और इसलिए उन्होंने देश के लिए अपनी जान को कुर्बान किया। ग्रामीणों ने कहा कि सईदाबाग के वीर शहीद श्री मालवीय हमेशा हमारे दिलो में अमर रहेंगे। उनकी कुबार्नी को कभी नहीं भुलाना जा सकता है। समीपस्थ सईदाबाग में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जनसमुदाय उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि ग्राम सईदाबाग के अंबाराम मालवीय 7 जनवरी 2021 को बंझारी कुईमां गढवा झारखंड में नक्सलियों से लडते हुए शहीद हो गए थे। देश के लिए उनके बलिदान को स्थानीय नागरिकों द्वारा हमेशा याद रखा जा सके और युवा पीढी को देशभक्ति की प्रेरणा मिलती रहे इसलिए शासन-प्रशासन के द्वारा उनके गांव में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है जहां यह आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान उनके परिवारजनों ने भी उन्हें नम आंखो से याद किया।

## रतलाम में 24 ग्रामीण महिला उद्यमियों ने किया व्यवसाय शुरू



**महिदपुर रोड।** एयू उद्योगिनी सक्षम प्रोजेक्ट के अंतर्गत उज्जैन एवं रतलाम जिले के आलोट, ढाबला सिया, मेलाखेड़ी, झार्डा सहित विभिन्न गांवों में 24 ग्रामीण महिला ओं की दुकानों का विधिवत उद्घाटन किया गया। इन दुकानों में किराना स्टोर, टेलरिंग व मैचिंग सेंटर, ब्यूटी पार्लर, आटा चक्की, कॉस्मेटिक, रेडीमेड वस्त्र, फॉल-पीको मशीन, फैंसी आइटम्स एवं फास्ट फूड जैसे व्यवसाय शामिल हैं। यह परियोजना एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त करना है। शुभारंभ समारोह में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सी एसआर प्रोग्राम मैनेजर आदित्य चौधरी एवं ढाबला सिया शाखा से पवन उपस्थित रहे और महिलाओं को व्यवसाय में सफलता हेतु शुभका मनाएं दीं। प्योर इंडिया ट्रस्ट के निशां त दुबे ने बताया कि अब तक राजस्थान और मध्यप्रदेश में 1900 से अधिक महिलाओं को व्यवसाय स्थापना में सहयोग किया जा चुका है। कार्यक्रम का संचालन संजीव सैन, जितेंद्र गुर्जर एवं जनप्रतिनिधि दिलीप सैन के सहयोग से किया गया।

## विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि के लिए इस तरह की प्रतियोगिता जरुरी- विरमाल



**सारंगपुर।** सारंगपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान के साथ पर्यावरण विषय पर बच्चों द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट मॉडल बनाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईओ सुरेश विरमाल ने कहा कि इस विज्ञान मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और प्रयोगों के जरिए अंधविश्वास को दूर करना है। नाटिकाओं और मॉडलों के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि हर घटना का वैज्ञानिक कारण होता है। उन्होंने वर्तमान युग को विज्ञान का युग बताते हुए सभी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास को बढावा देने व विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि उत्पन्ना करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता जरुरी है। इस मौके पर सीएम राइज एवं गुलावता संकुल के बच्चों ने अनेक माडल की प्रदर्शनी लगाई। सीएम राइज के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कांकरिया विद्यालय के बच्चों ने नशामुक्ति पर आधारित विषय पर एक लघु नाटिका का मंचन किया जो संदेश नाट के रुप में प्रदर्शित हुई।

## 45 दिवसीय अखंड रामायण पाठ



**इंगोरिया।** अचलेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार 45 दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन चल रहा है। पौष सुदी पूर्णिमा से महाशिव रात्रि तक अखंड रामायण पाठ गत 48 वर्षों से प्रति वर्ष हो रहा है। रामायण पाठ में आसपास के क्षेत्रों के धार्मिक श्रद्धालु सहयोग देते हैं। पंडित राजकिशोर चतुर्वेदी ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन हवन, अखंड ज्योति और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होते हैं। पंडित चतुर्वेदी ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से आव्हान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर रामायण पाठ में सहयोग प्रदान करे।

पेट्रोल पम्प डकैती की साजिश हुई नाकाम

# कुख्यात पारदी गैंग के संगीन वारदात की योजना बना रहे दस हथियार बंद बदमाश गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा



राजगढ़ पुलिस ने कुख्यात पारदी गैंग द्वारा पेट्रोल पम्प पर डकैती की बनाई जा रही साजिश को विफल कर दिया। पुलिस ने मौके से 10 हथियारबंद बदमाशों को गिरफ्तार कर एक बड़ी व संगीन वारदात को समय रहते रोक लिया।

उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश वर्मा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 10-12 बदमाश हथियारों से लैस होकर माँ जालपा माता मंदिर के पीछे, पहाड़ी के नीचे जंगल में एकत्रित होकर हाईवे स्थित नायरा पेट्रोल पम्प पर डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल तीन पुलिस टीम गठित कर अलग अलग दिशाओं से घेराबंदी की। पुलिस दल पैदल जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में आगे बढ़ा।

जंगल में बैठकर डकैती की योजना बनाने वाले बदमाश तेज धारदार हथियारों से लैस पाए गए तथा पास में 5 मोटरसाइकिलें खड़ी थीं। बदमाश आपस में बातचीत कर रहे थे कि कौन कर्मचारियों को हथियारों से कवर करेगा, कौन रोड पर निगरानी रखेगा, कौन आफिस में घुसकर नगदी लूटेगा, सभी भूमिकाएं पूर्व से तय थीं। पूर्ण तस्दीक के उपरांत तीनों पुलिस पार्टियों ने एक साथ रेड की. रेड के दौरान बदमाशों ने भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस की मुस्तैदी से तीनों दिशाओं से घेराबंदी कर कुल 10 बदमाशों को मौके से गिरफ्तार किया जिसमे बना पिता धुरीलाल पारदी, महावीर पिता बाबू पारदी, घासी पिता साधु पारदी, सिकंदर पिता बालचंद पारदी, रामपाल पिता जगदीश पारदी, रामबाबू पिता जगन्नाथ पारदी, सुरेश पिता बनेसिंह पारदी, जाबाज पिता जावर पारदी, सहवाग पिता गोवर्धन पारदी, सुमित पिता बाबू पारदी, को गिरफ्तार कर उनके आपराधिक प्रकरणों की जांच की जा रही है। उक्त आरोपियों के पास एक तलवार, दो फर्सी, दो खटकेदार चाकू, दो बेसबॉल बैट, एक लट्ठ, एक लोहे की रॉड, एक सब्बल, 20 हजार रु नगद और 05 मोटरसाइकिलें जप्त की। उक्त जप्त मोटरसाईकलो मे से 4 मोटरसाईकल चोरी की पाई गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

### डकैती का फरार आरोपी समीर भी गिरफ्तार

पारदी गैग द्वारा फरियादी गोकुलदास पिता डुगंरमल दंडवानी निवासी पाडल्या रोड सारंगपुर जिला राजगढ के घर डकैती डालने का प्रयास किया था जिस पर थाना सारंगपुर मे अपराध क्रमांक 763/25 धारा 312, 115 (2) बीएनएस पजीबध्द किया विवेचना के दौरान आरोपी साहिल पिता समरथ पारदी निवासी गुलगाव, मुकद्दर पिता अर्जुन पारदी, समीर पिता मुकद्दर पारदी, सतीश पिता सोपाल पारदी ठाकुरी पिता दिधक पारदी सर्व निवासी ग्राम मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना ने घटना को अंजाम दिया था। जिसमे फरार आरोपी समीर पिता मुकद्दर पारदी निवासी ग्राम मुरादपुर थाना धरनावदा गुना को दबिश देकर ग्राम बोरखेडी थाना धरनावदा से गिरफ्तार किया गया व घटना मे प्रयुक्त वाहन को जप्त किया। राजगढ़ पुलिस जिले में संगठित अपराध एवं गैंग गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही। आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

अमर्यादित और असंवेदनशील बयान पर

# मंत्री विजयवर्गीय का युवक कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद



गत दिनों इंदौर में नगर निगम द्वारा दूषित पानी वितरण से 17 से अधिक निर्दोष लोगों की मृत्यु हो गई और सैकड़ो की संख्या में लोग बीमार है लेकिन भाजपा सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने इस त्रासदी पर जिम्मेदारी लेने की बजाय अमर्यादित और असंवेदनशील बयान दिया जिसका मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्य बाजार में जुलूस निकाला

जुलूस गणेश देवली से पुराने बस स्टैंड तक घंटनाद करते हुए मंत्री विजयवर्गी का पुतला जलाया। युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विरम सिंह गुर्जर ने कहा कि भागीरथपूरा की घटना हादसा नहीं बल्कि भा.ज.पा शासित नगर निगम और प्रशासन की घोर लापरवाही का घातक परिणाम है जिसे भाजपा की सरकार हंसी मजाक में ले रही है जनता इन्हें कदापि माफ नहीं करेगी। गुर्जर ने इस पूरे प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारी, ठेकेदारों और जनप्रतिनिधियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज होना चाहिए साथ ही मृतक के प्रत्येक परिवार को एक-एक करोड रुपए देने तथा मृतक के आश्रित को शासकीय नौकरी देने कि मांग भी की है ।

### पुतला दहन में यह थे मौजूद

युवक कांग्रेस नागदा ग्रामीण अध्यक्ष रवि शर्मा , खाचरोद ग्रामीण अध्यक्ष पुष्कर पाटीदार जिला महासचिव जितेंद्र पाटीदार, नेपाल सिंह गुर्जर, शहर अध्यक्ष शेरू मंसूरी , आईटी सेल अध्यक्ष नमित वनवट संजय नंदेडा, अनिल भरावा, निसार अंसारी, तनिष्क छाजेड़, निरंजन शर्मा, देव सिंह गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महादेव की कथा में डूबा नगर

## भक्ति से ही संभव है मुक्ति का मार्ग- पं. मनमोहन कश्यप

**सुसनेर।** नगर के मेला ग्राउंड स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव एवं श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथा स्थल भक्ति और श्रद्धा से सराबोर नजर आया। कथा वाचन करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक पं. मनमोहन कश्यप अग्रिहोत्री ने मुक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है और यह केवल सच्ची भक्ति से ही संभव है। पंडित कश्यप ने कहा कि जब मनुष्य भजन और भक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाता है तब उसके सकारात्मक प्रभाव स्वयं दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के भक्त को प्रसाद मिले या न मिले लेकिन उसे नियमित रूप से कथा श्रवण अवश्य करना चाहिए।क्योंकि कथा सुनने से आत्मिक शांति मिलती है और जीवन की दिशा सही होती है। शिव भक्ति से मन, वचन और कर्म की शुद्धि होती है तथा व्यक्ति को मानसिक और आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है। कथा के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। बड़ी संख्या में उपस्थित महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर नृत्य किया और पूरे परिसर को शिवमय बना दिया।

### ताले में बंद ग्रामीण क्षेत्र के सुविधा घर गांवों में असुविधाओं का अंबार

**सारंगपुर।** जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायतो में लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए 32 सुविधा घरों में से अधिकतरताले में बंद पडे हैं। जपं ने ग्रामों में सार्वजनिक शौचालय बनवाए लेकिन इनका फायदा लोगों को नहीं मिल रहा है। दो दर्जन से अधिक सार्वजनिक शौचालय हैं, लेकिन कईयों में ताला है तो कईयों में सुविधाओं के नाम पर हाथ धोने का साबुन तक नहीं है। ग्राम पंचायतों के द्वारा भारत स्वच्छता मिशन के अंतर्गत लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए शौचालयों पर लटका ताला जनपद पंचायत सारंगपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के द्वारा भारत स्वच्छता मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में ठेकेदार के द्वारा करीब 3 लाख 43 हजार की लागत से स्वीकृति होने के बाद अलग-अलग पंचायतों में निर्माण कार्य कराया गया परंतु करीब 6 वर्ष भी ऊपर समय बीतने को है केंद्र सरकार के द्वारा इन पंचायतों के द्वारा लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी बनकर तैयार शौचालय में अभी भी ताले लगे हुए हैं को अभी तक ग्राम पंचायत के द्वारा तैयार इन शौचालयों को चालू नहीं किया गया है।

# आज से ब्लॉक कांग्रेस का बूथ चलो गांव चलो अभियान, मनरेगा बचाओ अभियान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर




कांग्रेस की मंडलम, पंचायत, वार्ड, मनरेगा, समिति के संबंध में एक आवश्यक बैठक 7 जनवरी बुधवार को झंडासेरी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर बड़नगर ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज द्वारा आयोजित की गई। ब्लॉक अध्यक्ष भारद्वाज ने बताया गया कि जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष महेश पटेल के नेतृत्व में बूथ चलो गांव चलो अभियान, मनरेगा बचाओ अभियान 9 जनवरी शुक्रवार को बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खरसोदकलां सुबह-10:00 बजे, ग्राम बालोदलक्खा -11:00, ग्राम माधोपुर-11:30, ग्राम खेड़ावदा-12:00, ग्राम बंग्रेड दोपहर-1:00, ग्राम अमला-2:30, ग्राम खरसोदखुर्द-3:00, ग्राम बलेड़ी-शाम-4:00, ग्राम घड़सिंगा 5:00 होगा। समस्त कांग्रेस संगठन के कार्यकताओं व साथियों से निवेदन है दौरे कार्यक्रम में उपस्थित होकर संगठन के हाथ मजबूत करें । इस अवसर पर ललित यादव, नरेंद्र सिंह धतुरिया, महिपाल सिंह गोड, जगदीश नारायण सिंह, शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया, दिलीप सिंह अरंडिया, पकंज जोशी, धनंजय सिंह सिसोदिया, तरुण आचार्य, ललित सोनी, देवेंद्र सिंह बरगाडी, अनिल शर्मा, परमानंद यादव असावता,नरेंद्र सिंह राजावत लोहारिया, महिपाल सिंह पंवार दांतरवा, नंदकिशोर बंबोरिया, कुलदीप नागर बंग्रेड, भावेश जैन, कमलेश ठाकुर, मो. शोबी, मो.रईस, गुलरेज मंसूरी,गुलजार खान,मोहन सिंह राठौर अमला, दिपक सिंह बंग्रेड, आयुष पाटीदार सहित कई साथी मौजूद थे ।

# बाइक चोर को अवैध रूप से जहरीली शराब ले जाते किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



थाना प्रभारी निरी. अशोक कुमार पाटीदार व टीम के द्वारा 07 जनवरी बुधवार को घेरा बंदी कर अवैध रुप से जहरीली शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची जहरीली शराब जप्त की गई ।

थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि 7 जनवरी बुधवार को कस्बा भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि भेरूजी मंदिर के पास बदनावर रोड बडनगर पर एक व्यक्ति हाथ में थैली के अंदर प्लास्टीक की कैन जिसमें शराब लेकर बदनावर तरफ से आ रहा है । सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए टीम तैयार कर मौके पर कार्यवाही के लिये रवाना की गई जिस पर पुलिस टीम व्दारा प्रभावी कार्यवाही कर संदीग्ध व्यक्ती को घेराबंदी कर पकडा व नाम पता पुछते उसने अपना नाम सुभाष राणा पिता सिमुन राणा उम्र 40 साल निवासी बडी धामनी थाना थांदला जिला झाबुआ का होना बताया । सुभाष राणा के हाथ मे ली हुई थैली को चेक करते थैली के अंदर एक प्लास्टिक की कैन मिली जिसका ढक्कन खोल कर चैक करते उसमे हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब मात्रा करीबन 10 लीटर किमती करीबन 1000/- रुपये की होना पाई गई । पास से सुंघने पर प्लास्टिक की कैन में से तेज व तीखी यूरिया युक्त शराब की गंध आ रही थी जो की जहरीली प्रतीत हो रही थी। उक्त शराब मानव जीवन के लिए हानिकारक हो सकती थी । बाद आरोपी से उक्त जहरीली शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी सुभाष राणा के विरुद्ध धारा 34, 49-ए आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । गिरफ्तार शुदा आरोपी सुभाष राणा से अन्य अपराधो के बारे में पुछताछ करते आरोपी द्वारा दिनांक 06 जनवरी मंगलवार को कस्बा बडनगर से मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया गया था । आरोपी से उक्त मोटर सायकल के बारे में पुछताछ करते बदनावर रोड तरफ झाडियो में छुपाना बताया था जो आरोपी द्वारा बताये स्थान बदनावर रोड के पास झाडियो से चोरी गई हिरो फेशन प्रो मोटर साईकल कीमती 85000/- रुपए की बरामद की गई है।



## पंचायत की समस्याओं से सरपंच ने कलेक्टर को कराया अवगत

**सारंगपुर।** जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत मगराना के सरपंच महेश गुर्जर ने राजगढ़ जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान गुर्जर ने कलेक्टर के समक्ष ग्राम पंचायत में आ रही समस्याओं से अवगत कराया और विकास कार्यो की स्वीकृत की मांग की। इस दौरान श्रीगुर्जर ने उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यो से कलेक्टर को अवगत कराया। पूर्व में किए गए कार्यो की जानकारी भी दी। कलेक्टर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

## कृषि में ड्रोन प्रयोग पर शोध पत्र पढ़ा



**शुजालपुर।** भारत रत्न श्रीअटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना के प्राचार्य डॉ बी एस विभूति ने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित और मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद उज्जैन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में शामिल होकर भारतीय कृषि 4.0 में ड्रोन के प्रयोग एवं उपयोग पर अपना शोध पत्र पढ़ा।

## कोचिंग केन्द्र पर सामग्री वितरित की



**शुजालपुर।** मालवा भूषण आचार्य नवरत्न सागर सूरीश्वर महाराज साहब की दशम पुण्यतिथि के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन द्वारा निःशुल्क कोचिंग के बच्चों के बीच सर्वप्रथम नवकार मंत्र उच्चारण कराकर ठंड में अत्यंत लाभकारी पिण्डखजूर वितरित कराए गए एवं जरूरतमंदो को ठंड से बचाव के लिए मौजे भी वितरित किए गए। इस अवसर पर दीपक गोयल, अभिनंदन जैन, राजेश जायसवाल, भूपेंद्र गुगलिया, तरुण सोनी, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, परमजीत कौर खालसा आदि उपस्थित रहे।

## गीता भवन ने जरूरतमंदो को स्वेटर वितरण किए



**बड़नगर।** कड़कड़ाती ठंड में रात्रि के समय गीता भवन के सेवादारो द्वारा रेलवे स्टेशन बस स्टैंड संगम चौराहा खाक चौक आदि पर जरूरतमंद महिला पुरुषों को गर्म स्वेटर व लांग कोट वितरण कर रहे हैं। इसी क्रम में गीता भवन द्वारा आज तक 3000 स्वेटर का वितरण निशुल्क किये जा चुके है। मंगलवार को अंतिम कड़ी के रूप में भाटपचलाना, चिरोला एवं प्राथमिक विद्यालय नामलपूर में भी शिक्षकों को स्वेटर वितरण हेतु दिए गए। संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी ने बताया कि इसी संदर्भ में मकर संक्रांति पर लगभग 200 नवीन साड़ियां गरीबों को वितरण की जाएगी। स्वेटर व साड़ी वितरण में विनोद मकवाना, प्रेम नारायण पोरवाल, योगेश आचार्य, राजेंद्र कौशल, रमेशचंद, उमाशंकर मेहता के द्वारा अपनी सेवाएं दी जा रही है। जानकारी संजय कुमावत ने दी।

## करियर काउंसलिंग का आयोजन



**बड़नगर।** सेंट थॉमस हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वी के विद्याथीर्यों के लिये करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया` मुख्य वक्ता फादर जॉबी, संजोस इंस्टिट्यूट ऑफ करियर गाइडेंस, उज्जैन ने विद्याथीर्यों को अपनी क्षमताओ, रुचियों, सकारात्मक सोच,स्पष्टता व सही अवसर पर निर्णय लेकर, अपने करियर को बनाने पर प्रकाश डाला` साथ ही विद्याथीर्यों व पालकों द्वारा किये गये प्रश्नों का समाधान कियो इस अवसर पर प्राचार्या मोली टॉमी, शिक्षकगण व पालकगण उपस्थित थे।

19 मार्च को रणवीर सिंह और 'टॉक्सिक' फेम यश के बीच जबरदस्त टक्कर सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। लेकिन इससे पहले ही इन दोनों के फैंस आपस में सोशल मीडिया पर भिड़ चुके हैं।

## फैंस ने दिए अलग-अलग रिएक्शन

# 'धुरंधर 2' इसे कच्चा खा जाएगी...', 'टॉक्सिक', वो तूफान जो राज करेगा...'

गुरुवार को साउथ सुपरस्टार यश का फर्स्ट लुक फिल्म 'टॉक्सिक' से सामने आया। एक्टर का अंदाज देखकर उनके फैंस एक्साइटेड नजर आए। वहीं सोशल मीडिया पर रणवीर सिंह और यश के फैंस आपस में भिड़ गए। दरअसल, 19 मार्च को रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' रिलीज होगी, वहीं इस दिन यश की 'टॉक्सिक' भी सिनेमाघरों में आएगी। कौन बॉक्स ऑफिस का किंग बनेगा, यह तो फिल्म रिलीज के बाद पता चलेगा। लेकिन इससे पहले ही रणवीर और यश के फैंस एक-दूसरे के पसंदीदा एक्टर, उनकी फिल्मों पर निशाना साध रहे हैं। जानिए, क्या हैं फैंस के रिएक्शन?

### 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' पर फैंस ने दिए अलग-अलग रिएक्शन

यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में उनका लुक, एक्शन देखकर फैंस दीवाने हो चुके हैं। लेकिन वहीं कुछ यूजर्स का कहना है कि 'टॉक्सिक' सिनेमाघरों में 'धुरंधर' का मुकाबला नहीं कर पाएगी। एक यूजर ने लिखा, 'टॉक्सिक के पास धुरंधर के सामने टिकने का कोई चांस नहीं है। 'धुरंधर 2' इसे कच्चा खा जाएगी। डर जाओ।' कोई 'धुरंधर 2' का दीवाना नजर आया तो किसी यूजर ने 'टॉक्सिक' को बॉक्स ऑफिस का किंग बता दिया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'टॉक्सिक, वो तूफान जो राज करेगा। यश का किलर लुक, बेरहम अंदाज बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' को खा जाएगा। 'टॉक्सिक' मुकाबला करने नहीं आ रही, यह राज करने आ रही है। यश ट्रेंड्स को फॉलो नहीं करते, वह खुद एक स्टैंडर्ड सेट करते हैं।'

### 'धुरंधर' को पोस्टपोन करने की बात कही

कुछ फैंस तो मानकर चल रहे हैं कि 'टॉक्सिक' और यश ही फिल्म 'धुरंधर 2' को टक्कर दे सकते हैं। एक फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यश की फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर क्रेज अलग ही लेवल पर है। यह 'धुरंधर 2' को टक्कर देने और हराने के लिए काफी मजबूत फिल्म है। 'केजीएफ' के तूफान के बाद यश उसी दीवानगी को फिर से लाने के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म 'टॉक्सिक' के बज और यश की जबरदस्त फैन फॉलोइंग को देखते हुए, धुरंधर 2 जरूर पोस्टपोन होगी। क्योंकि यश के साथ मुकाबला करना कभी आसान नहीं होता।' इस बात से कई फैंस सहमत नजर आए।






### 'टॉक्सिक' में यश का किलर लुक देखकर फैंस हुए फिदा

कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से उनका पहला लुक सामने आ चुका है। साथ ही वह फिल्म में कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस बात से भी पर्दा उठ चुका है। मेकर्स ने गुरुवार को फिल्म 'टॉक्सिक' से उनका लुक शेयर किया है। यश के जन्मदिन पर फैंस को खास तोहफा दिया। यश का लुक देखकर फैंस भी काफी एक्साइटेड दिखे। सोशल मीडिया पर 'टॉक्सिक' को लेकर यश के फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए हैं।

### फैंस ने 'टॉक्सिक' को कहा बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर

गुरुवार को फैंस ने जब 'टॉक्सिक' में यश का किलर लुक देखा तो वह दीवाने हो गए। एक यूजर ने लिखा, 'अब सारे रिकॉर्ड ब्रेक होंगे।' एक अन्य यूजर ने भी कमेंट सेक्शन में लिखा, 'बॉक्स ऑफिस का असली धुरंधर, रॉकिंग स्टार।' इसी तरह एक अन्य फैन ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'यश मैदान में उतर चुका है।' वहीं कई फैंस ने यश को जन्मदिन पर खूब सारी शुभकामनाएं दी हैं। फिल्म 'टॉक्सिक' में उनके लुक, स्टाइल, एक्शन को खूब सराहा है।

### टॉक्सिक में नजर आएंगी कई एक्ट्रेसेस

यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में हीरोइन की लाइन लगी है। इस फिल्म में कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, नयनतारा और तारा सुतारिया जैसी चर्चित एक्ट्रेस नजर आएंगी। इन सभी के लुक भी मेकर्स ने पहले ही शेयर कर दिए हैं। सभी एक्ट्रेस भी बोल्ड और एक्शन अंदाज में नजर आईं।

# शोभिता की 'चीकाटिलो' का पोस्टर जारी, सच्ची घटना पर है आधारित



द नाइट मैनेजर' जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम 'चीकाटिलो' है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। जानिए कब और कहां रिलीज होगी फिल्म...

### एक पॉडकास्टर की कहानी है फिल्म

'चीकाटिलो' प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी 'चीकाटीलो' एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### शरण कोपिशेट्टी ने किया है निर्देशन

शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित 'चीकाटिलो' को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## शत्रुघ्न सिन्हा ने रीना रॉय को किया बर्थ डे विश

80 के दशक की चर्चित अदाकारा रीना रॉय ने कल अपना 69वां जन्मदिन मनाया। बुधवार को शत्रुघ्न सिन्हा ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। यह पोस्ट देखकर फैंस हैरान रह गए। यूजर्स ने भी इस दिग्गज अभिनेता की पोस्ट पर रिएक्शन दिए। आखिर, यह पोस्ट देखकर फैंस को हैरानी क्यों हुई? जानिए।



**शत्रुघ्न सिन्हा ने रीना रॉय को कहा करीबी दोस्त:** शत्रुघ्न सिन्हा ने बुधवार को एक पोस्ट एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर की, इसमें रीना रॉय को अपना प्यारा दोस्त कहा। वह लिखते हैं, ह्यएक बहुत प्यारी दोस्त, अब तक की सबसे अच्छी एक्ट्रेस में से एक, हमेशा चार्मिंग स्टार, एक बेहतरीन इंसान, कुल मिलाकर शानदार पर्सनालिटी रीना रॉय को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। आप हमेशा खूब खुश रहें।

# Sport

गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच शुक्रवार को मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के जीत के साथ सत्र की शुरूआत करना चाहेंगी। आइए जानते कि आप ये मुकाबला कब और कहां देख सकेंगे।

# डब्ल्यूपीएल: मुंबई इंडियंस का सामना आरसीबी से होगा, हरमनप्रीत-मंधाना होंगी आमने-सामने

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की शुरूआत शुक्रवार से हो रही है। टूनार्मेंट के पहले मैच में दो बार की विजेता हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस का सामना डब्ल्यूपीएल में एकमात्र अन्य खिताब जीतने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा जिसकी कमान स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना संभाल रही हैं। चौथी डब्ल्यूपीएल का आयोजन दो चरणों में नवी मुंबई और वडोदरा में किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को परखने का भी मौका मिलेगा।



**कागजों पर मुंबई मजबूत:** कागजों पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम काफी मजबूत नजर आती है। उसके पास भारतीय कप्तान हरमनप्रीत के अलावा इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मुंबई ने अपने अधिकतर खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और किसी भी टीम के लिए उसे हराना एक चुनौती होगी। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की मिली इलिंगवर्थ और भारत की भरोसेमंद अमनजोत कौर की मौजूदगी से उसकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत हो गई है। शबनिम इस्माइल मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी, जिसमें साइका इशाक भी शामिल हैं।

**आरसीबी की टीम में स्टार खिलाड़ियों की भरमार:** आरसीबी की बात करें तो उसके पास मंधाना के अलावा एलिस पेरी जैसी मंझी हुई खिलाड़ी है। इन दोनों पर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने का जिम्मा होगा। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल, ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस और दक्षिण अफ्रीका की जुझारू ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगी। आरसीबी के पास ऋचा घोष के रूप में अदद विकेटकीपर और फिनिशर है। भारत की अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्रकार और इंग्लैंड की लॉरेन बेल आरसीबी की प्रमुख तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। उसके पास इंग्लैंड की लिन्से स्मिथ, भारत की राधा यादव और श्रेयांका पाटिल जैसी अच्छी स्पिन गेंदबाज भी हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार है...

मुंबई इंडियंस: हीली मैथ्यूज, अमनजोत कौर, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, पूनम खेमनार, एमेलिया केर, नैत साइवर ब्रंट, निकोला कैरी, नाला रेड्डी, त्रिवेणी वशिष्ठ, जी कमालिनी (विकेटकीपर), राहिला फिरडोस (विकेटकीपर), मिली इलिंगवर्थ, साइका इशाक, शबनिम इस्माइल।

आरसीबी: दयालन हेमलता, स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वोल, नादिन डी क्लर्क, ग्रेस हैरिस, गौतमी नाइक, श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत, पूजा वस्त्रकार, सायली सत्घरे, ऋचा घोष (विकेटकीपर), कुमार प्रत्यूशा (विकेटकीपर), लॉरेन वेल, अरुंधति रेड्डी, लिन्से स्मिथ, राधा यादव।

## इंग्लैंड ने विदाई मैच में ऑस्ट्रेलिया के ख्वाजा को दिया सम्मान, गॉर्ड ऑफ ऑनर देकर किया स्वागत

**सिडनी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के दौरान अपना विदाई मैच खेलने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को बड़ा सम्मान दिया। इंग्लैंड टीम के इस व्यवहार की काफी प्रशंसा हो रही है और सभी लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन जैसे ही ख्वाजा बल्लेबाजी के लिए उतरे, इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया और तालियां बजाकर ख्वाजा को सम्मान दिया।

### स्टोक्स से मिलाया हाथ

स्टीव स्मिथ के आउट होने के बाद ख्वाजा मैदान पर उतरे। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह उनकी आखिरी पारी रही। ख्वाजा भी खुद को मिले इस सम्मान से अभिभूत हुए और उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स से हाथ मिलाया। ख्वाजा ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि सिडनी टेस्ट उनके करियर का आखिरी मैच होगा। हालांकि, अपने विदाई टेस्ट मैच में ख्वाजा बड़ी पारी नहीं खेल सके और छह रन बनाकर आउट हुए। आउट होने के बाद जब ख्वाजा पवेलियन की ओर बढ़ रहे थे तो उन्होंने ग्राउंड को चूमा और दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता है**
मैनेजर, अस्टिंट मैनेजर, हाउस कीपिंग, कम्प्यूटर आपरेटर, एकाउंटेंट, सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार की आवश्यकता है। होटल हेतु।
संपर्क
9893374872




**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### दो कारों की आमने-सामने टक्कर 3 युवक घायल, नशे में था ड्राइवर

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। पहले हादसे में एक कार कंट्रोल होकर बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे के समय ड्राइवर नशे की हालत में था, जिसे पुलिस ने कार की डिक्की से बाहर निकाला। वहीं, दूसरे हादसे में दो कारों की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार पहला हादसा बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात करीब 3 बजे संचार नगर के पास हुआ। यहां ढाबे पर शराब पार्टी करने के बाद घर लौट रहे अमन रघुवंशी की कार संतुलन बिगड़ने से सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर के बाद अमन कार के अंदर फंस गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डिक्की के रास्ते अमन को बाहर निकाला। वह काफी नशे में था। हालांकि उसे गंभीर चोट नहीं आई। प्राथमिक उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल भेजा गया। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को मौके से हटवाया। दूसरा हादसा कनाडिया से बंगाली चौराहे के बीच हुआ, जहां दोनों कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में पल्केश (18) पुत्र मनीष निवासी कनाडिया, राज (22) पुत्र बंटी निवासी देवास और मेहुल (38) पुत्र राजकुमार निवासी खंडवा रोड घायल हो गए। घायलों को एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। दूसरी कार में सवार युवकों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वे निजी अस्पताल चले गए थे।

### 9वीं कक्षा की छात्रा ने किया सुसाइड 2 महीने से स्कूल नहीं जा रही थी

**इंदौर।** इंदौर के पंढरीनाथ इलाके में रहने वाली 15 साल की नाबालिग लड़की ने बुधवार को अपने घर में फांसी लगा ली। माता-पिता जब घर आए तो उन्होंने अपनी बेटी को फंदे पर देखा और बाद में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस को मौके पर किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है। पंढरीनाथ पुलिस ने बताया कि जमना नगर में रहने वाली वर्षा पचोरे ने अपने घर में फांसी लगाई। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता खजराना मंदिर दर्शन करने गए थे, जबकि उसका भाई काम पर गया हुआ था। वापस आने पर उन्हें घटना की जानकारी मिली। पिता दिनेश पचोरे के अनुसार, बेटी नौवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। वह पिछले दो माह से स्कूल नहीं जा रही थी। जब उससे पूछा गया, तो वर्षा ने कहा कि अब उसका मन पढ़ाई में नहीं लगता, इसलिए वह घर पर ही रहती थी। बुधवार को वर्षा को उसकी मां ने घर के काम निपटाने के लिए कहा था, तब उसने कहा कि वह सभी काम कर देगी। वर्षा के परिवार में उसकी दो बहनों में से एक की तीन साल पहले मौत हो चुकी है, जबकि बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। वर्षा सभी भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। उनके पिता पेशे से मजदूर हैं। पुलिस के मुताबिक, मामले में प्रेम प्रसंग के एंगल से भी जांच की जा रही है।

### गंदे पानी के कहर के बीच आयुर्वेद का सहारा, घर-घर बांटी जा रही दवाएं



**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में फैले संक्रमण पर नियंत्रण पाने के लिए मध्य प्रदेश शासन के आयुष विभाग ने एक विस्तृत योजना तैयार की है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के विशेषज्ञों द्वारा यहां विशेष चिकित्सा शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से क्षेत्र के प्रभावित लोगों को आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की जा रही हैं और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम स्थानीय संजीवनी क्लिनिक के डॉक्टरों के साथ मिलकर मरीजों के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड भी रख रही है। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत पाल सिंह चौहान एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि मरीजों को चिकित्सा सहायता एवं दवाइयां प्रदान की जा रही हैं ताकि मरीज जल्दी स्वस्थ हो सकें।

### साढ़े 52 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन से हटाया तबेला और गैरेज



**इंदौर।** इंदौर जिला प्रशासन की टीम ने कलेक्टर शिवम शर्मा के निर्देश पर साढ़े 52 करोड़ रुपये कीमत की सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया। इस जमीन पर भैंसों का तबेला और गैरेज बना था। जानकारी के मुताबिक ग्राम खजराना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 296 रकबा 0.769 हेक्टेयर भूमि जो की शासकीय भूमि है। इसमें 35000 वर्गफीट के पैकी भाग पर इमरान पटेल द्वारा भैंस का तबेला बनाया गया था और शाकीर शाह द्वारा गैरेज का निर्माण किया गया था। प्रशासन की टीम ने इन पर कार्रवाई कर अतिक्रमण हटकार सरकारी जमीन को खाली करवाया।

### नर्स की लापरवाही से डेढ़ महीने के बच्चे का अंगूठा कटकर नीचे गिरा

**इंदौर।** सरकारी अस्पतालों में इलाज की उपलब्धता के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को इलाज के नाम पर गंभीर लापरवाही मिलती है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के न्यू चेस्ट वार्ड से जुड़ा एक ऐसा ही मामला सामने आया है। इंट्राकेथ बदलने के दौरान नर्स ने यहां भर्ती डेढ़ माह के बच्चे के अंगूठे पर ही कैंची चला दी। जिससे अंगूठा कटकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद बच्चे को तत्काल सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल भेजा गया जहां सर्जरी कर अंगूठा जोड़ा गया। ताज्जुब की बात यह है कि इस घटना की जानकारी यूनिट के डॉक्टरों ने अस्पताल के अधीक्षक को भी नहीं दी।

### महिला प्रोफेसर ने पति पर लगाए मारपीट-प्रताड़ना के आरोप

**इंदौर।** इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला प्रोफेसर ने अपने पति के खिलाफ मारपीट, मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि पति का एक अन्य महिला से प्रेम संबंध है और उसी के चलते वह उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया पुलिस के अनुसार निजी कॉलेज की प्रोफेसर आरती शर्मा निवासी आलोक नगर की शिकायत पर उनके पति नवदीप पुत्र अखिलेश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2016 से पति काम नहीं कर रहे थे और घर का पूरा खर्च वही उठा रही थीं। इसके बावजूद पति उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

#### बोरिंग के पानी में हैजा वाला बैक्टीरिया, पार्षद का बोर भी दूषित, अब तक 20 की मौत

# इंदौर के भागीरथपुरा में पानी के 60 में से 35 सैंपल फेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के भागीरथपुरा में बोरिंग के पानी में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया मिला है। यह हैजा, टाइफॉइड और हेपेटाइटिस-ए जैसी बीमारियों की वजह बन सकता है। यहां से लिए गए पानी के 60 में से 35 सैंपल फेल हो गए हैं। वार्ड के बीजेपी पार्षद कमल वाघेला का बोरिंग भी दूषित पाया गया है।

भागीरथपुरा में दूषित पानी से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। 9 मरीज अब भी आईसीयू में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पूरे मामले में अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों की कुल संख्या 437 है। बुधवार रात तक की स्थिति में इनमें से 381 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। यानी फिलहाल 56 मरीज भर्ती हैं।

इधर, बुधवार को भागीरथपुरा चौकी के पास बनी टंकी का वॉल खोला गया। इस दौरान सभी हैरान रह गए। दरअसल, दो दिन पहले जहां ड्रेनेज लाइन का पाइप डाला गया था, वहीं से पानी बाहर आने लगा। कुछ ही देर में ड्रेनेज लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में भी पानी भर गया। हालांकि, नर्मदा लाइन से आ रहे पानी के इस्तेमाल को लेकर पहले ही क्षेत्र में मुनादी कराई जा चुकी थी। लोगों को साफ तौर पर इस पानी का उपयोग न करने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रक्रिया आगे भी कुछ समय तक जारी रहेगी, जिससे नर्मदा लाइन से दूषित पानी पूरी तरह बाहर निकाला जा सके। दूसरी ओर, इलाके में दूषित पानी का खौफ इतना है कि यहां लोग पानी को छानकर और उबालकर पी रहे हैं। लगातार समझाइश भी दी जा रही है कि पीने का पानी उबालकर ही इस्तेमाल करें।

#### इलाके के लोग टैंकर के पानी पर निर्भर

भागीरथपुरा में इतनी मौतों के बाद लोगों ने बोरिंग का उपयोग बंद कर दिया है। रहवासी टैंकरों और आरओ के पानी पर निर्भर हैं। बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 मरीज डायरिया की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इनमें से 6 को रेफर किया है।

## इंदौर कलेक्टर-मेयर देर रात आरएसएस दफ्तर में

#### क्या मौतों और अफसरों से तालमेल मामले में तलब किए गए? कांग्रेस बोली- सलामी देने गए अफसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा और महापौर पुष्यमित्र भार्गव बुधवार देर रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पहुंचे। संघ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दोनों से भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों और प्रशासनिक तालमेल को लेकर बात की गई।

सूत्रों ने यह भी बताया कि संघ के मालवा प्रांत प्रचारक राजमोहन ने कलेक्टर और महापौर से करीब डेढ़ घंटे तक वन-टू-वन चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, मामला संभाल नहीं पाने पर महापौर को कड़ी फटकार भी लगी है।

महापौर भार्गव, रामबाग स्थित नए संघ कार्यालय 'सुदर्शन' सरकारी गाड़ी से पहुंचे थे। उन्हें छोड़ने के बाद शासकीय वाहन वापस रवाना हो गया था। बैठक खत्म होने के बाद वे अपने निजी वाहन से लौटे।

बैठक से बाहर आने के बाद महापौर भार्गव ने कहा- मैं संघ कार्यालय आता रहता हूं। आज भी सहज ही आया था।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह बात भी हुई है कि भविष्य में इस तरह की घटना न हो और प्रशासनिक तालमेल की कमी की बात भी नहीं उठे। सभी अधिकारी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बातों को सुनें और उनके साथ तालमेल बैठाते हुए काम करें। चर्चा का फोकस इस बात पर रहा कि अब इंदौर की छवि को स्वच्छ करना है। पहली प्राथमिकता है कि भागीरथपुरा में हालात ठीक हो जाएं। यहां हर जरूरतमंद तक पहुंचा जाए। बीमारों के इलाज में किसी तरह की कोताही न हो।

#### कांग्रेस बोली- प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न

- कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा- नलों से जहर बह रहा है, जनता मर रही है। प्रशासन लाचार दिख रहा है और कलेक्टर संघ कार्यालय में उपस्थित होकर राजनीतिक निष्ठा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह प्रशासनिक मर्यादा का घोर उल्लंघन है। वे संघ कार्यालय में सलामी दे रहे हैं।
- कलेक्टर का संघ कार्यालय जाना न केवल चौंकाने वाला है बल्कि प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यह प्रशासन और सत्ताधारी संगठन के खतरनाक गठजोड़ को उजागर करता है। यह साबित करता है कि भाजपा शासन में संवैधानिक पद अब स्वतंत्र नहीं, बल्कि राजनीतिक एजेंडे के उपकरण बन चुके हैं।
- इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों के मामले में बीजेपी पहले ही एक्शन मोड में आ चुकी है। इंदौर में संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने बंद कमरे में महापौर के साथ ही स्थानीय पार्षद कमल वाघेला, एमआईसी मेंबर बबलू शर्मा और संगठन के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे के साथ बैठक की थी।
- इस बैठक में हितानंद ने हिदायत दी थी कि सभी तालमेल से काम करें। बेवजह की बयानबाजी से दूर रहें। यही नहीं, मामले में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी दिल्ली का चक्कर लगा चुके हैं। हाईकमान के आदेश के बाद अब सभी नेताओं की बयानबाजी पर रोक लग चुकी है।

## सियासी आग ठंडी करने की तैयारी, इंदौर के दो पार्षदों पर गाज गिरने के आसार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा जल त्रासदी को लेकर उठे जनाक्रोश और विपक्ष के लगातार हमलों के बीच सत्ताधारी दल के भीतर बड़ा मंथन चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, मामले की आंच ठंडी करने के लिए इंदौर के दो पार्षदों को घर बैठाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि जिन दो पार्षदों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है, उनमें एक वह पार्षद शामिल हैं जो हाल ही में हाथ सेकते हुए वायरल हुए थे, जबकि दूसरे नाम से शहर की राजनीति भली-भांति परिचित है। संगठन का मानना है कि सीमित कार्रवाई कर जनता के गुस्से और राजनीतिक दबाव को कुछ हद तक शांत किया जा सकता है।

हालांकि, इन पार्षदों को बचाने की कोशिशें भी अंदरखाने तेज हो चुकी हैं। सत्ता-संगठन के कई वरिष्ठ नेता डैमेज कंट्रोल के तहत मामले को नियंत्रित रखने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसी बीच दिल्ली दरबार से भी सख्त संदेश आया है कि इस प्रकरण को लेकर नेता मीडिया में बयानबाजी से दूरी बनाए रखें। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बचाव पक्ष का पलड़ा भारी रह सकता है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस बार जनाक्रोश भारी पड़ेगा या फिर वही होगा, जो अब तक होता आया है।

#### मुआवजे की रकम बढ़ाने की मांग, मंत्री पुत्र ने सीएम को लिखा पत्र



भागीरथपुरा कांड में हुई मौतों को लेकर बढ़ते आक्रोश के बीच भाजपा डैमेज कंट्रोल मोड में नजर आ रही है। इसी कड़ी में मंत्री पुत्र एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मृतकों के परिजनों को दी जाने वाली सहायता राशि बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि इससे पहले जब जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवारों को मुआवजे के चेक देने पहुंचे थे, तब परिजनों ने नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें लेने से इनकार कर दिया था। इस घटनाक्रम के बाद सरकार पर दबाव और बढ़ गया है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि मुख्यमंत्री इस आग्रह पर कब तक निर्णय लेते हैं और क्या मुआवजे की राशि बढ़ाकर जनाक्रोश को शांत करने की कोशिश सफल हो पाएगी या नहीं।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
● कर्ज बढ़ रहा है
● बच्चा नशा करता है
● पति बीमार है
● काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय
प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com